www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...

छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक

संपर्क करें : bilaspurdeshbandhu@gmail.com

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

बिलासपुर, शनिवार, 30 नवंबर 2024 | वर्ष – 34 | अंक– 210 | पृष्ठ –12 | मूल्य – 4.00 रु





जम्मू- कश्मीर में आतंकियों के मददगारों को किया बर्खास्त — पृष्ठ 3

अभिमत
■ प्रकृति से जुड़ा है कमारों का जीवन — पृष्ठ 4

■ फिलिस्तीन के विकास में हमेशा भागीदार रहा भारत
■ ईरान व लेबनान ने की इजरायल से युद्धविराम समझौते को ... — पृष्ठ 9

फेलिक्स, पाओलिनी, नवारो एडिलेड में खचाखच भरे मैदान में उतरेंगे — पृष्ठ 10

# खड़गे ने ईवीएम व चुनाव आयोग पर उठाए सवाल

## कांग्रेस कार्य समिति की बैठक में महाराष्ट्र-हरियाणा चुनावों में पार्टी के प्रदर्शन की समीक्षा



■ दोनों राज्यों में खराब प्रदर्शन पर जताई चिंता

■ पार्टी में अंदरूनी कलह, एकजुटता की कमी

"ये नतीजे हमारे लिए एक संदेश हैं। हमें इनसे तुरंत सीख लेने और संगठनात्मक स्तर पर अपनी कमजोरियों को दूर करने की जरूरत है: **मल्लिकार्जुन खड़गे**, कांग्रेस अध्यक्ष

**नई दिल्ली**, 29 नवम्बर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र, झारखंड और हरियाणा में हुए चुनावों में पार्टी के प्रदर्शन पर विचार-विमर्श करने और आगामी दिल्ली चुनावों की तैयारियों की समीक्षा के लिए शुक्रवार को कांग्रेस कार्य समिति की बैठक हुई।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बैठक में महाराष्ट्र और हरियाणा चुनावों में हुई हार पर पार्टी के उम्मीद से कम प्रदर्शन पर चिंता जताई। उन्होंने आंतरिक मतभेद और ईवीएम पर सवाल उठाते हुए पार्टी कार्यकर्ताओं से स्थानीय मुद्दों पर फोकस करने का आह्वान किया। 2024 के लोकसभा चुनावों में कांग्रेस की वापसी की सराहना करते हुए उन्होंने स्वीकार किया कि बाद के विधानसभा चुनावों में अपेक्षित परिणाम नहीं मिले। खड़गे ने पार्टी से आत्मचिंतन करने और अपनी कमियों को दूर करने का आग्रह किया। इस बैठक में राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा, केसी वेणुगोपाल और जयराम रमेश समेत कई नेता मौजूद थे।

कांग्रेस अध्यक्ष खडगे ने कहा कि लोकसभा के बाद हुए चार राज्यों के चुनावों में इंडिया गठबंधन ने दो राज्यों में सरकार बनाई, लेकिन कांग्रेस का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। इन नतीजों पर चिंतन करते हुए खड़गे ने तत्काल सुधारात्मक कदम उठाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा, 'ये नतीजे हमारे लिए एक संदेश हैं। हमें इनसे तुरंत सीख लेने और सगठनात्मक स्तर पर अपनी कमजोरियों को दूर करने की जरूरत है।'

**एक-दूसरे के खिलाफ बयानबाजी नुकसान पहुंचाती है**– कांग्रेस अध्यक्ष ने पार्टी के अंदरूनी कलह और फूट की ओर इशारा किया, जो उनके लिए एक बड़ी बाधा साबित हुई। सबसे जरूरी बात जो मैं कहता रहता हूं, वह यह है कि एकता की कमी और एक-दूसरे के खिलाफ बयानबाजी हमें बहुत नुकसान पहुंचाती है। जब तक हम एकजुट होकर चुनाव नहीं लड़ेंगे और एक-दूसरे के खिलाफ बयानबाजी बंद नहीं करेंगे, तब तक हम अपने विरोधियों को राजनीतिक रूप से कैसे हरा पाएंगे?'

उन्होंने आगे कहा, 'इसलिए यह जरूरी है कि हम अनुशासन का सख्ती से पालन करें। हमें हर परिस्थिति में एकजुट रहना होगा। पार्टी के पास अनुशासन का हथियार भी है। लेकिन हम अपने साथियों को किसी बंधन में नहीं डालना चाहते। इसलिए सभी को यह सोचने की जरूरत है कि कांग्रेस पार्टी की जीत हमारी जीत है और हार हमारी हार है। हमारी ताकत पार्टी की ताकत में है।'

**स्थानीय मुद्दों पर फोकस करने का आग्रह किया** –खरगे ने कांग्रेस को अपनी चुनावी रणनीतियों में बदलाव करने की जरूरत पर भी जोर दिया। उन्होंने केवल राष्ट्रीय नेताओं और मुद्दों पर निर्भर रहने से हटकर स्थानीय मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करने की बात कही। उन्होंने पूछा, 'कब तक आप राष्ट्रीय मुद्दों और राष्ट्रीय नेताओं के आधार पर राज्य के चुनाव लड़ेंगे?' उन्होंने पार्टी से स्थानीय मुद्दों पर फोकस करने और हर राज्य के अनुरूप विस्तृत रणनीति तैयार करने का आग्रह किया। उन्होंने जोर देकर कहा कि चुनाव की तैयारी कम से कम एक साल पहले शुरू हो जानी चाहिए, जिसमें वोटर लिस्ट मैनेजमेंट पर खास ध्यान दिया जाना चाहिए ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि पार्टी के समर्थकों का प्रतिनिधित्व हो।

**ईवीएम ने चुनावी प्रक्रिया को संदिग्ध बना दिया**–इसके बाद खड़गे ने चुनावी प्रक्रिया की विश्वसनीयता पर संदेह जताते हुए ईवीएम और चुनाव आयोग की भूमिका की आलोचना की। उन्होंने कहा, 'मेरा मानना है कि ईवीएम ने चुनावी प्रक्रिया को संदिग्ध बना दिया है। चुनाव आयोग एक संवैधानिक संस्था है, इसलिए इसके बारे में जितना कम कहा जाए, उतना ही अच्छा है। लेकिन देश में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करना उनका संवैधानिक दायित्व है।'

# हाईकोर्ट के आदेश पर बलौदाबाजार जनपद पंचायत व देवरी पंचायत की संपत्ति की कुर्की



■ देवरी पंचायत में निर्माण कार्य के दौरान एक मजदूर की हुई थी मृत्यु

■ 11 लाख मुआवजे की भरपाई के लिए की गई कुर्की

**बलौदाबाजार**, 29 नवम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के आदेश पर बलौदाबाजार जिले में पहली बार जनपद पंचायत और ग्राम पंचायत की संपत्तियों की कुर्की की कार्यवाही शुरू की गई है। यह कार्रवाई 2016 में ग्राम पंचायत देवरी में एक निर्माण कार्य के दौरान एक मजदूर की मौत हुई थी। मृतक मजदूर के परिवार को न्याय दिलाने के लिए उच्च न्यायालय ने जनपद पंचायत और ग्राम पंचायत की संपत्ति कुर्क करने का आदेश दिया था। जिसके तहत उक्त कार्यवाही 29 नवम्बर को सुबह 11 बजे से हुई।

घटना का विवरण–2016 में ग्राम पंचायत देवरी के स्कूल में शौचालय का निर्माण कार्य चल रहा था। इस दौरान एक मजदूर, ललित साहू (उम्र 26 वर्ष), 11 केवी विद्युत लाइन की चपेट में आ गया था और उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। ललित साहू की पत्नी, दुर्गा बाई साहू ने अपनी याचिका छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय में दायर की थी, जिसमें उसने न्याय की मांग की थी। न्यायालय ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जनपद पंचायत बलौदाबाजार और ग्राम पंचायत देवरी की संपत्ति कुर्क करने का आदेश दिया था, ताकि मृतक के परिवार को 11,02,286 रुपये का मुआवजा प्रदान किया जा सके।

उच्च न्यायालय का आदेश– उच्च न्यायालय ने मृतक के परिवार को सहायता राशि देने के लिए जनपद पंचायत और ग्राम पंचायत देवरी की संपत्तियों को कुर्क करने का आदेश दिया था। यदि धनराशि नहीं मिल पाती तो संपत्तियों की नीलामी के माध्यम से यह राशि जुटाई जानी थी। न्यायालय ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

## सार संक्षेप

### गोंदिया में बस दुर्घटना में 9 की मौत, कई गंभीर

**गोंदिया।** महाराष्ट्र के गोंदिया जिले में शुक्रवार को दोपहर में एक भीषण सड़क हादसे में बस दुर्घटनाग्रस्त होकर पलट गई। यह हादसा गोंदिया-कोहमारा राज्य महामार्ग पर ग्राम खजरी के पास हुआ। इस हादसे में 9 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है और मृतकों की संख्या में बढ़ोतरी की आशंका जताई जा रही है। हादसे में कई यात्री गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार, भंडारा से साकोली लखानी होते हुए गोंदिया की ओर जा रही शिवशाही बस के आगे अचानक एक बाइक आ गई। बाइक चालक को बचाने की कोशिश करते हुए बस के ड्राइवर ने तेजी से कट मारा, जिसके चलते बस असंतुलित होकर पलट गई। हादसे के समय बस में 35 से अधिक यात्री सवार थे।

### 'अडानी व उनकी कंपनियों के खिलाफ कार्यवाही से कोई लेना-देना नहीं'

**नई दिल्ली।** सरकार ने शुक्रवार को कहा कि अमेरिका में प्रख्यात उद्योगपति गौतम अडानी और उनकी कंपनियों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही से सरकार का कोई लेना-देना नहीं है तथा इस बारे में अमेरिकी प्रशासन ने भारत सरकार को पहले कोई सूचना नहीं दी थी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने यहां नियमित ब्रीफिंग के दौरान अडानी पर पूछे गए एक सवाल के जवाब में कहा, यह निजी फर्मों और व्यक्तियों तथा अमेरिकी न्याय विभाग से जुड़ा एक कानूनी मामला है। ऐसे मामलों में स्थापित प्रक्रियाएं और कानूनी रास्ते हैं, जिसे लेकर हमारा मानना है कि उनका पालन किया जाएगा।

### निर्माता राज कुंद्रा के ठिकानों पर ईडी ने की छापेमारी


**मुंबई।** बॉलीवुड प्रोड्यूसर राज कुंद्रा के कई ठिकानों पर शुक्रवार सुबह प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रेड डाली। मामला पोर्नोग्राफी से जुड़ा बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार, ईडी के अधिकारियों ने सुबह 6 बजे से सांताक्रूज स्थित शिल्पा शेट्टी के घर पर भी जांच शुरू कर दी है। शिल्पा शेट्टी कुंद्रा के पति और एक प्रसिद्ध बॉलीवुड अभिनेत्री हैं। ईडी की इस छापेमारी का संबंध राज कुंद्रा और उनके सहयोगियों द्वारा संचालित कथित पोर्नोग्राफी नेटवर्क और चैनलों से है।

### संभल हिंसा की न्यायिक जांच के आदेश

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने संभल में पिछले दिनों हुई हिंसा की न्यायिक जांच के आदेश दिए हैं। हाई कोर्ट के रिटायर्ड जज देवेंद्र कुमार अरोड़ा की अध्यक्षता में तीन सदस्यी समिति को मामले की जांच का जिम्मा सौंपा गया है।

महादेव ऐप मामला

# जांच के दौरान 19 स्थानों पर 200 एकड़ जमीन अटैच




**रायपुर**, 29 नवंबर (देशबन्धु)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने छत्तीसगढ़ में महादेव ऑनलाइन सट्टा एप मामले के आरोपियों की करीब 500 करोड़ रुपए की अचल संपत्ति अटैच कर उनकी पहचान भी कर ली है। ईडी ने राज्य शासन के राजस्व विभाग से इन अचल संपत्तियों की जानकारी मांगी थी। ईडी द्वारा पटवारी व तहसीलदार के माध्यम से अभनपुर व रायपुर तहसील के अंतर्गत इन अचल संपत्तियों के खसरों को चिन्हित कर कब्जे में लिया गया है और उनकी खरीदी-बिक्री पर रोक लगा दी गई है।

बताया गया है कि ईडी द्वारा रायपुर व अभनपुर तहसील के अंतर्गत 19 स्थानों पर लगभग दो सौ एकड़ जमीन अटैच की गई है। अभनपुर तहसील के अंतर्गत ग्राम कोलर, खोरपा, सलोनी, छछानपैरी तथा रायपुर तहसील के अंतर्गत ग्राम मुजगहन, टेमरी, छेरीखेड़ी, शंकरनगर तथा बोरियाखुर्द में अटैच की गई जमीनें स्थित हैं। गौरतलब है कि ईडी द्वारा महादेव सट्टा एप मामले में मनी लांड्रिंग एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच की जा रही है। इस मामले में कई आरोपियों को गिरफ्तार भी किया जा चुका है और उनकी अचल संपत्तियां अटैच की गई हैं। आरोप है कि ऑनलाइन बैटिंग एप के संचालन से प्रमोटर्स व ऑनलाइन बैटिंग एप से जुड़े पैनल ऑपरेटर्स चेकर्स व उनके साथियों द्वारा वर्ष 2020 में लॉकडाउन के बाद से ऑनलाइन सट्टा खिलाकर लगभग 500 करोड़ रुपए मासिक की अवैध आय अर्जित की जाती रही है।

**प्रोटेक्शन मनी के रूप में मोटी रकम मिलती रही**

यह भी आरोप है कि महादेव बुक एप के प्रमोटर्स द्वारा ऑनलाइन बैटिंग एप के इस आपराधिक कृत्य के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई को रोकने के लिए विभिन्न पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों तथा प्रभावशील राजनीतिक व्यक्तियों का संरक्षण प्राप्त किया गया। इसके एवज में उन्हें नियमित तौर पर प्रोटेक्शन मनी के रूप में भारी राशि दी गई। पुलिस व प्रशासनिक ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

# गृह मंत्री अमित शाह 7 को आएंगे रायपुर



**रायपुर**, 29 नवंबर (देशबन्धु)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 7 दिसंबर को छत्तीसगढ़ का दौरा करेंगे। उनके साथ केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया भी रायपुर आएंगे। जानकारी के अनुसार, गृह मंत्री अमित शाह बस्तर ओलंपिक के कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके अलावा रायपुर में छत्तीसगढ़ पुलिस के कार्यक्रम में शामिल होंगे, जिसमें वे प्रेसिडेंट पुलिस कलर प्रदान करेंगे। कार्यक्रम को लेकर शासन-प्रशासन और पुलिस महकमे की तैयारी शुरू हो गई है।

# हार से गुस्साए विपक्षी देश के खिलाफ कर रहे साजिश : मोदी



**भुवनेश्वर**, 29 नवम्बर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को ओडिशा के भुवनेश्वर में भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आंदोलन हमेशा से होते रहे हैं। लेकिन पिछले कुछ समय में आप सभी ने एक बहुत बड़ा बदलाव देखा होगा। संविधान की भावना को कुचला जा रहा है। लोकतंत्र की गरिमा को नकारा जा रहा है। सत्ता को अपना जन्मसिद्ध अधिकार मानने वाले लोग पिछले एक दशक से केंद्र की सत्ता खो चुके हैं। वे लोगों से इस बात के लिए भी नाराज हैं कि उनके अलावा किसी और को आशीर्वाद दिया जा रहा है। वे इतने गुस्से में हैं कि वे देश के खिलाफ साजिश कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने देश को गलत दिशा में ले जाने के लिए लोगों को गुमराह करना शुरू कर दिया है। झूठ और अफवाहों की उनकी दुकान पिछले 75 सालों से चल रही है। उन्होंने अब अपने मिशन को और तेज कर दिया है। उनकी गतिविधियां अपने देश से प्यार करने वाले लोगों के लिए बहुत बड़ी चुनौती बन रही है। उन्होंने कहा कि मैं सभी को बताना चाहता हूं कि हमें सतर्क रहना है और लोगों को जागरूक करते रहना है। हमें हर झूठ को उजागर करना है। सत्ता के भूखे इन लोगों ने जनता से सिर्फ झूठ बोला है।

# सड़कों पर ब्लैक स्पॉट के सुधार कार्य में तेजी लाएं

## निर्माणाधीन ट्रामा स्टेब्लाईजेशन यूनिट्स का कार्य जल्द पूर्ण करें

**रायपुर**, 29 नवंबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज अपने निवास कार्यालय में आयोजित छत्तीसगढ़ राज्य सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक में प्रदेश के सड़क सुरक्षा परिदृश्य, सड़क दुर्घटना के नियंत्रण के उपायों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने बैठक में कहा कि सड़क दुर्घटनाओं के नियंत्रण के लिए दुपहिया वाहन चालकों के लिए हेलमेट और चार पहिया वाहन चालकों के लिए सीट बेल्ट के उपयोग तथा वाहन चलाते समय सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। इसके लिए जनजागरूकता अभियान को प्रभावी ढंग से चलाया जाए।

मुख्यमंत्री साय ने सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सड़कों पर ब्लैक स्पॉट के सुधार कार्य में तेजी लाने, जिला सड़क सुरक्षा समिति की नियमित बैठकें आयोजित करने, सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों के इलाज के लिए निर्माणाधीन ट्रामा स्टेब्लाईजेशन यूनिट्स का कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने बैठक में परिवहन विभाग द्वारा तैयार कराया गया "बस संगवारी एप" लांच किया और परिवहन विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा पर प्रकाशित पोस्टर का विमोचन किया। बैठक में जानकारी दी गई कि स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा राज्य के स्कूलों में कक्षा पहली से लेकर दसवीं तक के राज्य शैक्षणिक अनुसंधान परिषद की पाठ्यपुस्तकों में सड़क यातायात नियमों से संबंधित अध्याय पाठ्यक्रम में शामिल किया गया है। बैठक में बताया गया कि यातायात व्यवस्था का इलेक्ट्रॉनिक सर्विलेंस रायपुर, बिलासपुर और नवा रायपुर में किया जा रहा है। भिलाई और दुर्ग में यह व्यवस्था आंशिक रूप से संचालित है। सितंबर 2023 से अक्टूबर 2024 तक 101 ब्लैक स्पॉट ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤



■ मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ राज्य सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक में दिए निर्देश

# सुप्रीम कोर्ट ने संभल मस्जिद सर्वेक्षण पर रोक लगाई

**नई दिल्ली**, 29 नवम्बर (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने यूपी के संभल की ट्रायल कोर्ट को कहा है कि वह मुगलकालीन मस्जिद के सर्वेक्षण से संबंधित मामले में कोई आदेश पारित न करें और उत्तर प्रदेश सरकार को हिंसा-प्रभावित क्षेत्र में शांति और सौहार्द बनाए रखने का निर्देश दिया है। सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव खन्ना की अगुवाई वाली बेंच ने कहा है कि इलाहाबाद हाई कोर्ट मुस्लिम पक्ष की याचिका दायर होने के तीन दिनों के भीतर सुनवाई करें। हमें उम्मीद और भरोसा है कि निचली अदालत इस मामले में तब तक आगे की कार्रवाई के लिए न बढ़ें जब तक कि हाई कोर्ट मामले में सुनवाई कर आदेश पारित नहीं लेता। सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार को संभल में शांति और सद्भाव बनाए रखने तथा दोनों समुदायों के सदस्यों को शामिल कर एक शांति समिति गठित करने का निर्देश दिया है। निचली अदालत से कहा कि किसी भी सीलबंद रिपोर्ट को तब तक न खोले जब तक कि हाई कोर्ट मामले की सुनवाई न कर ले और याचिका पर आदेश पारित न कर दे।

# सुप्रीम कोर्ट से अनवर ढेबर को झटका

## हाई कोर्ट से मिली जमानत को किया रद्द



**रायपुर**, 29 नवंबर (देशबन्धु)। प्रदेश के बहुचर्चित शराब घोटाला में आरोपी अनवर ढेबर की अंतरिम जमानत सुप्रीम कोर्ट ने रद्द कर दी है। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें हाई कोर्ट में जाकर फिर से जमानत अर्जी दाखिल करने को कहा है।

जानकारी के अनुसार, जिस मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर अनवर ढेबर को हाई कोर्ट ने जमानत दी थी, उसे सुप्रीम कोर्ट में छत्तीसगढ़ पुलिस ने चेलेंज किया था, जिसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने जमानत को रद्द करते हुए वापस हाई कोर्ट में भेज दिया है। दरअसल, अनवर ढेबर को हाई कोर्ट ने जुलाई में किडनी और गॉलब्लैडर स्टोन की मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर अंतरिम जमानत दी थी। ढेबर के वकील ने मेडिकल ग्राउंड पर इलाज के लिए जस्टिस अरविन्द वर्मा की पीठ के सामने जमानत देने का आग्रह किया था।

इस मेडिकल रिपोर्ट को बनाने वाले डीकेएस सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के गेस्ट्रो सर्जन को छत्तीसगढ़ सरकार ने बर्खास्त करने के साथ उसके खिलाफ एफआईआर भी दर्ज करा दी थी। शराब ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

# महायुति की बैठक हुई रद्द

**नई दिल्ली**, 29 नवम्बर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र में अगला मुख्यमंत्री कौन होगा, इस पर अभी भी संशय बरकरार है। क्योंकि, अभी तक न ही भाजपा विधायक दल की बैठक हुई और न ही महायुति की बैठक हुई है। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव का परिणाम 23 नवंबर को घोषित किया गया था और विधानसभा का कार्यकाल 26 नवंबर को समाप्त हो चुका है। लेकिन, अभी तक महायुति से महाराष्ट्र का अगला मुख्यमंत्री कौन होगा, इसको लेकर तस्वीर साफ नहीं हो पाई है। हालांकि, हाल ही में कार्यवाहक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा था कि उन्हें भाजपा का मुख्यमंत्री भी मंजूर है। महायुति और भाजपा का शीर्ष नेतृत्व जो फैसला लेगा, हम समर्थन करेंगे। एकनाथ शिंदे के इस बयान के बाद कयास लगाए जाने लगे कि देवेंद्र फडणवीस ही महाराष्ट्र के अगले मुख्यमंत्री होंगे। ऐसे में एकनाथ शिंदे की भूमिका को लेकर भी सवाल खड़ा होगा। क्या वह महाराष्ट्र में डिप्टी सीएम बनकर काम करने के लिए तैयार होंगे, या फिर मंत्रिमंडल में शामिल होंगे?

# अडानी, संभल व मणिपुर पर संसद में हंगामा

■ लोकसभा-राज्यसभा की कार्यवाही सोमवार तक स्थगित

■ विपक्षी दलों ने दोनों सदनों में जोरदार हंगामा किया

**नईदिल्ली**, 29 नवम्बर (एजेंसियां)। संसद के शीतकालीन सत्र के चौथे दिन लोकसभा और राज्यसभा में विपक्षी दलों का जोरदार हंगामा देखने को मिला। विपक्षी सदस्यों ने अडानी रिश्वतखोरी मामला और संभल हिंसा समेत अन्य मुद्दों पर अपना विरोध जारी रखा। हंगामा बढ़ते देख लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही सोमवार तक के लिए स्थगित कर दी गई। विपक्ष इन मुद्दों पर चर्चा की मांग पर अड़ा रहा। सुबह के सत्र में सूचीबद्ध पत्रों को रखे जाने के तुरंत बाद, राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा कि उन्हें सदन के नियम 267 के तहत कार्यसूची को स्थगित करने के लिए 17 नोटिस मिले हैं। विपक्षी सांसदों ने अडानी समूह के खिलाफ भ्रष्टाचार और गड़बड़ी के आरोपों, उत्तर प्रदेश के संभल में सांप्रदायिक हिंसा और मणिपुर में जातीय संघर्ष पर चर्चा के लिए नोटिस दिए थे। सभापति ने कहा कि वह सभी नोटिसों को अस्वीकार कर रहे हैं। इससे कई विपक्षी सांसदों ने विरोध किया और नारेबाजी शुरू कर दी।

धनखड़ ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा, मैं आपसे (सांसदों से) गहन चिंतन का आह्वान करता हूं। नियम 267 का इस्तेमाल व्यवधान के हथियार के रूप में किया जा रहा है। कांग्रेस सहित विपक्षी सांसदों ने इस टिप्पणी का विरोध किया। इस बीच, लोकसभा की कार्यवाही शुरू में दोपहर तक और बाद में पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी गई। विपक्षी सदस्यों ने अडानी विवाद और उत्तर प्रदेश के संभल में हाल की हिंसा को लेकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। जैसे ही सदन की बैठक शुरू हुई, कांग्रेस सहित विपक्षी दलों के सदस्यों ने कई मुद्दे उठाने की कोशिश की। कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के कुछ सदस्य सदन के वेल में भी थे और नारे लगा रहे थे। स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि सदन को चलने देना चाहिए और प्रश्नकाल सदस्यों का समय होता है। उन्होंने कहा कि लोग चाहते हैं कि सदन चले और चर्चा हो।

आर्थिक वृद्धि दर

## विकास दर दूसरी तिमाही में 5.4 फीसदी पर फिसली

# उम्मीद से भी नीचे लुढ़की भारतीय अर्थव्यवस्था

**नई दिल्ली, 29 नवम्बर (एजेंसियां)। भारत की आर्थिक वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में घटकर लगभग दो साल के निचले स्तर 5.4 प्रतिशत पर आ गई, जबकि एक साल पहले इसी तिमाही में यह 8.1 प्रतिशत थी। सरकार की ओर से शुक्रवार को इसके आधिकारिक आंकड़े जारी किए गए।**

*हालांकि, भारत सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रहा। इस वर्ष जुलाई-सितंबर तिमाही में चीन की जीडीपी वृद्धि 4.6 प्रतिशत रही। जीडीपी वृद्धि का पिछला निम्न स्तर 4.3 प्रतिशत वित्तीय वर्ष 2022-23 की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर 2022) में दर्ज किया गया था। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के आंकड़ों के अनुसार, कृषि क्षेत्र का जीवीए (सकल मूल्य वर्धन) 2023-24 की जुलाई-सितंबर तिमाही में बढ़कर 3.5 प्रतिशत हो गया, जो एक साल पहले 1.7 प्रतिशत था। विनिर्माण क्षेत्र की जीवीए वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में घटकर 2.2 प्रतिशत रह गई, जबकि एक वर्ष पूर्व इसमें 14.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई थी। 2024-25 में अप्रैल-सितंबर अवधि के दौरान देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में वृद्धि पिछले वित्त वर्ष की पहली छमाही में 8.2 प्रतिशत की तुलना में 6 प्रतिशत रही। चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर 6.7 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रही थी। सरकारी आंकड़ों के अनुसार प्रमुख बुनियादी ढांचा क्षेत्रों की वृद्धि अक्टूबर 2024 में घटकर 3.1 प्रतिशत रह गई, जो एक साल पहले इसी महीने में 12.7 प्रतिशत थी। वित्तीय, रियल एस्टेट और व्यावसायिक सेवाओं में जीवीए की वृद्धि 6.7 प्रतिशत रही, जो एक वर्ष पूर्व इसी तिमाही में 6.2 प्रतिशत थी। बिजली, गैस, जलापूर्ति और अन्य उपयोगिता सेवाओं की वृद्धि दर 3.3 प्रतिशत रही, जो एक वर्ष पूर्व की 10.5 प्रतिशत की वृद्धि दर से कम है। निर्माण क्षेत्र में दूसरी तिमाही में 7.7 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जो पिछले वर्ष की समान तिमाही की 13.6 प्रतिशत से कम है। 2024-25 की अप्रैल-जून तिमाही के दौरान सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 6.7 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रही। एनएसओ ने एक बयान में कहा, 2024-25 की दूसरी तिमाही में वास्तविक जीडीपी या स्थिर मूल्यों पर जीडीपी 44.10 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान है,*

### विदेशी मुद्रा भंडार में भी गिरावट

*आरबीआई के अनुसार, 22 नवंबर को समाप्त सप्ताह में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 1.31 अरब डॉलर घटकर 656.582 अरब डॉलर रह गया।*

# पढ़ाई एक तपस्या है, साधना है, लक्ष्य ठान लेने से सफलता की राह में कोई बाधा नहीं आती - कलेक्टर

## कलेक्टर ने शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सकोला संकुल सहित नवागांव एवं पेण्ड्रा संकुल के 18 स्कूलों के 75 विद्यार्थियों से किया संवाद

### जिले का उत्कृष्ट परिणाम लाने कलेक्टर लीना कमलेश मंडावी की अभिनव पहल, लगातार तीसरे दिन किया छात्रों से संवाद



**गौरेला पेंड्रा मरवाही** 29 नवम्बर (देशबन्धु)। जिले में बोर्ड परीक्षाओं का बेहतर परिणाम लाने कक्षा 10वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों से प्रत्यक्ष संवाद कार्यक्रम के तीसरे दिन कलेक्टर श्रीमती लीना कमलेश मंडावी ने पेण्ड्रा विकासखण्ड के शिक्षा संकुल सकोला सहित नवागांव एवं पेण्ड्रा के 18 स्कूलों के 75 विद्यार्थियों से संवाद कर उनका मनोबल बढ़ाया। उन्होंने कहा कि पढ़ाई एक तपस्या है, साधना है, लक्ष्य ठान लेने से सफलता की राह में कोई बाधा नहीं आती है। विद्यार्थी जीवन, जीवन का महत्वपूर्ण पड़ाव होता है। कोई भी लक्ष्य ऐसा नहीं होता, जिसे ठान लिया जाए तो उसे प्राप्त नहीं कर सकते। असफलता से कभी हार नहीं मानना चाहिए, बल्कि दोगुने उत्साह से फिर से प्रयास करना चाहिए। कलेक्टर ने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि विद्यार्थी जीवन अनुशासित होना चाहिए, समय का प्रबंधन आना चाहिए, टाइम टेबल बनाकर उसका अनुसरण करें, प्रयास में कमी नहीं होनी चाहिए, लक्ष्य प्राप्ति के लिए आत्मविश्वास होना चाहिए। रट के पढ़ने से जल्दि भूल जाएंगे इसलिए समझ कर पढ़ें। समझ कर पढ़ने से घूमा-फिराकर सवाल पूछने पर भी उत्तर दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि रूचि के साथ पढ़ाई करने से कोई भी विषय कठिन नहीं लगता। शिक्षकों से सवाल पूछें, सभी विषयों की नियमित पढ़ाई करें, लिखने की अभ्यास डालें। अच्छे परीक्षा परिणाम के लिए लगन और मेहनत की जरूरत है, लक्ष्य कैसे प्राप्त कर सकते हैं, यह आपके मेहनत पर निर्भर करता है। उन्होंने कहा कि हिटलर की डिक्शनरी में असंभव शब्द नहीं था। कोई भी कार्य ठान लेने से सफलता प्राप्त करने में कोई रोक नहीं सकता। कलेक्टर ने प्रत्येक बच्चों से उनका नाम, कक्षा, शाला का नाम और भविष्य में क्या बनना चाहते हैं की जानकारी ली। बच्चों द्वारा आईएएस, आईपीएस, डॉक्टर, शिक्षक, वकील, आर्मी, चार्टर एकाउन्टेन्ट आदि बनने की इच्छा जताने पर कलेक्टर ने उन्हें संबंधित विषय में रूचि लेकर पढ़ाई करने के साथ ही सामान्य ज्ञान का दायरा बढ़ाने, जिला, प्रदेश, राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय घटनाओं की जानकारी से अपडेट रहने और मोबाइल, यू-ट्यूब, गूगल आदि नई तकनीक का उपयोग ज्ञानार्जन के लिए करने कहा। उन्होंने कहा कि मेहनत, लगन और समर्पण से कोई भी लक्ष्य प्राप्त कर सकते हैं।

### सकोला में जिमनास्टिक में नेशनल जाने वाली छात्राओं ने की कलेक्टर से मुलाकात

कलेक्टर लीना कमलेश मंडावी के सकोला संकुल में प्रवास के दौरान संवाद कार्यक्रम के बाद शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सकोला से नेशनल जिमनास्टिक के लिए चयनित नो आदिवासी छात्राओं ने कलेक्टर से मुलाकात कर उन्हें अपनी उपलब्धि के बारे में बताया। यह यह सभी आदिवासी छात्राएं अगले दिसंबर माह की 9 तारीख को नेशनल जिमनास्टिक में भाग लेने के लिए कोलकाता रवाना होगी। जिमनास्टिक की छात्राओं ने कलेक्टर से मिलकर जिमनास्टिक के उपकरणों की मांग की। छात्राओं की मांग को कलेक्टर ने यथा संभव पूरा करने का आश्वासन दिया है।

कलेक्टर ने नवागांव संकुल के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालक नवागांव, हाई स्कूल कन्या नवागांव, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आमाडांड़, हाई स्कूल अमारू, हाई स्कूल देवरीखुर्द, हाई स्कूल सरखोर एवं हाई स्कूल मुरमुर के दसवीं कक्षा के 21 एवं बारहवीं कक्षा के 6 विद्यार्थियों से रूबरू हुई। सकोला सुंकुल के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कन्या सकोला, हाई स्कूल भाड़ी, सेजेस कोटमीकला, हाई स्कूल रूमगा, हाई स्कूल कुड़कई के दसवीं कक्षा के 15 एवं बारहवीं कक्षा के 6 विद्यार्थियों से रूबरू हुई।

इसी तरह पेण्ड्रा संकुल के शासकीय बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पेण्ड्रा, पीएमश्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पेण्ड्रा, सेजेस अंग्रेजी माध्यम पेण्ड्रा, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरकारी पारा पेण्ड्रा, हाई स्कूल बचरवार एवं हाई स्कूल कुदरी के दसवीं कक्षा के 18 एवं बारहवीं कक्षा के 9 विद्यार्थियों से प्रत्यक्ष संवाद किया। प्रत्यक्ष संवाद कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी जे के शास्त्री ने भी लक्ष्य निर्धारण एवं लक्ष्य की प्राप्ति के लिए किए गए संघर्षों और प्राप्त कामयाबी पर आधारित अनेक कहानी सुनाकर विद्यार्थियों को प्रेरित किया। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी जगदीश प्रसाद शास्त्री खण्ड शिक्षा अधिकारी पेण्ड्रा आर एन चन्द्रा भी उपस्थित थे।

## नक्सल प्रभावित ग्राम में जीपीएम पुलिस ने दबिश देकर गांजा सप्लायर को किया गिरफ्तार



### 5.5 क्विंटल गांजा किया जब्त, 6 कार और 2 मोटर साइकिल भी बरामद

**गौरेला पेंड्रा मरवाही** 29 नवम्बर (देशबन्धु)। शासन की मंशानुरूप बिलासपुर रेंज आईजीपी डॉ संजीव शुक्ला के मार्गदर्शन में जीपीएम एसपी श्रीमती भावना गुप्ता की मॉनिटरिंग में पूर्व में पकड़ाए एनडीपीएस प्रकरणों के गिरफ्तार आरोपियों से मिली जानकारी के आधार पर साइबर सेल जीपीएम और थाना गौरेला की संयुक्त टीम को खोंगसरा पीपरखुंटी के रास्ते पर दो अलग अलग वाहनों में कुल 1.05 क्विंटल गांजा बरामद हुआ था।

जहां 03 आरोपी क्रमशः बनवारी लाल गुप्ता उर्फ पिंटू, रोहित गुप्ता और अंकुर जैतवार मौके पर से गिरफ्तार हुए थे तो वहीं 01 अन्य फरार आरोपी गोपाल पनिका को साइबर सेल द्वारा मध्यप्रदेश से गिरफ्तार किया गया था । पूछताछ और टेक्निकल इन्वेस्टिगेशन करते हुए जीपीएम पुलिस को गांजा परिवहन के बैकवर्ड लिंक सप्लायर बौध जिला निवासी अजीत राणा का पता चला जो सक्रिय रूप से सोनपुर ओडिशा के इलाके में गांजा बेच रहा था। एसपी श्रीमती भावना गुप्ता के प्रयास से स्थानीय पुलिस की मदद से (जिला बौध ओडिशा निवासी युवक अजीत राणा) को जीपीएम साइबर सेल और थाना गौरेला की संयुक्त टीम ने दबिश देकर ग्राम सिलेतपाड़ा जिला बौध से गिरफ्तार किया है। प्रकरण में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ओम चंदेल के मार्गदर्शन में फाइनेंशियल इन्वेस्टिगेशन और आरोपियों के संपत्तियों का चिन्हांकन भी किया जा रहा है।

अवैध गांजा तस्करों के बैकवर्ड लिंक को ट्रेस करने में डीएसपी साइबर दीपक मिश्रा, उप निरीक्षक सुरेश ध्रुव और सहायक उप निरीक्षक मनोज हनोतिया तथा ओडिशा राज्य जाकर गिरफ्तारी कार्यवाही में थाना गौरेला के एएसआई विष्णु प्रसाद साहू, एएसआई मनोज हनोतिया, प्रधान आरक्षक रामकृष्ण मिश्रा और साइबर सेल आरक्षक हर्ष गहरवार की उल्लेखनीय भूमिका रही ।

पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के द्वारा उक्त गिरफ्तारी हेतु गई टीम को नगद पुरस्कार से पुरस्कृत करने की घोषणा की है।

**प्रथम पृष्ठ का शेष**

**हाईकोर्ट के आदेश पर ...**

के आदेश के बाद आज तहसीलदार बलौदाबाजार ने इस कार्रवाई की शुरुआत की।

कुर्की की कार्यवाही-तहसीलदार बलौदाबाजार द्वारा आज जनपद पंचायत बलौदाबाजार और ग्राम पंचायत देवरी की संपत्तियों की कुर्की की प्रक्रिया शुरू की गई। पहले चल संपत्तियों को कुर्क किया गया, जिनमें जनपद पंचायत के अधिकारी कार्यालय में उपयोग होने वाली कुर्सी, टेबल और अन्य सामग्री शामिल हैं। इसके बाद अचल संपत्तियों की कुर्की की प्रक्रिया भी की जाएगी। इस संपत्ति की नीलामी से जो राशि प्राप्त होगी, उसे उच्च न्यायालय के आदेशानुसार मृतक के परिवार को प्रदान किया जाएगा।

जनपद पंचायत का बयान-जनपद पंचायत के अधिकारी इस मामले पर अपना पक्ष रखते हुए कहते हैं कि उन्हें इस कार्यवाही के बारे में पहले कोई जानकारी नहीं थी। उनका कहना था कि देवरी पंचायत को शौचालय निर्माण के लिए एजेंसी के रूप में नियुक्त किया गया था और यह हादसा उसी दौरान हुआ था। इसके बाद मृतक के परिवार द्वारा याचिका दायर की गई थी, जिसके आधार पर उच्च न्यायालय ने संपत्ति कुर्क करने का आदेश दिया।

राजस्व विभाग की प्रतिक्रिया-नायब तहसीलदार श्री नेताम ने बताया कि उच्च न्यायालय के आदेश पर आज कुर्की की कार्यवाही शुरू की गई है। सबसे पहले चल संपत्ति की कुर्की की गई है, इसके बाद अचल संपत्तियों की कुर्की की प्रक्रिया की जाएगी। इस कार्यवाही के बाद प्राप्त राशि को न्यायालय के आदेश के अनुसार मृतक के परिवार को प्रदान किया जाएगा। फ्लिहाल यह कार्यवाही जारी है और विभाग द्वारा पूरी प्रक्रिया को गंभीरता से अंजाम दिया जा रहा है।

जनपद पंचायत में हड़कंप-उच्च न्यायालय के आदेश के बाद अचानक शुरू हुई कुर्की की कार्यवाही से जनपद पंचायत बलौदाबाजार में हड़कंप मच गया है। जनपद पंचायत के अधिकारी और कर्मचारी इस कार्यवाही से सकते में हैं, क्योंकि यह जिले में इस तरह की पहली घटना है। यह मामला एक गहरे सामाजिक मुद्दे को उजागर करता है, जहां निर्माण कार्य के दौरान सुरक्षा मानकों का उल्लंघन हुआ और इसके परिणामस्वरूप एक व्यक्ति की जान चली गई। न्यायालय ने उच्चतम न्याय प्रदान करते हुए मृतक के परिवार को मुआवजा देने के लिए कुर्की की कार्रवाई की अनुमति दी। इस फैसले से यह संदेश जाता है कि न्याय का कोई भी पक्ष नहीं छोड़ना चाहिए, और पीड़ितों को उनका हक समय पर मिलना चाहिए।

**जांच के दौरान ...**

अधिकारियों को अवैध प्रोटेक्शन मनी वितरण के लिए पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों का भी उपयोग किया गया। विभिन्न पुलिस, प्रशासनिक अधिकारी व प्रभावशाली राजनीतिक व्यक्तियों द्वारा अपने पद का दुरुपयोग करते हुए प्रोटेक्शन मनी के रूप में अवैध आर्थिक लाभ प्राप्त करते हुए अवैध संपत्ति अर्जित की गई है। ईडी द्वारा कई अचल संपत्तियों का पहले प्रोवजनल अटैचमेंट किया गया था। उल्लेखनीय है कि ईडी के प्रतिवेदन के आधार पर ईओडब्ल्यू-एसीबी द्वारा भी महादेव सट्टा एप मामले में भी एफआईआर दर्ज कर 19 लोगों को आरोपी बनाया गया है।

**यहां की संपत्तियां अटैच**

ग्राम कोलर (अभनपुर) में 0.146 ह.क्ट.यर (खसरा 60/1), 0.540 ह.क्ट.यर (खसरा 60/7), 1.483 ह.क्ट.यर (खसरा 60/12) व 0.266 ह.क्ट.यर (खसरा 60/11) तथा ग्राम खोरपा (अभनपुर) में 0.3300 ह.क्ट.यर (खसरा 1534) जमीन अटैच की गई है. इसी प्रकार ग्राम सलोनी (अभनपुर) म. 0.2030 ह.क्ट.यर (खसरा 43/1), 1.5740 ह.क्ट.यर (खसरा 414/12), 1.2720 ह.क्ट.यर (खसरा 406/3), 1.0450 ह.क्ट.यर (खसरा 73.26) को अटैच किया गया है. इसके अलावा ग्राम छछानपैरी (अभनपुर) में 1798 वर्गफुट (खसरा 150/2) प्लाट-195, 1798 वर्गफुट (खसरा 150/2) प्लाट-196 तथा ग्राम मुजगहन म. 0.3300 ह.क्ट.यर (खसरा 436/14) व 0.1250 हेक्टेयर (खसरा 143/1) को भी सीज किया गया है। वहीं, ग्राम ट.मरी (रायपुर) म. 0.1430 हेक्टेयर (खसरा 267/11), ग्राम स.रीख.ड़ी (रायपुर) म. 1.353 ह.क्टेयर (खसरा 244/13), 0.592 ह.क्ट.यर (खसरा 244/1), 1.061 ह.क्ट.यर (खसरा 258/2), शंकरनगर अशोकारत्न म. 5170.50 वर्गफुट (खसरा 178/1) व बोरियाखुर्द म. 0.3200 ह.क्ट.यर (खसरा 450/1) को भी ईडी न. अटैच किया है।

**सड़कों पर ब्लैक स्पॉट के ...**

और 748 जंक्शन के सुधार कार्य पूर्ण किए गए हैं। बैठक में जानकारी दी गई कि हेलमेट और सीट बेल्ट का उपयोग करने पर सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु की संभावना 40 प्रतिशत तक कम हो सकती है।

अधिकारियों ने बताया कि यातायात नियमों के उल्लंघन पर परिवहन विभाग द्वारा 6 लाख 70 हजार से अधिक तथा पुलिस विभाग द्वारा 4 लाख 87 हजार से अधिक चालानी कार्यवाही की गई है। 01 जनवरी 2023 से 31 अक्टूबर 2024 तक 7826 वाहन चालकों का लायसेंस निलंबित किया गया है। 8 दुर्घटनाजन्य क्षेत्रों राजनांदगांव, धरसींवा अभनपुर, पाली, सिमगा, सुकमा, बेमेतरा और पत्थलगांव में ट्रामा स्टेब्लाईजेशन यूनिट निर्माण के लिए राशि स्वीकृत की गई है। 14 हजार 261 वाहनों में व्हीकल लोकेशन ट्रेकिंग डिवाइस, 72 हजार से अधिक वाहनों में स्पीड गवर्नर तथा 2200 बसों में पेनिक बटन लगाए गए हैं। बैठक में ब्लैक स्पॉट की पहचान, सुधार की कार्यवाही, सड़कों में यातायात संकेतक, होर्डिंग्स हटाने, फुटपाथ, पार्किंग, सर्विस लेन से अतिक्रमण हटाने आदि कार्यों की समीक्षा की गई।

बैठक में मुख्य सचिव अमिताभ जैन, अपर मुख्य सचिव मनोज कुमार पिंगुआ, लोक निर्माण विभाग के सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह, स्कूल शिक्षा सचिव सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी, मुख्यमंत्री के सचिव पी. दयानंद, बसव राजू एस. और राहुल भगत, परिवहन विभाग के सचिव एस. प्रकाश, आबकारी सचिव श्रीमती आर. संगीता, एडीजी ट्रेफिक प्रदीप गुप्ता, अपर परिवहन आयुक्त डी. रविशंकर उपस्थित थे। सभी संभागों के आयुक्त एवं पुलिस महानिरीक्षक वर्चुअली बैठक में शामिल हुए। अंतर्विभागीय लीड एजेंसी के अध्यक्ष एवं एआईजी ट्रेफिक संजय शर्मा ने बैठक में प्रेजेंटेशन दिया।

**सुप्रीम कोर्ट से अनवर ढेबर को ...**

घोटाला के आरोप में जेल में बंद ढेबर को 8 जून को ईलाज के लिए डीकेएस ले जाया गया था। वकील ने तर्क दिया कि अनवर को किडनी की बीमारी है, और उन्हें पेशाब करने में दिक्कत हो रही है। सुनवाई के दौरान यह भी तर्क दिया गया कि ढेबर का इलाज चल रहा है, जिसके लिए अस्पताल जाने की जरूरत पड़ती है। जेल में गार्ड उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है, जिसके चलते इलाज नहीं हो पा रहा है।

## पेंड्रा गौरेला मरवाही का नाम रोशन किया दिव्यांश चौहान

### लोक से छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग में सातवां स्थान बनाया

**गौरेला पेंड्रा मरवाही** 29 नवम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग में सातवें रैंक में स्थान पाकर पेंड्रा के दिव्यांश चौहान ने क्षेत्र का नाम रोशन किया है, परिणाम निकलने के बाद अपने गृह नगर पेंड्रा आगमन में उनके परिवार जनों एवं शुभचिंतकों दिव्यांश चौहान का गर्मजोशी से स्वागत किया, ढोल ताशे आतिशबाजी के साथ उनकी अगुवानी की गई ने 2020 से छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की परीक्षा की तैयारी कर रहे दिव्यांश का यह चौथा प्रयास था पहले प्रयास में उन्होंने फ्री नहीं निकला फिर दो बार साक्षात्कार के लिए चयन हुआ छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग में प्रथम 10 स्थान पर अपना नाम दर्ज करने वाले दिव्यांश चौहान ने अपने इस सफर को साझा किया..... दिव्यांश चौहान प्राथमिक माध्यमिक एवं हाई स्कूल हायर सेकेंडरी की परीक्षा हिंदी माध्यम से ही उत्तरण की है उनका मानना है कि सीजीपीएससी जैसी परीक्षाओं का पाठ्यक्रम हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं मैं होता है इसलिए कोई विशेष दिक्कत नहीं होती दिव्यांश चौहान अपने सफलता का श्रेय किसी एक व्यक्ति को नहीं देना चाहते इस सफलता के पीछे कई लोगों का साथ है....




## बाईक की ठोकर से एक घायल


**तखतपुर** 29 नवम्बर (देशबन्धु)। लापरवाही पूर्वक चलाते हुए दूपहिया वाहन चालक ने सामने की ओर से आ रही दूपहिया वाहन को ठोकर मार दिया। जिससे दूपहिया वाहन सवार घायल हो गया। रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 125ए, 281 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार खैरवार निवासी सूरज टण्डन ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि 27 नवम्बर को रात 9 बजे दूपहिया वाहन क्रमांक सीजी 10 वीव्ही 1837 से घर वापस आ रहा था और वाहन जब सिंग एग्रो के पास पहुंचा था तभी सामने की ओर से आ रही दूपहिया वाहन क्रमांक सीजी 10 बीपी 1024 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए ठोकर मार दिया। जिसकी रिपोर्ट थाने में दर्ज करायी गई। पुलिस ने धारा 125ए, 281 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया।

## गाली गलौज मारपीट अपराध दर्ज

**तखतपुर** 29 नवम्बर (देशबन्धु)। सूने मकान में आने से मना करने की बात को लेकर आरोपी ने प्रार्थी के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 115,2 296, 351,2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को जांच में लिया है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार थान खम्हरिया निवासी नीलू तिवारी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया है।

## निधन

### जुड़ावन लाल कौशिक



**तखतपुर।** देवरी बेलपान निवासी जुड़ावन लाल कौशिक 90 वर्ष का 29 नवम्बर को निधन हो गया। वे जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती राजेश्वरी कौशिक एवं युगल किशोर, राघवेन्द्र, पुष्पेंद्र, देवेंद्र कौशिक के पिता थे इनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम देवरी बेलपान में किया जाएगा।

## निधन

### राजू श्रीवास



**बिलासपुर।** निवासी राजू श्रीवास 57 वर्ष का 27 नवम्बर को निधन हो गया। वे तखतपुर नगर पालिका पूर्व अध्यक्ष प्रतिनिधि मुन्ना श्रीवास के छोटे भाई थे। इनका अंतिम संस्कार बिलासपुर में किया गया।

### रूखमणी सिंह क्षत्री



**तखतपुर।** प क रि या निवासी श्रीमती रूखमणी सिंह क्षत्रिय 80 वर्ष का 27 नवम्बर को निधन हो गया। वें रामस्नेही, रामु सिंह, अधिवक्ता रवि सिंह क्षत्री की मां थी। इनका अंतिम संस्कार मणिकनटम घाट वाराणसी मे किया गया।

**न्यायालय तहसीलदार डभरा**
**जिला सक्ती (छ.ग.)**
रा.प्र.क्र. 202411310700017/ 01/ ब-117/ 2024-25
ग्राम कटौद प.ह.नं. 13

**// ईश्तहार //**

एतद् द्वारा आम जनता ग्राम कटौद प.ह.नं.13 तहसील डभरा, जिला सक्ती (छ.ग.) व सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक कांशीप्रसाद पिता चीनीलाल जाति चन्द्रनाहू निवासी कटौद तहसील डभरा जिला सक्ती छ.ग.के द्वारा निवेदन किया गया है कि बंदी भोपाल उर्फ गोपाल पिता कांशीप्रसाद के कारावास से जमानत पश्चातवर्ती अस्थायी मुक्ति हेतु शोध क्षमता प्रमाण पत्र जारी किये जाने के संबंध में आवेदन पत्र इस न्यायालय में पेश किया है।

जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की दावा आपत्ति हो तो वे दिनांक 13/12/2024 को न्यायालय में स्वतः अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत दिनांक के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 27/11/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

सील
**तहसीलदार**
**डभरा**
**जिला-सक्ती (छ.ग.)**

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**
**जल संसाधन संभाग बलरामपुर, जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)**
पत्र क्रमांक/ / व.ले.लि./ 2024 बलरामपुर, दिनांक / / 2024

**निविदा निरस्तीकरण आदेश**

निविदा सूचना क्रमांक 03/ वले.लि./ 2024-25 दिनांक 16.09.2024 निविदा सिस्टम क्रमांक 158559 (प्रथम आमंत्रण) लावा जलाशय योजना के बांध पर आर.डी. 0 मी. से 680 मी एवं स्पिल चैनल पर मिट्टी का कार्य एवं 02 नग हेड स्लूस बांयी तट नहर एवं दांयी तट नहर 01 नग (1मीटर) फॉल कम वेस्ट वियर 03 नग शूट फॉल (5.40 मी.) का निर्माण तथा बांयी तट नहर के आर.डी. 0 मी. से 2820 मी. तक मिट्टी का कार्य साथ में 35 नग पक्की संरचनाओं का निर्माण एवं 25 नग डायरेक्ट आउटलेट का फिक्सिंग कार्य राशि रूपये 3040.02 लाख हेतु आमंत्रित निविदायें अपरिहार्य कारणों से निरस्त किया जाता है।

विज्ञापन क्रमांक G-242502539 & 242503036

**कार्यपालन अभियंता**
**जल संसाधन संभाग बलरामपुर**
**जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज**
जी- 242504218/8

**कार्यालय नगर पालिक निगम जोन क्र. 02 बिलासपुर (छ.ग.)**
**// मैनुअल निविदा आंमत्रण सूचना //**

क्रमांक/2162/न.पा.नि./लो.नि.वि./2024 बिलासपुर, दिनांक 26.11.2024

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारो से निविदा प्रपत्र 'अ' में त्रि-लिफाफा पद्धति से पी. डब्लयू, डी. रोड/भवन/नाली एसओआर 01.01.2015 से कम या अधिक पर मुहर बंद निविदा पंजीकृत डाक/स्पीड पोष्ट में आमंत्रित की जाती है:-

(1) निविदा दर प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि व समय - दिनांक 17.12.2024 सायं 3.30 बजे तक।
(2) निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि व समय - दिनांक 170.12.2024 दोपहर 4.00 बजे।

| क्र. | कार्य का नाम एवं विवरण | अनु. लागत (लाख में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड क्रं. 07 कालिका नगर सांस्कृतिक मंच निर्माण कार्य। (विधायक निधि) | 3.00 | 3000.00/- | 750.00 |
| 2 | वार्ड क्रं. 09 यातायात नगर परसदा छतयुक्त चबूतरा निर्माण कमरा सहित निर्माण कार्य (विधायक निधि) | 10.00 | 7500.00/- | 750.00 |
| 3 | वार्ड क्रं. 09 पुराना पुलिस कालोनी में सीसीरोड निर्माण कार्य। (पार्षद निधि) | 6.00 | 4500.00/- | 750.00 |

नोटः-कार्य का विस्तृत विवरण/निविदा शर्तों एवं अन्य जानकारी का अवलोकन कार्यालयीन अवधि में लोक निर्माण शाखा में किया जा सकता है। निविदा संबंधी समस्त जानकारी www.bilaspurnagarnigam.com में देखी जा सकती है।

वृक्षारोपण कार्य महान, एक वृक्ष सौ पुत्र समान

जोन कमिश्नर
जोन क्र. 02, नगर पालिक निगम
बिलासपुर (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार डभरा**
**जिला सक्ती (छ.ग.)**
रा.प्र.क्र. 202411310700018/ 02/ ब-117/ 2024-25
ग्राम कटौद प.ह.नं. 13

**// ईश्तहार //**

एतद् द्वारा आम जनता ग्राम कटौद प.ह.नं.13 तहसील डभरा, जिला सक्ती (छ.ग.)व सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक लालचंद पिता करिया जाति चन्द्रनाहू निवासी कटौद तहसील डभरा जिला सक्ती छ.ग.के द्वारा निवेदन किया गया है कि बंदी भोपाल उर्फ गोपाल पिता कांशीप्रसाद के कारावास से जमानत पश्चातवर्ती अस्थायी मुक्ति हेतु शोध क्षमता प्रमाण पत्र जारी किये जाने के संबंध में आवेदन पत्र इस न्यायालय में पेश किया है।

जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की दावा आपत्ति हो तो वे दिनांक 13/12/2024 को न्यायालय में स्वतः अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत दिनांक के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 27/11/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

सील
**तहसीलदार**
**डभरा**
**जिला-सक्ती (छ.ग.)**

**कार्यालय प.ह.नं. 45 रा.नि.मं. सकरी**
**तह.सकरी, जिला-बिलासपुर**

**// सीमांकन सूचना //**

दिनांक 27/11/2024

प्रति,
1/ आवेदक राघवेन्द्र सिंह आ. संतदीन पहाड़ी 2/ अनिल, सुशील आ. शिवकुमार 3/ अमर पिता रतन कुमार 4/ कुंवरिया बाई दिवाकर पति मालिक राम दिवाकर 5/ उमेश कुमार अग्रवाल पिता पूरनलाल अग्रवाल ........संबंधित अन्य
विषयः- सीमांकन/ बटांकन में उपस्थिति रहने बाबत्।
संदर्भ :- न्यायालय तहसीलदार सकरी के ज्ञापन दिनांक 21/12/2023

संदर्भित विषयांतर्गत ज्ञापन के पालन में ग्राम सकरी म.नं. 1, प.ह.नं. 45 रा.नि.मं. सकरी तह.सकरी, जिला-बिलासपुर (छ.ग.) के अंतर्गत खसरा नं. 426/1 रकबा 0.0290 हे. भूमिस्वामी राघवेन्द्र सिंह पिता संतदीन पहाड़ी निवासी सकरी के द्वारा सीमांकन/ बटांकन का आवेदन प्रस्तुत किया गया। उक्त भूमि का सीमांकन/ बटांकन दिनांक 03/12/2024 को लगभग 11.00 बजे सुबह से 5.00 बजे शाम के बीच किया जावेगा।

अतः आप समीपवर्ती भूमि संबंधी दस्तावेज सहित नियत तिथि एवं समय पर उपस्थित होवें। अनुपस्थिति की दशा में आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगा। अतः सूचना प्रेषित।

टीपः- विशेष परिस्थिति में अपरिहार्य कारणाों से सीमांकन/ बटांकन तिथि में परिवर्तन किया जा सकता है।

यह सूचना ग्राम पंचायत में चस्पा किया जावे एवं विभिन्न माध्यम से उक्त व्यक्तियों को प्रेषित किया जावे।
राजस्व निरीक्षक को सूचनार्थ।

**एस.पी.बर्मन**
**पटवारी ह.नं. 45**
**तहसील-सकरी**

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं, पुराना नाम अरुण कुमार बंजारा पिता अंबिका प्रसाद बंजारा, ने अपना पुराना नाम बदलकर नया नाम अरुण बंजारे पिता अंबिका प्रसाद बंजारा रख लिया है, निवासी मकान नंबर सी-50 नेचर सिटी, मुंगेली रोड, सकरी, बिलासपुर, 495001, (छ.ग.), अतः अब भविष्य में मुझे सभी सरकारी, अर्धसरकारी एवं अन्य दस्तावेजों में नए नाम अरुण बंजारे पिता अंबिका प्रसाद बंजारा से जाना एवं पहचाना जाए।

**अरुण बंजारे**
पिता अंबिका प्रसाद बंजारा मकान नंबर सी-50 नेचर सिटी, मुंगेली रोड, सकरी, बिलासपुर, 495001, (छ.ग.)

**कार्यालय कार्यपालन अभियन्ता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड-सूरजपुर, जिला-सूरजपुर (छ.ग.)**
निविदा सूचना क्रमांक 04/ व.ले.लि./ का.अ./ लो.स्वा.यां.ख./ 2024
सूरजपुर, दिनांक 28.11.2024

**द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना**

मुहरबंद निविदायें छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रतिशत दर पर प्रपत्र ''अ'' पर प्रतिशत दर में छत्तीसगढ़ शासन लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग छ.ग.रायपुर के द्वारा दिनांक 01.07.2020 को जारी एस.ओ.आर. व निविदा आमंत्रण तिथि तक एस.ओ.आर. में एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

| समूह क्र. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | जिला सूरजपुर के विकासखण्ड ओड़गी के ग्राम कुदरगढ़ में माँ बागेश्वरी धाम में विजय कुंड से देवी धाम तक में जल प्रदाय कार्य संलग्न शेड्यूल के अनुसार | 12.34 |

निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 17.12.2024 है, एवं निविदा की अन्य शर्तें तथा कार्य की विस्तृत जानकारी अधोहस्ताक्षरकर्ता कार्यालय में कार्यालयीन समय में देखी जा सकती है।

**कार्यपालन अभियन्ता**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड**
**सूरजपुर**
जी- 242504210/2

**कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति आरंग, जिला-रायपुर (छ.ग.)**
E-Mail Id:-mandiarang54@gmail.com
क्र./ बी-6/ मंडी आरंग/ 24-25 / 580 आरंग, दिनांक 28/11/2024

**// मैनुअल निविदा आमंत्रण सूचना //**

कृषि उपज मंडी समिति आरंग जिला रायपुर की ओर से छ.ग.लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत, सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निविदा प्रपत्र (अ) में प्रतिशत दर पर ''निम्न दर्शित कार्यों हेतु लो.नि.वि.भवन एवं सड़क निर्माण हेतु दिनांक 01.01.2015 एवं विद्युत कार्य हेतु दिनांक 01.07.2015 से प्रभावशील एस.ओ.आर.एवं इस निविदा सूचना जारी दिनांक तक संशोधित दर पर निविदाएं पंजीकृत डाक द्वारा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र सचिव, कृषि उपज मंडी समिति आरंग जिला रायपुर द्वारा विक्रय एवं खोले जाएंगे।

1- निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन की अंतिम तिथि - 14/12/2024 को सायं 5.00 बजे तक
2- निविदा विक्रय की अंतिम तिथि - 16/12/2024 को सायं 5.00 बजे तक
3- निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि - 24/12/2024 को सायं 5.00 बजे तक
3- निविदा प्रपत्र खोले जाने की तिथि- 26/12/2024 को 3.00 बजे दोपहर से

| क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) | अमानत राशि रू. में | निविदा प्रपत्र मूल्य (वापसी योग्य नहीं) | समयावधि | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जिला रायपुर अंतर्गत विकासखण्ड आरंग ग्राम फरफौद में लोकेश चंद्राकर के फार्म से अकोलीखुर्द तक सी.सी.रोड सह ह्यूम पाईप पुलिया निर्माण | 18.89 | 14500 | 1000/- | 06 माह | ''द'' एवं उच्च |
| 2 | जिला रायपुर अंतर्गत विकासखण्ड आरंग ग्राम गोढी में युगल किशोर देवांगन दुकान से हरीश निर्मलकर के घर तक सी.सी. रोड सह ह्यूम पाईप पुलिया निर्माण | 18.89 | 14500/- | 1000/- | 06 माह | |
| 3 | जिला रायपुर अंतर्गत विकासखण्ड आरंग ग्राम सकरी (ज) रामसहाय वर्मा के घर से आंगनबाड़ी तक सी.सी.रोड सह ह्यूम पाईप पुलिया निर्माण | 15.91 | 12000/- | 1000/- | 06 माह | |
| 4 | जिला रायपुर अंतर्गत विकासखण्ड आरंग ग्राम सकरी (ज) में आंगनबाड़ी से महामाया मंदिर तक सी.सी.रोड सह ह्यूम पाईप पुलिया निर्माण | 09.97 | 7500 | 1000/- | 06 माह | |
| 5 | जिला रायपुर अंतर्गत विकासखण्ड आरंग ग्राम टेकारी में ठाकुरदेव चौक में सी.सी.रोड सह ह्यूम पाईप पुलिया निर्माण | 12.71 | 9500 | 1000/- | 06 माह | |

शर्तें :-
1. निविदा प्रपत्र दिनांक ......... तक कार्यालयीन समय में निर्धारित शुल्क जमा कर एवं वैध पंजीयन, जीएसटी, पैनकार्ड, बैंक साल्वेंसी (15 प्रतिशत मूल्य) की प्रमाणित प्रति जमा कर प्राप्त किए जा सकते हैं।
2. कार्य के सम्मुख दर्शित अमानत राशि एफडीआर/ टीडीआर के रूप में सचिव कृषि उपज मंडी समिति आरंग के नाम देय होगा, एवं अन्य शर्तें तथा निविदा से संबंधित शेष शर्तें कार्यालयीन समय में संबंधित कार्यालय में देखी जा सकती है।
3. लिफाफा 'अ' में ईएमडी एवं लिफाफा 'ब' में फर्म का विवरण, लो.नि.वि. में वैध पंजीयन, पैनकार्ड, जीएसटी, पैनकार्ड, बैंक साल्वेंसी एवं शपथ पत्र, अन्य दस्तावेज लिफाफा 'स' में निविदा प्रपत्र एवं लिफाफा 'द' में लिफाफा 'अ' 'ब' एवं 'स' प्रस्तुत किया जाएगा एवं लिफाफा 'द' में कार्य का नाम एवं पता का उल्लेख करें।

**सही/-**
**सचिव**
**कृषि उपज मण्डी समिति आरंग, जिला-रायपुर (छ.ग.)**

संवाद- 42268/2

**सही/-**
**भारसाधक अधिकारी**
**कृषि उपज मण्डी समिति आरंग, जिला-रायपुर (छ.ग.)**

# देश

**उवाच**

हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि हम ईवीएम को हटाने के पक्ष में हैं और बैलेट पेपर की मांग करते हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा है कि हम ईवीएम से चुनाव जीतेंगे और ईवीएम को हटाने का काम करेंगे।

–आनंद भदौरिया,सपा सांसद



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 23° | 11° |
| मुंबई | 29° | 21° |
| कोलकाता | 28° | 2[illegible] |
| चेन्नई | 25° | 24° |

# नियम 267 को व्यवधान का बनाया जा रहा हथियार : जगदीप धनखड़

■ सदन के सामान्य कामकाज में जारी व्यवधान पर जताया दुख

**नई दिल्ली,** 29 नवम्बर (एजेंसियां)। राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने सदन के सामान्य कामकाज में जारी व्यवधान पर गहरी पीड़ा और अत्यंत दुख व्यक्त करते हुए शुक्रवार को कहा कि नियम 267 को बाधा का हथियार बनाया जा रहा है। धनखड़ ने शुक्रवार को सदन में नियम 267 के अंतर्गत मिले नोटिस खारिज करने के बाद विपक्ष के हंगामे पर कहा कि ये मुद्दे सप्ताह के दौरान बार–बार उठाए गए हैं। जिसके परिणामस्वरूप पहले ही तीन कार्य दिवस में कोई कामकाज नहीं हो सका। उन्होंने कहा कि ये वे दिन थे जो हमें सार्वजनिक हित के लिए समर्पित करने चाहिए थे। हमें शपथ का पालन करते हुए अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना चाहिए था। उन्होंने कहा कि इस दौरान समय और अवसर का नुकसान हुआ।

विशेष रूप से प्रश्नकाल का नहीं होना आम जनता को बहुत बड़ा झटका है। उन्होंने कहा कि नियम 267 को व्यवधान और सामान्य कामकाज से विचलित करने के एक उपकरण के रूप में हथियार बनाया जा रहा है। यह स्वीकार्य नहीं है। सभापति ने गहरी पीड़ा और अत्यंत दुख व्यक्त करते हुए कहा कि हम एक बहुत ही बुरा उदाहरण पेश कर रहे हैं। हम इस देश के लोगों का अपमान कर रहे हैं। हम उनकी उम्मीदों पर खरे नहीं उतर रहे हैं। हमारे कार्य जन–केंद्रित नहीं हैं। हम



**हम इस देश के लोगों का अपमान कर रहे हैं व उनकी उम्मीदों पर खरे नहीं उतर रहे हैं : जगदीप धनखड़**

अप्रासंगिक होते जा रहे हैं, लोग हमारी हंसी उड़ा रहे हैं। हम व्यावहारिक रूप से हंसी का पात्र बन गए हैं। सभापति जगदीप धनखड़ ने सुबह सदन की कार्यवाही शुरू करते हुए डॉक्टर भीम सिंह और संजय झा को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। इसके बाद उन्होंने सदन के पटल पर आवश्यक दस्तावेज रखवाएं। सभापति ने बताया कि उन्हें नियम 267 के अंतर्गत 17 नोटिस मिले हैं। इस बीच विपक्षी सदस्यों की टीका टिप्पणियां आरंभ हो गई।

धनखड़ ने बताया कि कांग्रेस के प्रमोद तिवारी, रंजीत रंजन, दिग्विजय सिंह, विवेक के. तन्खा, रजनी अशोक राव पाटिल और अखिलेश प्रसाद सिंह ने अदाणी समूह में कथित अनियमितताओं के मुद्दे पर नोटिस दिया है। समाजवादी पार्टी के रामजीलाल सुमन और मार्क्सवादी कांग्रेस पार्टी के जॉन ब्रिटास ने उत्तर प्रदेश के संभल में हिंसा तथा द्रविड़ मुनेत्र कषगम और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के संतोष कुमार पी ने मणिपुर में हिंसा पर चर्चा करने की मांग की है। आम आदमी पार्टी के संजय सिंह ने दिल्ली के कानून व्यवस्था पर चर्चा करने का नोटिस दिया है।

## लोकसभा में सप्ताह के आखिरी दिन भी नहीं चला प्रश्नकाल

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्षी दलों के सदस्यों ने शुक्रवार को फिर हंगामा और शोरशराबा किया जिसके कारण सदन में प्रश्नकाल बाधित रहा और अध्यक्ष ओम बिरला को सदन की कार्यवाही 12 बजे तक स्थगित करनी पड़ी। सदन की कार्यवाही जैसे ही शुरू हुई विपक्ष के सदस्य अपनी मांगों को लेकर खड़े हो गए और सदन में चर्चा की मांग करने लगे। अध्यक्ष ने सदस्यों की बात अनसुनी कर प्रश्न काल जारी रखा तो विपक्षी दलों के सदस्यों का हंगामा तेज हो होने लगा।ढन्प्रश्नकाल में सबसे पहला मुद्दा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय का आया जिसमें मंत्री, सदस्य का सवाल और शोर शराबे के कारण सुन नहीं पाए और उन्होंने दोबारा प्रश्न करने का आग्रह किया। हंगामे के बीच सदस्य ने दोबारा सवाल किया जिसका स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जेप नड्डा ने लंबा जवाब दिया लेकिन शोर शराबे में कुछ भी सुनाई नहीं दे रहा था।

## पुलिस महानिदेशकों के अखिल भारतीय सम्मेलन में शिरकत करेंगे मोदी

**नई दिल्ली,** 29 नवम्बर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 30 नवम्बर से एक दिसम्बर तक ओडिशा में भुवनेश्वर में आयोजित पुलिस महानिदेशकों और महानिरीक्षकों के अखिल भारतीय सम्मेलन में भाग लेंगे। यह जानकारी प्रधानमंत्री कार्यालय की एक विज्ञप्ति में दी गई है। विज्ञप्ति के अनुसार यह सम्मेलन आज शुरू हो रहा है। इस तीन दिवसीय सम्मेलन में आतंकवाद, वामपंथी उग्रवाद, तटीय सुरक्षा, नए आपराधिक कानून, नारकोटिक्स सहित राष्ट्रीय सुरक्षा के महत्वपूर्ण घटकों पर विचार–विमर्श होगा। सम्मेलन के दौरान विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक से भी सम्मानित किया जाएगा। विज्ञप्ति में कहा गया है कि यह सम्मेलन देश के वरिष्ठ पुलिस पेशेवरों और सुरक्षा प्रशासकों को राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित विभिन्न मुद्दों और साथ ही भारत में पुलिस के सामने आने वाली विभिन्न परिचालन, ढांचागत और कल्याण संबंधी समस्याओं पर स्वतंत्र रूप से चर्चा तथा बहस करने के लिए एक संवाद–मंच प्रदान करेगा। इसके विचार–विमर्श में आंतरिक सुरक्षा खतरों के अलावा अपराध नियंत्रण और कानून एवं व्यवस्था प्रबंधन से संबंधित चुनौतियों से निपटने में पेशेवर प्रथाओं और प्रक्रियाओं को तैयार करना और साझा करना शामिल होगा। सम्मेलन में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार, राज्य मंत्री (गृह मामले), राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों के पुलिस महानिदेशक और केंद्रीय पुलिस संगठनों के प्रमुख सहित अन्य लोग भाग लेंगे।



# जम्मू- कश्मीर में आतंकियों के मददगारों को किया बर्खास्त



■ दो सरकारी कर्मचारियों पर लगा देशद्रोह का आरोप

■ उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने जांच के बाद उठाया कदम

**जम्मू,**29 नवम्बर (एजेंसियां)। जम्मू–कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने दो सरकारी कर्मचारियों की सेवाएं समाप्त कर दी हैं। कानून प्रवर्तन और खुफिया एजेंसियों की जांच के बाद यह कदम उठाया गया। दोनों कर्मचारियों के आतंकवादी संगठनों से गहरे संबंध थे और इन्हें पाकिस्तान आधारित आतंकवादी समूहों से सहायता मिल रही थी। पहला कर्मचारी रहमान नाइक (स्वास्थ्य विभाग में फार्मासिस्ट) अब. रहमान नाइक जो कश्मीर के कुलगाम जिले के देवसर के निवासी थे, को 1992 में चिकित्सा सहायक के रूप में नियुक्त किया गया था। उनकी आतंकवादी संगठन हिज्बुल मुजाहिदीन से साठगांठ तब पता चल जब पुलिस ने देवसर में राजनीतिक व्यक्ति गुलाम हसन लोन की हत्या के मामले की जांच शुरू की। जांच के दौरान यह सामने आया कि नैका ने आतंकियों को स्थानीय राजनीतिक नेताओं और सुरक्षा बलों को निशाना बनाने के लिए सहायता प्रदान की।

नाइक ने यह स्वीकार किया कि उसने पाकिस्तान से निर्देश प्राप्त किए थे और वह एक ओवरग्राउंड वर्कर के रूप में काम करता था, जिसका मुख्य कार्य लक्ष्यों की पहचान और आतंकवादी हमलों के लिए तैयारी करना था। उन्हें और उनके सहयोगियों को हैंड ग्रेनेड और,च–47 के गोला–बारूद के साथ गिरफ्तार किया गया था। दूसरा कर्मचारी, जाहिर अब्बास (शिक्षा विभाग में शिक्षक) जाहिर अब्बास, जो किश्तवाड़ जिले के बादत सरूर के निवासी थे, जो 2012 में सरकारी स्कूल में शिक्षक के रूप में नियुक्त किया गया था। 2020 में उन्हें के तीन सक्रिय आतंकवादियों को आश्रय देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था।

अब्बास का यह भी खुलासा हुआ कि वह पाकिस्तानी आतंकवादियों को हथियारों, गोला–बारूद और आपूर्ति प्रदान कर रहे थे। वह आतंकवादियों को सुरक्षा बलों की स्थिति के बारे में जानकारी भी दे रहे थे और उनके साथ खाद्य, आश्रय और अन्य आवश्यक सामग्री मुहैया कराते थे। जांच से यह भी पता चला कि वह जेल में रहते हुए भी अपने आतंकवादी संपर्कों के साथ सक्रिय रूप से जुड़े हुए थे। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने इन दोनों कर्मचारियों की सेवाएं समाप्त करने के बाद कहा कि यह कदम पाकिस्तान और पाक–आधारित आतंकवादी संगठनों के भारत के भीतर गहरे प्रवेश को उजागर करता है।

## सार संक्षेप

### बडगाम में मादक पदार्थ के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बडगाम जिले में पुलिस ने प्रतिबंधित मादक पदार्थ की तस्करी में शामिल तीन तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से मादक पदार्थ बरामद किया है। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि पुलिस ने जांच के दौरान सरकारी बाल सीनियर सेकेंडरी स्कूल मागाम में नायलॉन बैग ले जा रहे दो संदिग्ध व्यक्तियों को रोका, लेकिन उन्होंने मौका पाकर वह वहां से फरार हो गए और पुलिस ने पीछा कर दोनों को रोक लिया। उन्होंने बताया कि तलाशी के दौरान उनके पास से करीब 11 ग्राम हेरोइन और एक डिजिटल वजन तौलने वाली मशीन बरामद की।

### पराली जलाने के आरोप में किसान पर एफआईआर

**बिहार शरीफ।** बिहार में पराली जलाने को लेकर अब एक्शन शुरू है। इसके तहत नालंदा जिले के हरनौत प्रखंड में पराली जलाने के मामले में एक किसान पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। हरनौत प्रखंड के चखमिंद पंचायत के बिरजू मिल्की गांव निवासी रामजी सिंह ने चखमिंद गांव के खेत में धान की कटाई के बाद एक बीघा जमीन पर पराली जलाई थी। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए अनुमंडल कृषि पदाधिकारी, बिहार शरीफ ने रामजी सिंह के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई है।


### रेवंत ने महात्मा ज्योतिराव फुले को दी श्रद्धांजलि

**हैदराबाद।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने शुक्रवार को महान समाज सुधारक महात्मा ज्योतिराव फुले की पुण्यतिथि पर जुबली हिल्स स्थित अपने आवास पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर को चिह्नित करते हुए, मुख्यमंत्री के सलाहकार वेम नरेंद्र रेड्डी, पर्यटन निगम के अध्यक्ष पटेल रमेश रेड्डी और अन्य अधिकारी भी शिक्षा व सामाजिक न्याय में फुले के योगदान का सम्मान करते हुए समाज सुधारक को श्रद्धांजलि देने में शामिल हुए।

### तमिलनाडु में एक ही परिवार के तीन लोगों की हत्या

**चेन्नई।** तमिलनाडु के तिरुपुर जिले में गुरुवार देर रात एक भीषण घटना में एक ही परिवार के तीन सदस्यों की हत्या कर दी गई। यह घटना अविनाशीपालयम के पास पोंगलूर-सेमलाई कौंडमपालयम गांव में हुयी और हत्या के पीछे के मकसद का पता लगाया जा रहा है। सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस मौके पर पहुंची व शवों को पोस्टमार्टम के लिए सरकारी अस्पताल भेज दिया। मृतकों की पहचान किसान दंपत्ति देवासिगमानी, उनकी पत्नी अमलाथल व उनके बेटे सेंथिलकुमार के रूप में की गई। ये सभी कोयंबटूर में रह रहे थे, लेकिन एक समारोह के लिए अपने पैतृक घर आए थे।

## मदुरै में टंगस्टन खनन की अनुमति रद्द करें केंद्र : स्टालिन



■ मुख्यमंत्री ने मोदी से तत्काल हस्तक्षेप का किया अनुरोध

**चेन्नई,** 29 नवम्बर (एजेंसियां)। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से आग्रह किया कि मदुरै जिले में टंगस्टन खनन अधिकारों के अवार्ड को रद्द करें और खान मंत्रालय को संबंधित राज्य सरकार की सहमति के बिना खनन के लिए कोई भी बोली लगाने से बचने का निर्देश दें। मोदी को लिखे एक अर्ध–सरकारी पत्र में मुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार की ओर से टंगस्टन खनन अधिकारों के आबंटन के कारण मदुरै जिले में गंभीर स्थिति के बारे में बताया। उन्होंने इसे रद्द करने के लिए उनके तत्काल हस्तक्षेप का अनुरोध किया। स्टालिन ने कहा कि हमने तमिलनाडु के जल संसाधन एवं प्राकृतिक संसाधन मंत्री को तीन अक्टूबर, 2023 के पत्र के माध्यम से महत्वपूर्ण और रणनीतिक खनिजों के खनन अधिकारों की ऐसी नीलामी पर अपनी चिंताओं को पहले ही व्यक्त कर दिया था। केंद्रीय संसदीय कार्य, कोयला एवं खान मंत्री ने दो नवम्बर, 2023 को लिखे अपने पत्र में उन्हें खारिज कर दिया था, जिसमें उल्लेख किया गया था कि देश के व्यापक हित में खान मंत्रालय की ओर से महत्वपूर्ण खनिजों की नीलामी को रोका नहीं जा सकता। स्टालिन ने कहा कि टंगस्टन ब्लॉक में कवट्टायमपट्टी, एट्टीमंगलम, ए.वल्लालपट्टी, अरिट्टापट्टी, किदारीपट्टी और नरसिंगमपट्टी गांव शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी वाणिज्यिक खनन गतिविधि से इन स्थलों को अपूरणीय क्षति होगी।

# युवाओं को नहीं मिला रोजगार : राबड़ी देवी

■ शीतकालीन सत्र के अंतिम दिन विपक्षी दलों ने नीतीश सरकार को घेरा

**पटना,** 29 नवम्बर (एजेंसियां)। बिहार विधानसभा के शीतकालीन सत्र के अंतिम और पांचवें दिन शुक्रवार को भी विपक्षी दलों ने सरकार को घेरा। विधानसभा की कार्यवाही शुरू होने के पहले विपक्षी दलों के सदस्यों ने हाथ में तख्ती लिए परिसर में प्रदेश में बेरोजगारी को लेकर प्रदर्शन किया।

इस दौरान राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के विधायकों ने राबड़ी देवी की अगुवाई में विरोध प्रदर्शन किया। राबड़ी देवी ने पत्रकारों से कहा कि इस सरकार में बेरोजगार युवाओं को रोजगार नहीं मिला है। अगर यह सरकार बेरोजगार युवाओं को रोजगार देने की दिशा में पूरी तरह से असमर्थ है, तो फिर सरकार का क्या मतलब रह जाता है। उन्होंने आगे कहा कि जनता मतदान करके सरकार का चयन करती है, ताकि उनके हितों में कदम उठाने वाला कोई हो। लेकिन, ऐसा कोई भी कदम नहीं



**अगर यह सरकार बेरोजगार युवाओं को रोजगार देने की दिशा में असमर्थ है, तो फिर सरकार का क्या मतलब रह जाता है : राबड़ी देवी**

उठाया गया। प्रदर्शन कर रहे विधायकों ने हाथ में पोस्टर बैनर ले रखा था। इन पोस्टरों पर नौकरी रोजगार मतलब तेजस्वी, युवाओं की आस तेजस्वी लिखा था। विधायक अख्तरुल इस्लाम शाहीन ने कहा कि जब बिहार में महागठबंधन की सरकार थी, तब तेजस्वी यादव ने 17 महीने में पांच लाख से ज्यादा बेरोजगारों को रोजगार और नौकरी दिया। एनडीए सरकार में बेरोजगारी चरम पर है। उन्होंने कहा कि सिपाही भर्ती हो या बीपीएससी की होने वाली परीक्षा हो, अलग–अलग नियम बनाया जा रहा है, इससे छात्रों में आक्रोश है। सही मायने में नीतीश सरकार को नौकरी देने की इच्छा ही नहीं है। सरकारी बहाली प्रक्रिया में ऐसी त्रुटि छोड़ देते हैं, जिससे लोग कोर्ट चले जाते हैं और पूरी प्रक्रिया रुक जाती है। कम्युनिस्ट पार्टी के नेता महबूब आलम ने कहा कि इस सरकार में लूट है। इस सरकार को जनता के हितों से कोई लेना– देना नहीं है। महागठबंधन से जुड़े विधायकों ने कहा कि नया स्मार्ट मीटर लगाने से बिजली के बिल और ज्यादा आने लगे हैं। इससे सबसे ज्यादा परेशानी गरीबों को रही है।

## 18 लाख स्मार्ट मीटर में से कितने की जांच की गई : कांग्रेस

बिहार विधानसभा के शीतकालीन सत्र के आखिरी दिन स्मार्ट मीटर को लेकर जोरदार हंगामा देखने को मिला। इस बीच, प्रश्न काल में कांग्रेस विधायक अजीत शर्मा ने पूछा कि 18 लाख स्मार्ट मीटर में से कितने की जांच की गई। इस पर मंत्री ने जवाब दिया कि आप हमें बताइए कि कितने मीटर खराब हैं। जब इंसान बीमार पड़ सकते हैं, तो मीटर क्यों नहीं। वहीं, सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले विपक्षी दलों के विधायक पोस्टर बैनर लेकर विरोध प्रदर्शन करते दिखे।

# अप्रासंगिक बयान देने की बजाय ट्रैफिक समस्या का निकालें समाधान : लहर सिंह

**नई दिल्ली,** 29 नवम्बर (एजेंसियां)। कर्नाटक के मंत्री एम.बी. पाटिल के राज्य में यातायात की समस्या पर दिए गए बयान पर भाजपा के राज्यसभा सांसद लहर सिंह सिरोया ने शुक्रवार को उन्हें बयानबाजी की बजाय समस्या का समाधान खोजने की सलाह दी। सिरोया ने पाटिल के बयान पर कहा कि इनके बयानों पर मुझे तरस आता है। ट्रैफिक समस्या के बारे में उन्होंने कहा है कि देश के लगभग हर शहर में ट्रैफिक की समस्या है। समस्या का उचित माध्यम से समाधान करने की बजाय उन्हें अप्रासंगिक बयान देने से बचना चाहिए। यह पूरा देश एक भारत, श्रेष्ठ भारत है और इस तरह की टिप्पणियां संविधान की भावना के खिलाफ हैं। मैं समझता हूं कि जनता उन्हें सही समय पर जवाब देगी। कर्नाटक के मंत्री ने कहा था कि बेंगलुरु में दूसरे राज्यों के लोग शिक्षा और रोजगार के लिए आते हैं,



■ कर्नाटक के मंत्री एम.बी. पाटिल को सिरोया की सलाह

लेकिन उनमें ज्यादातर यहीं रह जाते हैं। इससे बुनियादी ढांचों पर दबाव बढ़ता है। कर्नाटक सरकार पर भ्रष्टाचार के आरोपों पर भाजपा सांसद ने कहा कि सिर्फ भ्रष्टाचार के आरोप ही नहीं लगे हैं, बल्कि उन्होंने वास्तव में भ्रष्टाचार किया है, जो अब स्पष्ट हो चुका है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने अपनी जमीन वापस कर दी है, और मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने भी अपनी पत्नी के नाम पर आबंटित जमीन वापस कर दी है। इससे साफ पता चलता है कि वे भ्रष्टाचार में लिप्त हैं। उन पर गंभीर आरोप हैं, जिनमें वाल्मीकि विकास योजना से संबंधित एक आरोप भी शामिल है, जिसमें बैंक फंड का दुरुपयोग किया गया। राज्यसभा सांसद ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ईवीएम पर बोल रहे हैं।

## सरकार को सत्ता में बने रहने का अधिकार नहीं

भाजपा के राज्यसभा सांसद लहर सिंह सिरोया ने कहा कि मेरा मानना है कि सरकार को अब सत्ता में बने रहने का कोई अधिकार नहीं है। मुख्यमंत्री को इस्तीफा देकर स्पष्ट जांच का सामना करना चाहिए। कांग्रेस में राष्ट्रीय अध्यक्ष से लेकर सोनिया गांधी, राहुल गांधी तक जमानत पर हैं। ये लोग सदन को नहीं चलने दे रहे हैं।

## तटरक्षक बल का समुद्री खोज और बचाव अभ्यास सारेक्स संपन्न

**नई दिल्ली,** 29 नवम्बर (एजेंसियां)। भारतीय तटरक्षक बल के दो दिन के राष्ट्रीय समुद्री खोज और बचाव अभ्यास , सारेक्स का 11वां संस्करण शुक्रवार को कोच्चि में सफलतापूर्वक हो गया है। इस अभ्यास का उद्घाटन रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने किया और तटरक्षक बल के महानिदेशक एस. परमेश ने इसकी समीक्षा की। अभ्यास में राष्ट्रीय समुद्री खोज और बचाव बोर्ड के सदस्यों तथा मित्र देशों का प्रतिनिधित्व करने वाले 38 प्रतिष्ठित विदेशी पर्यवेक्षकों ने भी भाग लिया। सारेक्स का विषय क्षेत्रीय सहयोग के माध्यम से खोज और बचाव क्षमताओं को बढ़ाना था। इसमें समुद्री सुरक्षा को मजबूत बनाने में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के महत्व पर प्रकाश डाला गया। दो दिन के अभ्यास के दौरान कई तरह की गतिविधियाँ जैसे टेबल–टॉप अभ्यास, कार्यशालाएँ और एक सेमिनार का आयोजन किया गया। इन सत्रों में उभरती चुनौतियों और समुद्री घटनाओं से निपटने के लिए दूरंदेशी रणनीतियों जैसे प्रमुख विषयों पर गहन चर्चा की गई।

# समग्र शिक्षा अभियान की राशि जारी करने में देरी : दिग्विजय

**भोपाल,** 29 नवम्बर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को पत्र लिखकर समग्र शिक्षा अभियान (एसएसए) के तहत राज्यों को आबंटित की जाने वाली धनराशि जारी करने में हो रही देरी का मुद्दा उठाया। राशि की कमी से अभियान के प्रभावित होने का खतरा भी बताया है।

पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह संसद की शिक्षा, बाल, युवा मामले एवं खेल संबंधी स्थायी समिति के अध्यक्ष भी हैं। शुक्रवार को पूर्व मुख्यमंत्री के कार्यालय से दी गई जानकारी में बताया गया है कि उन्होंने केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को पत्र लिखकर कहा है, कई राज्यों को एसएसए के तहत केंद्रीय निधि के अपने हिस्से को प्राप्त करने में देरी हो रही है, विशेष रूप से तमिलनाडु, केरल और पश्चिम बंगाल आदि राज्यों ने अभी तक अपना हिस्सा प्राप्त नहीं किया है। इस वजह से बुनियादी ढांचे के निर्माण, शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रमों और अन्य आवश्यक हस्तक्षेपों सहित महत्वपूर्ण शैक्षणिक कार्यक्रमों के क्रियान्वयन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। राशि आबंटन की इस तरह की देरी न केवल प्रगति में बाधा डालती है बल्कि योजना के उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए अथक प्रयास करने वाले हितधारकों को भी हतोत्साहित करती है। राशि का आबंटन न होने से राज्यों पर वित्तीय दबाव भी पड़ा है।



■ राशि की कमी से अभियान के प्रभावित होने का जताया खतरा

**मंजूरी** *ओडिशा सरकार ने 1.36 लाख करोड़ रुपए से अधिक की 20 औद्योगिक परियोजनाओं को दी मंजूरी*

# 74 हजार 35 से अधिक व्यक्तियों को मिलेगा रोजगार

**भुवनेश्वर,** 29 नवम्बर (एजेंसियां)। ओडिशा सरकार ने 2 परिवर्तनकारी औद्योगिक परियोजनाओं में रिकॉर्ड तोड़ 1 लाख 36 हजार 622 करोड़ रुपए से अधिक के निवेश को मंजूरी दे दी है। मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी की अध्यक्षता में दूसरी उच्च स्तरीय मंजूरी प्राधिकरण की बैठक में यह मंजूरी दी गई।

इनमें स्टील, रसायन, हरित ऊर्जा और कपड़ा जैसे विभिन्न क्षेत्रों की परियोजनाओं शामिल है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार ये औद्योगिक परियोजनाएं 74 हजार 350 से अधिक व्यक्तियों के लिए रोजगार पैदा करेंगी और इनसे ओडिशा की आर्थिक विकास को काफी बढ़ावा मिलेगा। दिल्ली, मुंबई और सिंगापुर में आयोजित उत्कर्ष ओडिशा रोड शो की सफलता से पता चलता है कि ओडिशा पूर्वी भारत में प्रमुख निवेश गंतव्य के रूप में उभरा है। राज्य ने सफलतापूर्वक पर्याप्त निवेशकों की रुचि को आकर्षित किया है और एचएलसीए ने कई परियोजनाओं को मंजूरी दी है, जिससे ओडिशा निवेशकों के लिए एक ऐतिहासिक गंतव्य के रूप में स्थापित हो गया है। जून 2024 में नई सरकार के कार्यभार संभालने के बाद से केवल छह महीनों में 73 औद्योगिक परियोजनाओं के माध्यम से 1.1 लाख से अधिक नौकरियां पैदा होंगी, जो सामूहिक रूप से 1 लाख 80 हजार करोड़ रुपये से अधिक का निवेश आकर्षित करेंगी। यह उल्लेखनीय उपलब्धि राज्य और केंद्र सरकारों के बीच प्रभावी सहयोग को उजागर करती है और विकास को बढ़ावा देने और एक संपन्न व्यापार पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के लिए राज्य की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।



■ ओडिशा के आर्थिक विकास को मिलेगा बढ़ावा

मुख्यमंत्री ने बैठक में बोलते हुए निवेशक–अनुकूल पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने के लिए राज्य की अटूट प्रतिबद्धता पर जोर दिया। माझी ने कहा कि राज्य और केंद्र सरकारों के बीच मजबूत सहयोग के माध्यम से हमने निवेशकों को ओडिशा में आकर्षित करने वाले एक व्यापार–अनुकूल माहौल बनाया है। उन्होंने कहा कि हमारा ध्यान एक ऐसा पारिस्थितिकी तंत्र बनाने पर है जो समावेशी विकास, स्थिरता और रोजगार सृजन को बढ़ावा दे। माझी ने कहा कि एक मजबूत पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने और नए अवसर पैदा करने पर ध्यान देने के साथ, ओडिशा उल्लेखनीय विकास के लिए तैयार है। उन्होंने आगे कहा कि उत्कर्ष ओडिशा 2025 एक नए युग की शुरुआत का प्रतीक होगा, जो ओडिशा को एक प्रमुख निवेश गंतव्य के रूप में स्थापित करेगा। स्वीकृत परियोजनाएं नौ क्षेत्रों में फैली हुई हैं, जिनमें इस्पात, रसायन, एल्यूमीनियम, विमानन ईंधन, हरित ऊर्जा और उपकरण, परिधान और कपड़ा, बिजली और नवीकरणीय ऊर्जा और सीमेंट शामिल हैं।

# अभिमत

*जंगल की अच्छे से रखवाली की जाए, और उसे विश्राम दिया जाए तो कुछ ही सालों में नया जंगल हरा-भरा हो जाता है। उसमें कुछ भी करने की जरूरत नहीं है, सिर्फ रखवाली करनी जरुरी है। जो जगह खाली है, या वहां के पौधे छोटे हैं, वहां नए पौधे आ जाते हैं और छोटे पौधों को भी बढ़ने का मौका मिलता है। इस लिहाज से जंगल की रखवाली बहुत ही महत्वपूर्ण है। इस कारण जंगल में विविधता तो देखी जाती है, तरह-तरह के पक्षियों का भी बसेरा होता है।*

## प्रकृति से जुड़ा है कमारों का जीवन

**नवाचार**

■ बाबा मायाराम

छत्तीसगढ़ में गरियाबंद जिले में कमार आदिवासियों की आबादी है। कमार, विशेष पिछड़ी जनजाति समूह (पीवीटीजी) के अंतर्गत आते हैं। ये आदिम जनजातियों में से एक हैं। इनकी पारंपरिक जीवनशैली प्रकृति के करीब है। कमारों की आजीविका बांस के बर्तन बनाकर बेचने और जंगल से भी जुड़ी से है। हाल के कुछ वर्षों से कमार खेती की ओर भी मुड़े हैं। इस कॉलम में सुदूर जंगल के गांवों में कमार आदिवासियों के जीवन में झांकने की कोशिश है, जिससे उनका प्रकृति से जुड़ाव को समझा जा सके।

मैंने हाल ही में इस इलाके का दौरा किया था। मुझे प्रेरक स्वयंसेवी संस्था के कोमलराम साहू ने गरियाबंद के कुछ गांव के लोगों से मिलवाया था और जंगल दिखाया था। जंगल में हवा की खुशबू थी। गर्म लू के थपेड़ों की बजाय हवा में कुछ नमी थी। एक ओर चिड़ियों की आवाज आ रही थी और दूसरी ओर पैरी नदी कल-कल बह रही थी, उसकी आवाज आ रही थी। हवा की ताजगी, पेड़ों की चमकीली पत्तियां, कीट-पतंगों की भिनभिनाहट और पानी की झिलमिलाहट मुझे खींच रही थी।

यह बहुत ही खूबसूरत इलाका है। यहां राजिम में त्रिवेणी संगम है। जलप्रपात और जतमई माता का मंदिर है। महानदी और पैरी नदी है। इसी प्रकार, यहां सांस्कृतिक विविधता भी देखने को मिलती है।

राजिम स्थित प्रेरक स्वयंसेवी संस्था इस इलाके में लंबे समय से काम कर रही है। देसी बीजों की जैविक खेती, शिक्षा, बुजुर्गों के लिए आश्रम, मानसिक स्वास्थ्य की समस्या से ग्रस्त युवाओं के लिए केन्द्र इत्यादि। पिछले कुछ वर्षों से वन अधिकार कानून के तहत सामुदायिक वनाधिकार के लिए लोगों को जागरूक करने से लेकर वन प्रबंधन, पौधारोपण, जल संरक्षण कई कामों में संस्था सहयोग कर रही है।

**जलवायु बदलाव के दौर में जल संरक्षण व हरियाली का बने रहना, गांव में दो सबसे बड़ी ज़रूरतें हैं, वनों की रक्षा से दोनों काम हो रहे हैं, जंगल होगा तो पानी व मिट्टी का भी संरक्षण होगा। हमें वन खाद्य, चारे, वन, मिट्टी संरक्षण के साथ स्थानीय वृक्षों को महत्व देना चाहिए। इस गांव के लोगों ने यह काम कर दिखाया है, जो सराहनीय होने के साथ अनुकरणीय भी है।**

यहां के आमझर गांव के ग्रामीण बताते हैं कि वैसे तो हम जंगल की रखवाली व देखभाल लम्बे समय से करते आ रहे हैं, पर इसे व्यवस्थित रूप से दो-तीन सालों से कर रहे हैं। जब से वन अधिकार कानून के तहत् वन संसाधन का अधिकार मिला है, उसके बाद वन प्रबंधन समिति का गठन किया गया है।

गांव की महिलाओं ने बताया कि बांस से खुमरी, मोरा, टुकना, झिंझरी, सूप, चांप, झाड़ू और चटाई बनाते हैं, जिन्हें बेचकर पेट पालते हैं। जंगल से बहुत सारी खान-पान की चीजें मिलती हैं, जैसे फल, फूल, हरी पत्तेदार भाजियां इत्यादि। फुटू (मशरूम) भी कई तरह के मिलते हैं, जैसे भिमोरी फुटू, भदेली फुटू, पैरा फुटू इत्यादि।

इसी प्रकार, कई प्रकार की भाजियां मिलती हैं- जैसे चरौटा भाजी, अमटी भाजी, कोलियारी भाजी इत्यादि। फलों में तेंदू, चार, आम, कुसुम, मोकाई और भिलवां मिलते हैं।

ग्रामीण बताते हैं कि इस गांव के जंगल में पिछले साल आग नहीं लगी, क्योंकि गांव के लोग बारी-बारी से इसकी रखवाली करते हैं। जबकि आसपड़ोस के जंगल में आग लगी है, उनके जंगल में नहीं लगी। जंगल में आग लगना आम बात है। इसका मुख्य कारण महुआ संग्रह के लिए पेड़ के नीचे कचरा व पत्तों में आग लगना है। इसके कारण आग फैल जाती है। चरवाहे व राहगीरों के माध्यम से आग लग जाती है। जंगल में आग की वजह से छोटी-मोटी झाड़ियां, फलदार पेड़ और कंद-मूल इत्यादि जलकर नष्ट हो जाते हैं।

वे आगे बताते हैं कि महुआ बीनने से पहले गांव में बैठक हुई थी, उसमें तय हुआ कि कुछ जगह छोड़कर आग लगाएं। इसके लिए पतझड़ में जो पत्ते झड़ते हैं, उन्हें अलग करके रखते हैं, जिससे आग न लगे। इसके साथ ही, जंगल की सीमा में एक गड्ढा बनाया गया है, ताकि आग से जंगल को बचाया जा सके। आग से जलने वाली चीजों के इस्तेमाल पर रोक लगाई है।

वे बतलाते हैं कि वे सुबह से शाम तक जंगल की रखवाली करते हैं। अगर कोई व्यक्ति जंगल में मिलता है तो उसे हिदायत देते हैं कि जंगल में आग मत लगाना। जंगल में आग लगने से खेतों की नमी खत्म हो जाती है। इतना ही नहीं, तरह-तरह के कीट-पतंगें, सांप, मेढ़क और पक्षी, यह सब भी इस आग से जलकर मर जाते हैं। इनमें से कई खेती में उपयोगी हैं।

गांव की वन प्रबंधन समिति ने जंगल की सुरक्षा के लिए नियमावली बनाई गई है, जिससे जंगल को किसी प्रकार नुकसान न हो, यह सुनिश्चित किया जा रहा है। गीली लकड़ी न काटें। अगर गांव के बाहर से कोई व्यक्ति जंगल आता है तो उसे लकड़ी ले जाने के लिए मना करते हैं। बकरी व मवेशियों को भी जंगल में ले जाने से मना करते हैं, जिससे छोटे पौधों को नुकसान न हो।

इसी वर्ष राजस्थान के भेड़ चराने वालों को गांववालों ने जंगल में भेड़ चराने से रोका था, क्योंकि छोटे पौधों को इससे नुकसान होता है। गांव के मवेशियों के लिए एक ही जगह चराई हो, जिससे छोटे पेड़ पौधों को नुकसान न हो। इसके साथ ही दुर्लभ प्रजाति के पेड़ों को काटने पर रोक है।

वे आगे बताते हैं जलाने के लिए सूखी लकड़ी ही लाएंगे, जहां जंगल में पेड़ कम हैं, वहां पौधारोपण करेंगे, जंगल की कटाई नहीं हो, वनोपज सबको मिले, यह सुनिश्चित करेंगे, मशरूम के लिए किसी के लिए रोक-टोक नहीं है। अगर किसी व्यक्ति को नया मकान बनाना है या मरम्मत करना है तो लकड़ी के लिए ग्रामसभा की अनुमति लेनी होगी।

एक ग्रामीण ने बताया कि यहां घने जंगल होने के कारण जमीन में नमी होती है जो खेती के लिए बहुत अच्छी होती है। पेड़ की शाखाएं जैसे- कर्रा, हर्रा, तेंदू और चार से पानी होकर खेतों में जाता है, वह मिट्टी को बहुत उपजाऊ बनाता है। जंगली चूहा खेतों में बिल बनाकर रहता था, जिससे खेतों की जुताई हो जाती थी, चिड़िया भी कीटनाशक का काम करती हैं, इनके कम होने से फसलों में कीट ज्यादा लगते हैं।

गांव वालों ने बताया कि अगर जंगल की अच्छे से रखवाली की जाए, और उसे विश्राम दिया जाए तो कुछ ही सालों में नया जंगल हरा-भरा हो जाता है। उसमें कुछ भी करने की जरूरत नहीं है, सिर्फ रखवाली करनी जरुरी है। जो जगह खाली है, या वहां के पौधे छोटे हैं, वहां नए पौधे आ जाते हैं और छोटे पौधों को भी बढ़ने का मौका मिलता है। इस लिहाज से जंगल की रखवाली बहुत ही महत्वपूर्ण है। इस कारण जंगल में विविधता तो देखी जाती है, तरह-तरह के पक्षियों का भी बसेरा होता है।

कुल मिलाकर, यहां के ग्रामीण अपने गांव के आसपास का जंगल, चारागाह, वन, जलस्रोत सुधार कर गांव के दीर्घकालीन विकास व गांव के पर्यावरण की रक्षा की संभावनाओं को निरंतर बढ़ा रहे हैं। कमार आदिवासियों का आत्मविश्वास बढ़ रहा है।

जलवायु बदलाव के दौर में जल संरक्षण व हरियाली का बने रहना, गांव में दो सबसे बड़ी ज़रूरतें हैं, वनों की रक्षा से दोनों काम हो रहे हैं, जंगल होगा तो पानी व मिट्टी का भी संरक्षण होगा। हमें वन खाद्य, चारे, वन, मिट्टी संरक्षण के साथ स्थानीय वृक्षों को महत्व देना चाहिए। इस गांव के लोगों ने यह काम कर दिखाया है, जो सराहनीय होने के साथ अनुकरणीय भी है।

## बीता सप्ताह

**23 नवंबर**

- बस्तर छत्तीसगढ़ के सुकमा ग्राम में जवानों और नक्सलियों के साथ मुठभेड़ में 10 नक्सली मारे गए।
- सेनेगल के चुनाव में सत्तारूढ़ पार्टी 'पास्तेफ' को तीन चौथाई बहुमत प्राप्त हुआ।
- चीन के समानव चंद्रयान मिशन में प्रारंभिक मॉडल अनुसंधान में प्रवेश किया।
- नाइजीरिया, ब्राजील व गुयाना प्रवास के दौरान पीएम मोदी ने 31 नेताओं के साथ मुलाकात की।

**24 नवंबर**

- महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में एनडीए की महायुति की जीत हुई।
- झारखंड विधानसभा चुनाव में हेमंत सोरेन झारखंड मुक्ति मोर्चा पार्टी ने बहुमत हासिल किया।
- मणिपुर में हिंसात्मक घटनाओं के बाद लगे इंटरनेट प्रतिबंध को हटा लिया गया।
- अमेरिकी प्रतिभूति और विनिमय आयोग ने रिश्वत मामले में उद्योगपति गौतम अडानी एवं उनके भतीजे सागर अडानी को तलब किया।

**25 नवंबर**

- उत्तर प्रदेश के संभल में जामा मस्जिद सर्वेक्षण के दौरान स्थानीय लोगों और पुलिस के बीच हिंसक घटना में 5 लोगों की मौत हो गई।
- विकेट कीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत आईपीएल मैच के सबसे महंगे खिलाड़ी बने।
- राष्ट्रपति चुनाव के लिए रोमानिया में मतदान हुआ।
- आरबीआई के डिप्टी गर्वनर देबव्रत पात्रा ने ने कहा डिजिटल पेमेंट में कार्ड लीडर बन रहा भारत।

**26 नवंबर**

- सुप्रीम कोर्ट ने एक अहम सुनवाई में कहा संविधान की प्रस्तावना से समाजवादी व धर्मनिरपेक्ष शब्द नहीं हटाया जाएगा।
- पर्थ टेस्ट में भारत ने आस्ट्रेलिया को 295 रनों से हराया।
- आदित्य ठाकरे शिवसेना यूबीटी के विधायक दल के नेता बनाए गए।
- अफगानिस्तान में एक यात्री वाहन कोकचा नदी में गिर जाने छः लोगों की मौत हो गई।

**27 नवंबर**

- पूरे देश में 28 नवंबर को संविधान दिवस मनाया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संविधान को पवित्र ग्रंथ है कहा।
- किसान नेता सरदार जगजीत सिंह डल्लेवाल को पंजाब पुलिस ने हिरासत में लिया।
- पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को जेल से बाहर करने को उनकी पार्टी पीटीआई तहरीक ए इंसाफ द्वारा उग्र प्रदर्शन के दौरान 6 जवानों की मौत हो गई।
- जापान के तनेगाशिया अंतरिक्ष केन्द्र में रॉकेट परीक्षण के दौरान आग लग गई।

**28 नवम्बर**

- अजमेर की विश्वप्रसिछ ख्वाजा मोईनुद्दी चिश्ती की दरगाह के सर्वेक्षण को लेकर अजमेर कोर्ट ने अजमेर शरीफ को शिव मंदिर बताने वाली याचिका मंजूर कर ली है।
- इजराइल लेबनान के साथ 60दिन युद्धविराम पर सहमत हो गया है। यह समझौता 27 नवम्बर की आधीरात से लागू हो गया।
- बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया को भ्रष्टाचार मामले में उच्च न्यायालय ने बरी कर दिया।
- नेशनल एंटी डोपिंग एजेंसी (नाडा) ने पहलवान बजरंग पूतिया को सिलेक्श ट्रायल के दौरान डोप टेस्ट के लिए सेंपल देने से इंकार करने पर 4 साल के लिए निलंबित कर दिया।

**29 नवम्बर**

- झारखंड में हेमंत सोरेन ने चौथी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली।
- प्रियंका गांधी वाड्रा ने वायनाड सीट से सांसद बनने पर लोकसभा सदस्यता की शपथ ली।
- बसर्लिोना के फॉरवर्ड लैमिन यामल ने वर्ष 2024 का गोल्डन बॉय तथा महिला वर्ग में मिडफील्डर विकी लोपेज ने गोल्डन गर्ल पुरस्कार जीता।
- आस्ट्रेलिया संसद में बच्चों के सोशल मीडिया के उपयोग पर रोक लगाने वाला विधेयक पारित हुआ।

## अब सर्वोच्च न्यायालय पूजा स्थल अधिनियम की रक्षा करे

■ पी सुधीर

उत्तर प्रदेश के संभल में हाल ही में हुई घटनाएं, जिसमें पांच युवा मुस्लिम पुरुषों की मौत हो गयी, संसद द्वारा अधिनियमित पूजा स्थल (विशेष प्रावधान) अधिनियम, 1991 के महत्व को रेखांकित करती है। यह कानून देश की आजादी 15 अगस्त 1947 को पूजा स्थलों की स्थिति के अलग 'किसी भी पूजा स्थल के रूपांतरण' (धारा 3) को प्रतिबंधित करता है और उस समय की स्थिति के अनुरूप 'किसी भी पूजा स्थल के धार्मिक चरित्र को बनाये रखने का प्रावधान करता है (धारा 4)। कोई भी व्यक्ति 'किसी भी धार्मिक संप्रदाय या उसके किसी भी वर्ग के पूजा स्थल को उसी धार्मिक संप्रदाय के किसी अन्य वर्ग या किसी अन्य धार्मिक संप्रदाय के पूजा स्थल में परिवर्तित नहीं कर सकता'। ध्यान रहे कि रामजन्मभूमि-बाबरी मस्जिद विवाद को अधिनियम के दायरे से बाहर रखा गया था।

**संभल में 16वीं सदी की मस्जिद को लेकर विवाद को हवा देने की कोशिशों में न्यायिक मिलीभगत का भी हाथ था। उत्तर प्रदेश के स्थानीय न्यायालयों में हमने जो देखा है- वाराणसी, मथुरा और अब संभल में - वह सदियों पुरानी मस्जिदों को हिंदू वर्चस्व स्थापित करने के लिए युद्ध के मैदान में बदलने की योजनाबद्ध कोशिश है।**

2019 में अयोध्या विवाद पर सर्वोच्च न्यायालय की पांच सदस्यीय पीठ के फैसले ने भी पूजा स्थल अधिनियम की वैधता को दोहराया था और कहा था कि मौजूदा धार्मिक स्थलों के खिलाफ कोई दावा कानून द्वारा स्वीकार नहीं किया जा सकता है। हालांकि, मई 2022 में सुप्रीम कोर्ट ने वाराणसी में ज्ञानवापी मस्जिद का सर्वेक्षण करने की अनुमति दी थी। जिला अदालत में दायर एक याचिका में कहा गया है कि मस्जिद को एक ध्वस्त मंदिर के खंडहर पर बनाया गया था। भारत के तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने सर्वेक्षण जारी रखने की अनुमति देते हुए कहा कि 1991 के अधिनियम के तहत किसी धार्मिक स्थल की प्रकृति का पता लगाना वर्जित नहीं है। बाद में न्यायालय ने यह भी माना कि याचिकाकर्ता केवल 15 अगस्त, 1947 को स्थान की स्थिति का पता लगाने की मांग कर रहे हैं, न कि अधिनियम के अनुसार स्थान की प्रकृति को बदलने या परिवर्तित करने की।

इस भयावह निर्णय से, हिंदू संप्रदायवादियों के लिए विभिन्न स्थानों पर कानूनी विवाद खड़ा करने के लिए बाढ़ के द्वार खुल गये, जहां मस्जिदें मौजूद हैं। ज्ञानवापी मस्जिद सर्वेक्षण की मांग के बाद मथुरा में ईदगाह में इसी तरह का मामला सामने आया और जिला अदालत ने सर्वेक्षण का आदेश दिया। इसके बाद संभल का मामला आया। 19 नवंबर को जिला अदालत ने अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन द्वारा दायर एक आवेदन के आधार पर 1526 में निर्मित मुगलकालीन मस्जिद के सर्वेक्षण की अनुमति दी, जिन्होंने पहले मथुरा और वाराणसी की जिला अदालत में याचिकाएं दायर की थीं।

इस तथ्य के बावजूद कि मस्जिद एक संरक्षित स्मारक है, आवेदन को तुरंत स्वीकार कर लिया गया।

आश्चर्यजनक तत्परता के साथ, अदालत ने एक अधिवक्ता आयोग का गठन किया और उसी दिन सर्वेक्षण करने का आदेश दिया। सर्वेक्षण रिपोर्ट 29 नवंबर को प्रस्तुत की जानी थी। मस्जिद समिति को सुनवाई का मौका भी नहीं दिया गया। मस्जिद समिति के पूर्ण सहयोग से सर्वेक्षण किया गया। हालांकि, 24 नवंबर को सर्वेक्षण दल मस्जिद में एक और सर्वेक्षण करने पहुंचा। इस बार उनके साथ न केवल पुलिस थी, बल्कि बड़ी संख्या में लोग 'जय श्री राम' के नारे लगा रहे थे। मुसलमानों की भीड़ जमा हो गयी और कुछ ही देर बाद स्थिति नियंत्रण से बाहर हो गयी, पत्थरबाजी, लाठी चार्ज, आंसू गैस और गोलीबारी शुरू हो गयी। तीन युवा मुस्लिम युवकों की गोली लगने से मौत हो गई और बाद में दो और घायल हो गए।

स्थानीय समाजवादी पार्टी के सांसद और समाजवादी पार्टी के विधायक के बेटे पर पुलिस द्वारा दर्ज की गयी एफआईआर में दंगा और हिंसा भड़काने का आरोप लगाया गया है। उत्तर प्रदेश में आदित्यनाथ शासन में किसी भी बहाने से मुसलमानों पर बड़े पैमाने पर हमला किया जा रहा है। कुछ सप्ताह पहले बहराइच में हुई सांप्रदायिक हिंसा के कारण मुस्लिम समुदाय के खिलाफ राज्य का दमन हुआ और बड़ी संख्या में मुस्लिम युवकों को गिरफ्तार किया गया। हिंदूवादी संगठन कानूनी तरीके से विवाद को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न मस्जिदों को निशाना बना रहे हैं।

संभल में 16वीं सदी की मस्जिद को लेकर विवाद को हवा देने की कोशिशों में न्यायिक मिलीभगत का भी हाथ था। उत्तर प्रदेश के स्थानीय न्यायालयों में हमने जो देखा है - वाराणसी, मथुरा और अब संभल में - वह सदियों पुरानी मस्जिदों को हिंदू वर्चस्व स्थापित करने के लिए युद्ध के मैदान में बदलने की योजनाबद्ध कोशिश है।

सबसे परेशान करने वाली बात यह है कि यह सब खुद सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस चंद्रचूड़ के नेतृत्व में संभव हुआ, जिसने उसी कानून की अवहेलना की जिसका पालन करने का आदेश पहले सभी को दिया था। अगर इस विनाशकारी रास्ते को पलटना है, तो सुप्रीम कोर्ट को तुरंत हस्तक्षेप करना चाहिए और पूजा स्थल अधिनियम की पवित्रता को बनाये रखना चाहिए, जो 15 अगस्त, 1947 के बाद पूजा स्थल के बारे में कोई भी कानूनी विवाद उठाने की अनुमति नहीं देता है।

## भारत-नाइजीरिया संबंधों में विस्तार की असीम संभावनाएं

■ डॉ.पार्वती वासुदेवन व डॉ. ए वासुदेवन

नाइजीरिया संघीय गणराज्य के राष्ट्रपति बोला अहमद टीनूबू के निमंत्रण पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 16 और 17 नवंबर को नाइजीरिया की यात्रा पर गए थे। 17 वर्षों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की इस यात्रा ने नाइजीरिया के साथ भारत की 'रणनीतिक साझेदारी' को आगे बढ़ाया है। नाइजीरियाई अर्थव्यवस्था अफ्रीकी महाद्वीप में सबसे तेजी से बढ़ती और चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है।

अगर 21वीं सदी वास्तव में वैश्विक दक्षिण से संबंधित है तो भारत और नाइजीरिया के बीच संबंधों को शैक्षिक छात्रवृत्ति, कच्चे तेल और सैन्य प्रशिक्षण के चश्मे से परे देखा जाना चाहिए। इन संबंधों में एक नया अध्याय तब शुरू हुआ जब 2023 में नई दिल्ली में आयोजित जी-20 सम्मेलन ने उच्च तालिका में स्थायी स्थान के साथ अफ्रीकी प्रतिनिधित्व का स्वागत किया।

भारत और नाइजीरिया के पास मानव गतिविधियों के सामाजिक-आर्थिक क्षेत्रों में एक-दूसरे को देने के लिए बहुत कुछ है। नाइजीरिया इस समय अफ्रीका में तीसरा सबसे बड़ा विनिर्माण क्षेत्र है जो और आगे बढ़ना चाहता है। अन्य क्षेत्रों में भी तेजी से प्रगति हुई है। उदाहरण के लिए डांगोट रिफाइनरियों के आगमन के कारण पेट्रोलियम वस्तुओं का उत्पादन करने के लिए तैयार नाइजीरिया के साथ भारत और बाकी दुनिया के साथ इसके अंतरराष्ट्रीय संबंधों की प्रकृति अनिवार्य रूप से एकदम बदल जाएगी। यह कायापलट किसी सीमा तक उन विचारों द्वारा निर्देशित होगी जो अमेरिका में नए ट्रम्प प्रशासन की विशेषता होगी।

**नाइजीरिया ने अफ्रीकी देशों को कई तरह की मदद दी है जिसके कारण नाइजीरिया के आर्थिक प्रभुत्व पर सवाल नहीं उठाया जा सकता। इसकी अनुमानित आबादी 23.46 करोड़ है जो भारत की अनुमानित आबादी का लगभग 16 प्रतिशत और अमेरिकी आबादी का करीब 60 फीसदी से है। यह महाद्वीप की सबसे बड़ी आबादी है और यही कारण है कि नाइजीरिया को 'अफ्रीकी भीम' कहा जाता है।**

भारतीय नजरिए से देखें तो मध्य पूर्व में तनाव, यूक्रेन-रूस संघर्ष और अपनी विस्तारवादी नीतियों के साथ चीनी कूटनीति के अनिश्चित आयामों के कारण दुनिया की भू-राजनीति पर असर की वजह से अफ्रीकी महाद्वीप के साथ नए संबंधों बनाने के लिए भारत विवश हुआ है।

नाइजीरिया ने अफ्रीकी देशों को कई तरह की मदद दी है जिसके कारण नाइजीरिया के आर्थिक प्रभुत्व पर सवाल नहीं उठाया जा सकता। इसकी अनुमानित आबादी 23.46 करोड़ है जो भारत की अनुमानित आबादी का लगभग 16 प्रतिशत और अमेरिकी आबादी का करीब 60 फीसदी से है। यह महाद्वीप की सबसे बड़ी आबादी है और यही कारण है कि नाइजीरिया को 'अफ्रीकी भीम' कहा जाता है। देश में वैज्ञानिक और शैक्षणिक क्षेत्रों में प्रगति के बहुत मौके हैं। इसके पास जनसांख्यिकीय लाभांश का उपयोग कर कौशल, आधुनिकीकरण के लिए आवश्यक सुधार, सामाजिक-आर्थिक क्षेत्र आतंकवादी समूहों- मुख्य रूप से बोको हरम की हिंसा पर लगाम लगाने के अवसर हैं।

फिर भी नाइजीरिया की प्रगति में एक और बाधा का वहां का कमजोर राजनीतिक और आर्थिक शासन है जिसमें भ्रष्टाचार व्याप्त है। न्याय व्यवस्था भी अन्य संस्थानों की तरह शक्तिशाली अभिजात वर्ग की कैद में हैं। इसलिए कोई आश्चर्य नहीं कि पिछले दस वर्षों में नाइजीरिया के आर्थिक संकेतकों में उच्च मुद्रास्फीति दर, कम वृद्धि और विदेशी मुद्रा भंडार के अपेक्षाकृत अल्प भंडार का बोलबाला है। इस वक्त वार्षिक मुद्रास्फीति 30 प्रति सैकड़ा से अधिक, वार्षिक वृद्धि लगभग 3 प्रश और विदेशी मुद्रा भंडार लगभग 40 अरब अमेरिकी डॉलर है। विदेशी मुद्रा बाजार दर 1660 नायरा प्रति 1 अमेरिकी डॉलर से अधिक की होने के कारण आर्थिक विविधीकरण और नाइजीरिया की उत्पादन क्षमताओं को बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण कच्चे माल और इनपुट के आयात के लिए ज्यादा गुंजाइश नहीं देती है।

इसके बावजूद जैसा कि ईंधन सब्सिडी के उन्मूलन से स्पष्ट है कि वर्तमान प्रशासन यह उम्मीद दिलाता है कि प्रतिबद्धता हो तो विरोध के बाद भी सुधार किए जा सकते हैं। बैंकों के दबदबे वाला वित्तीय क्षेत्र पहले से बेहतर स्थिति में है। यह नई तकनीकों को अपना सकता है तथा साइबर धोखाधड़ी और हमलों को दूर करने के लिए निश्चित उपायों के साथ भुगतान के बुनियादी ढांचे को बेहतर बनाने में मदद कर सकता है।

भारत ने पिछले 10 वर्षों में उल्लेखनीय आर्थिक रिकॉर्ड बनाया है और 2030 से पहले दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का लक्ष्य रखा है। करीब 4 फीसदी दर के साथ मध्यम अवधि में मुद्रास्फीति के सालाना 7-8 प्रश की दर से बढ़ने की उम्मीद है। वर्तमान विदेशी मुद्रा भंडार 700 अरब अमेरिकी डॉलर के करीब है। नई प्रौद्योगिकियां बहुत विकसित हैं और मध्यम से दीर्घकालिक अवधि के भीतर पूरे आर्थिक स्थान पर कब्जा कर लेंगी। तो भी इस स्थिति पर पहुंचने में कच्चे माल और ऊर्जा आपूर्ति की कमी महत्वपूर्ण बाधा है।

इस पृष्ठभूमि पर प्रधानमंत्री की यह यात्रा भारत और नाइजीरिया के संबंधों को आगे बढ़ा रही है। यह व्यापक रूप से स्वीकार किया जाता है कि दोनों देशों को सुधारों व आर्थिक सुशासन की एक विस्तृत श्रृंखला पर भी ध्यान केंद्रित करना होगा। उन्हें आर्थिक बहिष्कार को खत्म करने, रोजगार की संभावनाओं को बढ़ाने तथा आर्थिक असमानताओं को कम करने में भी निवेश करना होगा।

दोनों देशों के बीच सहयोग कुछ मुद्दों पर आधारित है जिन्हें अबुजा में भारत और नाइजीरिया की सरकारों के प्रमुखों की बैठक में उठाया गया था। उनमें से मध्यम अवधि में ऊर्जा की आपूर्ति है। इसका मतलब यह है कि जब तक नाइजीरिया पेट्रोलियम उत्पादों के उत्पादन में आत्मनिर्भर नहीं हो जाता तब तक उसे भारत से पेट्रोलियम उत्पादों के आयात पर निर्भर रहना होगा जबकि भारत अपनी बढ़ती तेल मांग को पूरा करने के लिए कच्चे तेल का आयात कर सकता है।

दोनों देशों को चिप्स और सेमी-कंडक्टर के वर्चस्व वाले नए तकनीकी विश्व में विकास के लिए महत्वपूर्ण खनिजों की उपलब्धता का पता लगाने की आवश्यकता है। नाइजीरिया में मिले भूगर्भीय खोजों की जानकारी आसानी से उपलब्ध नहीं होती और यहीं भारत के सहयोग पर नाइजीरिया निर्भर रह सकता है।

नाइजीरिया में इस्पात और बसों, मेट्रो व इंटरसिटी रेलवे सहित सार्वजनिक परिवहन जैसे बुनियादी ढांचे वाले कुछ महत्वपूर्ण उद्योग ज्यादा सक्रिय तथा विकसित नहीं हैं। इन क्षेत्रों में श्रम सुधार, भ्रष्टाचार के रिसाव व लूटमार को जड़ से खत्म करने के लिए सख्त पेशेवर प्रतिबद्धता मजबूत करने की भी आवश्यकता है।

इन क्षेत्रों में सहयोग संधि में कुछ गारंटी खंडों को प्रभावी कर भारत पर नाइजीरिया निर्भर हो सकता है। ऐसा इसलिए है क्योंकि स्टील और सार्वजनिक परिवहन दोनों क्षेत्रों में नाइजीरिया का अनुभव काफी निराशाजनक रहा है। दोनों देशों के बीच साझेदारी में रक्षा, सैन्य हथियार और प्रशिक्षण से संबंधित मुद्दे प्रमुख रूप से बने हुए हैं। फिर भी, आपसी विश्वास के आधार पर सार्थक सहयोग में सुधार के लिए दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक और शैक्षिक आदान-प्रदान को आगे बढ़ाना होगा।

*(पार्वती वासुदेवन मुंबई विश्वविद्यालय में एसोसिएट प्रोफेसर थीं। ए वासुदेवन आरबीआई के कार्यकारी निदेशक और सेंट्रल बैंक ऑफ नाइजीरिया के गवर्नर के विशेष सलाहकार थे। सिंडिकेट: द बिलियन प्रेस)*

देशबन्धु
संस्कारधानी
5 बिलासपुर
शनिवार, 30 नवंबर 2024

उल्टा पुल्टा

संतू ने एक सैलून खोला और बंटी वहां हजामत कराने गया।
संतू- मूछें रखनी है?
बंटी- हां, जी।
संतू (मूछें काटकर)- ये लो जी, जहां रखनी है, रख लो।



# इलेक्ट्रॉनिक तौल बाट से गड़बड़ी का रास्ता हुआ बंद

### माइक्रो एटीएम से समिति पर हो रहा नगद भुगतान

**बिलासपुर**, 29 नवम्बर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशा के अनुरूप जिले में किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी की जा रही है। किसानों की सुविधा के लिए खरीदी केंद्रों में सभी इंतजाम के साथ माइक्रो एटीएम के जरिए नकद निकासी की सुविधा से खुश हैं किसान।

जिले में अब तक 135 करोड़ रूपए की 43,597 मीट्रिक टन धान की खरीदी की जा चुकी है। 10 हजार से अधिक किसानों ने अपने निकटतम केन्द्रों पर धान बेचे हैं। तखतपुर के ग्राम पोड़ी धान खरीदी केंद्र में इलेक्ट्रानिक मशीन से धान तौला जा रहा है। केंद्र में 450 क्विंटल धान की बिक्री करने पहुंचे किसान रमा शंकर कौशिक ने बताया कि केंद्र में धान बेचने में किसी भी तरह की समस्या नहीं हुई है और भुगतान की राशि भी जल्दी ही किसानों के खाते में आ रही है। उपपंजीयक सहकारी संस्थाएं श्रीमती मंजू महेंद्र पांडे ने बताया कि जिले के 114 सोसाइटी के 140 खरीदी केंद्रों में धान खरीदी की जा रही है। किसानों से 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान की खरीदी हो रही है इसमें किसी भी तरह के संशय की स्थिति नहीं है। उन्होंने कहा कि माइक्रो एटीएम के जरिए किसान 10 हजार रुपए तक की नकद निकासी केंद्रों पर ही कर सकते हैं, और टोकन तूहर हाथ ऐप से टोकन कटवा सकते हैं अथवा खरीदी केंद्रों से टोकन कटवाया जा सकता है। श्रीमती पांडेय ने किसानों से अपील की कि वे अपनी बैंक से संबंधित जानकारी किसी से भी साझा न करें व धान बेचने में किसी भी तरह की समस्या होने पर केंद्र के कर्मचारियों से संपर्क करें, किसानों की समस्या के त्वरित निराकरण के प्रयास किए जाएंगे।

# आंगनबाड़ी केन्द्रों में बनेंगे बच्चों के जाति प्रमाण पत्र

## नगरीय क्षेत्रों में स्वीकृत कार्य तत्काल शुरू करें, कलेक्टर ने की फ्लैगशीप योजनाओं की समीक्षा

### कलेक्टर ने सिकलसेल की जांच के लिए आंगनबाड़ी केन्द्रों पर फोकस करने के दिए निर्देश



**बिलासपुर**, 29 नवंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर अवनीश शरण ने अधिकारियों की बैठक लेकर राज्य सरकार की प्राथमिकता वाली योजनाओं में कार्य प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि स्कूल आने के पूर्व बच्चों के हाथों में जाति प्रमाण पत्र होने चाहिए।

लिहाजा आंगनबाड़ी केन्द्रों पर ही उनका प्रमाण पत्र तैयार किया जाये। इस संबंध में राजस्व अफसरों की बुधवार को आयोजित बैठक में विस्तृत रूपरेखा तैयार किया जायेगा। बैठक में निगम आयुक्त अमित कुमार एवं जिला पंचायत के सीईओ संदीप अग्रवाल सहित विभागीय अधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर ने सिकल सेल की जांच के लिए आंगनबाड़ी केन्द्रों पर फोकस करने के निर्देश दिए। शुरूआत में ही बीमारी पकड़ में आ जाने पर इलाज आसान हो जाता है। कलेक्टर ने नगरीय निकाय क्षेत्रों में स्वीकृत तमाम विकास कार्य शुरू करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि अगले 10 दिनों के भीतर कार्य शुरू कर सूचित किया जाये। कलेक्टर ने पीएम आवास योजना की प्रगति की समीक्षा भी की। उन्होंने धीमी कार्य प्रगति पर नाराजगी जाहिर करते हुए तेजी लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बैठक में राजस्व सहित आयुष्मान कार्ड, चिरायु, एनआरसी, पीएमश्री स्कूल लोक सेवा गारण्टी सहित अन्य प्रमुख योजनाओं की समीक्षा कर निर्देश दिए।

## सार-संक्षेप

### वेस्टर्न नेशनल पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में लगा पदक एवं टाइटल स्ट्रांग मैन-वूमेन की झड़ी




**बिलासपुर**,29 नवंबर (देशबन्धु)। वेस्टर्न पावर लिफ्टिंग एसोसिएशन मान्यता प्राप्त वर्ल्ड पावरलिफ्टिंग फेडरेशन एवं कोरबा पावरलिफ्टिंग एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में वेस्ट इंडिया राष्ट्रीय पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप का आयोजन कोरबा के दीपिका में आयोजित किया गया था.जिसमें बिलासपुर जिले के खिलाड़ियों ने भाग लेते हुए अपने खेल का शानदार प्रदर्शन किया।जिसमें कु. मेघा भगत दो स्वर्ण पदक के साथ पावरलिफ्टिंग एवं बेंच प्रेस में स्ट्रांग वूमेन का खिताब, कु. दिव्यांशी साहू दो स्वर्ण पदक के साथ पावरलिफ्टिंग एवं डेडलिफ्ट में स्ट्रांग वूमेन का खिताब,कु. वर्षा भगत दो स्वर्ण पदक के साथ बेंच प्रेस में स्ट्रांग वूमेन का किताब,श्रीमती सरला हेंब्राम एक स्वर्ण पदक के साथ डेडलिफ्ट में स्ट्रांग वूमेन का खिताब, प्रियांशु मानिकपुरी दो कांस्य पदक ,वीरेंद्र सांवरा एक रजत एवं एक कांस्य पदक ,जयेश पंजवानी एक स्वर्ण पदक, जय संजय लूथर एक स्वर्ण पदक के साथ बेंच प्रेस में स्ट्रांग मैन का खिताब, अक्षत वर्मा एक रजत पदक के साथ अपने जिले एवं छत्तीसगढ़ राज्य का मान सम्मान बढ़ाया. इस प्रकार से कुल 14 पदक जिसमें 9 स्वर्ण पदक, 2 रजत पदक एवं 3 कांस्य पदक प्राप्त हुआ।बिलासपुर संभाग के आयरन खेलों के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी एवं सर्टिफाइड कोच एवं गंगाश्री जिम के डायरेक्टर उत्तम कुमार साहू ने अपने खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर खुशी जताई है और आने वाले सत्र में बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद की है.यूनाइटेड पावर लिफ्टिंग एसोसिएशन के महासचिव उदल वाल्मीकि एवं कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल ने सभी खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर बधाई दी है।

### मंडल रेल परिवार के 18 सदस्य हुये सेवानिवृत्त

#### सम्मान समारोह में दी गई भावभीनी विदाई




**बिलासपुर** , 29 नवंबर (देशबन्धु)। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के विभिन्न विभागों में कार्यरत 18 रेल परिवार के सदस्य माह नवंबर 2024 में अपनी गौरवशाली रेल सेवा पूर्ण करने के पश्चात् सेवानिवृत्त हुए ।मंडल कार्मिक सभागार में आयोजित सम्मान समारोह में समस्त सेवानिवृत्त कर्मचारियों को सम्मानपूर्वक विदाई दी गई ।इस अवसर पर मंडल कार्मिक अधिकारी रुहीना तुफैल खान द्वारा सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों को बंदोबस्त भुगतान से संबंधित समस्त दस्तावेज़, सेवा प्रशस्ति प्रमाण-पत्र एवं सेवा मैडल आदि प्रदान किया गया।इस अवसर पर सेवानिवृत्त कर्मियों के परिजन, कल्याण निरीक्षक तथा कार्मिक निपटारा शाखा के कर्मचारीगण उपस्थित थे।मंडल के सेवानिवृत्त होने वाले 18 रेल परिवार के सदस्यों में परिचालन विभाग से 02, इंजीनियरिंग विभाग से 06, विद्युत विभाग से 05, यांत्रिक विभाग से 02 तथा वाणिज्य विभाग से 03 कर्मचारी शामिल हैं। इस अवसर पर मंडल कार्मिक अधिकारी ने सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों को उनकी गौरवशाली रेल सेवा के लिए बधाई दी तथा सेवानिवृत्त लाइफ को आनंदपूर्वक व्यतीत करने की बात कही।

### आंगनबाड़ी सहायिका एवं कार्यकर्ता के रिक्त पदों पर भर्ती हेतु आवेदन 9 से 23 दिसंबर तक

**बिलासपुर**, 29 नवम्बर (देशबन्धु)। एकीकृत बाल विकास परियोजना बिलासपुर शहरी अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्रों में सहायिका एवं कार्यकर्ता पदों पर भरती हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आंगनबाड़ी केन्द्रों 83, 60, 10 में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों 149, 17, 3, 7, 191, 196, 170, 123, 162, 261 एवं 263 में आंगनबाड़ी सहायिका की नियुक्त होनी है। इच्छुक आवेदिका 9 दिसंबर से 23 दिसंबर 2024 तक कार्यालयीन समय में एकीकृत बाल विकास परियोजना बिलासपुर शहरी में सीधे अथवा पंजीकृत डाक के माध्यम से आवेदन कर सकती हैं।

# सब्जी मंडी में व्यापारी पिता- पुत्र पर जानलेवा हमला

### आरोपियों पर कार्रवाई नहीं पीड़ित परिवार ने अनशन की दी चेतावनी



**बिलासपुर** , 29 नवम्बर (देशबन्धु)। बिलासपुर के तिफरा सब्जी मंडी के व्यवसायी धीरज कछवाहा के पिता दिनेश प्रसाद कछवाहा और भाई विकास कछवाहा पर हुए जानलेवा हमले के बाद पुलिस की निष्क्रियता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। घटना को लगभग दो महीने बीत चुके हैं, लेकिन आरोपियों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है, जिससे अपराधियों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं और पीड़ितों पर राजनीतिक और व्यापारिक दबाव बनाया जा रहा है। घटना लगभग दो महीने पहले की है, जब सब्जी व्यापारी रामकुमार साहू ने अपने बेटों के साथ मिलकर धीरज कछवाहा के परिवार पर जानलेवा हमला किया।

इस हमले में विकास कछवाहा को बुरी तरह पीटा गया और उनके पिता दिनेश प्रसाद कछवाहा के सिर पर लोहे की रॉड से हमला किया गया, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। हमले के बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया, और उनकी हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है।

डॉक्टरों ने बताया कि उनके सिर की चोटें गंभीर हैं और पूरी तरह से ठीक होने में महीनों लग सकते हैं। पुलिस की कार्रवाई पर उठ रहे सवाल इस गंभीर घटना के बावजूद सिरगिट्टी पुलिस की कार्रवाई पर सवाल उठ रहे हैं। पीड़ित परिवार द्वारा घटना की रिपोर्ट दर्ज कराने के बावजूद, पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कोई ठोस कदम नहीं उठाया। पीड़ितों ने नगर पुलिस अधीक्षक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, और पुलिस महानिरीक्षक से मिलकर न्याय की गुहार लगाई, लेकिन पुलिस द्वारा कोई विशेष कार्रवाई नहीं की गई। यहां तक कि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने थाना सिरगिट्टी को तुरंत कार्रवाई करने के निर्देश दिए, लेकिन इसके बाद भी पुलिस ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया।

**पुलिस के साथ सांठगांठ का आरोप**

पीड़ित परिवार का आरोप है कि सिरगिट्टी पुलिस जानबूझकर आरोपियों को बचा रही है और उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। विवेचना अधिकारी विजय शर्मा पर भी आरोप लगाया गया है कि उन्होंने बार-बार किए गए आवेदन के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की और आरोपियों को केस से संबंधित गोपनीय जानकारी देकर उन्हें बचाने की कोशिश की।

**पीड़ित परिवार को मिल रही धमकियां**

पुलिस की निष्क्रियता से हिम्मत पाए आरोपी अब खुलेआम घूम रहे हैं और पीड़ित परिवार पर केस वापस लेने का दबाव बना रहे हैं। रामकुमार साहू और उनके बेटे राजनीतिक और व्यापारिक दबाव डालकर पीड़ितों को धमका रहे हैं। धीरज कछवाहा को सब्जी मंडी व्यापार संघ के अध्यक्ष मुकेश अधीजा ने भी पांच दिनों के लिए दुकान बंद करने का आदेश दिया था, जो कि पूरी तरह से असंवैधानिक और गैर-कानूनी था।

**पीड़ितों की न्याय की गुहार**

पीड़ित परिवार ने मीडिया के सामने अपनी व्यथा बताते हुए कहा कि यदि समय रहते उचित कार्रवाई नहीं की गई तो वे आमरण अनशन पर बैठने को मजबूर होंगे। उन्होंने उच्च पुलिस अधिकारियों से गुहार लगाई है कि उन्हें जल्द से जल्द न्याय मिले और अपराधियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। यह मामला सिरगिही पुलिस की कार्यशैली और कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता है। पीड़ित परिवार के साथ हो रही अन्यायपूर्ण घटनाओं और अपराधियों की हिम्मत पुलिस की निष्क्रियता को साफ तौर पर दिखाती है।

# आंगनबाड़ी सहायिका पदों पर दावा-आपत्ति 9 दिसंबर तक

**बिलासपुर**, 29 नवम्बर (देशबन्धु)। एकीकृत बाल विकास परियोजना मस्तूरी अंतर्गत आंगनबाड़ी सहायिकाओं के पदों पर भरती हेतु दावा आपत्ति आमंत्रित किए गए हैं। ग्राम टिकरी के आंगनबाड़ी केन्द्र 04, ग्राम अकोला के आंगनबाड़ी क्रमांक 02, ग्राम दलदली के आंगनबाड़ी केन्द्र 03, ग्राम भरारी के आंगनबाड़ी केन्द्र 03, ग्राम नेवारी के आंगनबाड़ी केन्द्र तालाबपारा नेवारी, ग्राम बुढ़ीखार के आंगनबाड़ी केन्द्र नवोदयपारा बुढ़ीखार, ग्राम चिल्हाटी के आंगनबाड़ी केन्द्र 3, ग्राम बोहारडीह के आंगनबाड़ी केन्द्र 03, ग्राम लोहर्सी के आंगनबाड़ी केन्द्र 07, ग्राम सरगवां के आंगनबाड़ी केन्द्र 02 एवं ग्राम अमलडीहा के आंगनबाड़ी केन्द्रों हेतु प्राप्त आवेदनों के परीक्षण उपरांत अंतिम सूची जारी कर दी गई है। परियोजना कार्यालय मस्तूरी एवं जनपद पंचायत मस्तूरी में सूची देखी जा सकती है। दावा आपत्ति 9 दिसंबर तक एकीकृत बाल विकास परियोजना मस्तूरी में कार्यालयीन समय में किया जा सकता है।

# नकाबपोश युवती तिफरा दुकान से दो स्मार्ट फोन लेकर हुई फरार



**बिलासपुर**, 29 नवम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ की न्यायधानी बिलासपुर के तिफरा स्थित अजीज मोबाइल दुकान से नकाब पोश युवती दो स्मार्ट फोन लेकर फरार हो गई। मिली जानकारी के अनुसार आज सुबह-सुबह दो शातिर युवतियों ने मिलकर मोबाइल दुकान में चोरी की घटना को अंजाम दिया है। तिफरा ओवरब्रिज के पास स्थित अजीज मोबाइल दुकान में एक नकाब पोश युवती ने दुकान में आकर पहले मोबाइल दिखाने को दुकान में काम कर रही युवती से कहा। दुकान मे मौजूद इस युवती ने दो स्मार्ट मोबाइल फोन निकाल कर दिखाए। इसके बाद युवती ने उसे तीसरा अन्य स्मार्ट फोन दिखाने को कहा। युवती दुकानदार महिला जैसे ही पलटी तो चालाक युवती दोनों स्मार्ट फोन को लेकर अपनी साथी युवती जो दुकान के बाहर स्कूटी में खड़ी थी, उसके साथ मोबाइल को लेकर फरार हो गई। यह पूरी घटना दुकान के सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।

इस घटना के बाद दुकानदार युवती ने पुलिस में अज्ञात आरोपी युवतियों के खिलाफ चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। इसके बाद पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरी का प्रकरण दर्ज कर आरोपी युवतियों की तलाश में सिरगिट्टी पुलिस जुट गई है।

# परीक्षा फार्म एवं नामांकन फार्म भरने की तिथि में वृद्धि करने की मांग



**बिलासपुर** ,29 नवम्बर (देशबन्धु)। डीपी विप्र स्वायत्त शासी महाविद्यालय बिलासपुर में स्नातक एवं स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर का परीक्षा फार्म एवं नामांकन भरवाए जा रहे हैं जिसकी अंतिम तिथि 30/11/2024 निर्धारित की गई है उक्त महाविद्यालय से सम्बंधित तकरीबन 70 ( प्रतिशत) विद्यार्थी अन्य जिलों से संबंधित है व ग्रामीण अंचल के निवासरत हैं जो फार्म भरने से वंचित रह गए हैं। अपनी इन्ही समस्या को लेकर आज आशीर्वाद पैनल ने डीपी विप्र स्वायत्तशासी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अंजू शुक्ला के पास विद्यार्थी पहुँचे और उनसे उक्त विषय पर जानकारी माँगी और अपनी समस्याएँ बताईं साथ ही उनसे नामांकन फार्म भरने एवं परीक्षा फार्म भरने की तिथि में 7 दिवस की वृद्धि करने का निवेदन भी किया। छात्रहित में त्वरित निर्णय लेते हुए प्राचार्य डॉ अंजू शुक्ला ने 7 दिवस की वृद्धि करने की तत्काल घोषणा की। ज्ञापन सौंपने वालों में मुख्य बृजमोहन सिंह, अमिताभ वैष्णव, मनीष मिश्रा, गोवेन्द्र कोसले, निखिल सिंह, हेमराज, आशिष नंदिनी, सिद्धि, प्रियंका, निकिता, जाह्नवी, साक्षी, तेजस्विनी, राजा, योगेश, रोशन, राजेन्द्र, किशन, प्रकाश, आदि विद्यार्थी गण उपस्थित रहे।

# अगले साल 17 मार्च तक डीवीओआर व नाइट लैंडिंग की सभी मशीन बिलासपुर एयरपोर्ट पहुंच जाएंगी

## हाईकोर्ट के कड़े रुख से नाइट लैंडिंग जल्दी मिलने के आसार ,मशीन आने के बाद नाइट लैंडिंग सुविधा चार माह में मिल सकेगी

**बिलासपुर,** 29 नवम्बर (देशबन्धु)। हाईकोर्ट के कड़े रुख के बाद आज एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने एक नया शपथ पत्र दाखिल कर बताया कि डी वी ओ आर और नाइट लैंडिंग से संबंधित अन्य सभी मशीन 17 मार्च 2025 तक बिलासपुर एयरपोर्ट में पहुंच जाएंगे।

गौरतलब है कि पिछली सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस रमेश सिंह और जस्टिस एके प्रसाद वाली खंडपीठ ने एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के द्वारा नाइट लैंडिंग सुविधा के लिए 2 साल का समय लगने के दावे को स्वीकार नहीं किया था और कहा था कि यह समय सीमा बहुत अधिक है विशेष रूप से याचिका कर्ताओं के द्वारा यह बताने पर की बिलासपुर एयरपोर्ट में नाइट लैंडिंग सुविधा देने का कार्य 2024 25 के वश में ही किया जाना था।

पिछली सुनवाई में हाई कोर्ट के द्वारा ऐऐआई के सक्षम अधिकारी से यह समय सीमा कितनी काम की जा सकती है इस पर शपथ पत्र देने का निर्देश दिया था। आज की सुनवाई के दौरान एऐ आई के अधिवक्ता अनुमेह श्रीवास्तव ने एक नया शपथ पत्र के ब्यावर के बारे में बताया और कहा कि 18 अक्टूबर 2024 को जो परचेज ऑर्डर दक्षिण कोरिया की कंपनी को दिया गया है उसके अनुसार आदेश दिनांक से 150 दिन बाद तक सात डी वी ओ आर सभी मशीन के साथ भारत पहुंच जाएगी




जबकि कुल आदेश 22 मशीनों का है जिन्हें देश के विभिन्न एयरपोर्ट में लगाना है। इन मशीनों में से एक मशीन बिलासपुर एयरपोर्ट तत्काल पहुंचे इसके लिए याचिका कर्ता की ओर से अधिवक्ता सुदीप श्रीवास्तव ने निवेदन किया कि आज के आदेश में यह सुनिश्चित किया जाए की आयात की जा रहे हैं मशीनों में सिक्के पहले लॉट में से ही एक सेट बिलासपुर एयरपोर्ट को दिया जाए। इस निवेदन को हाईकोर्ट ने स्वीकार किया और इसे आज के आदेश में अंकित कर दिया, इससे अब बिलासपुर एयरपोर्ट में नाइट लैंडिंग संबंधी मशीन 17 मार्च 2025 तक पहुंचने की पूरी संभावना है। एएआई के द्वारा दाखिल शपथ पत्र से यह भी स्पष्ट होता है कि एक बार मशीन आ जाने के बाद चार माह के समय में नाइट लैंडिंग सुविधा प्रारंभ की जा सकती है परंतु इसके लिए मशीन लगाने के लिए आवश्यक भवन राज्य सरकार को समय रहते बनाना होगा। गौरतलब भाई की या भवन कहां बनेगा इसका इंस्पेक्शन पिछले सप्ताह ही एएआई की टीम ने बिलासपुर एयरपोर्ट में किया है और उसके द्वारा भवन की अंतिम डिजाइन एयरपोर्ट प्रबंधन के पास पहुंचना अपेक्षित है। अपने आदेश में हाईकोर्ट में यह भी लिखाया है कि वह उम्मीद करते हैं कि केंद्र और राज्य सरकारे बिलासपुर एयरपोर्ट को विकसित करने के लिए सभी आवश्यक कदम जल्दी और समय रहते उठाएंगी और इसी अपेक्षा के साथ राज्य और केंद्र सरकार को कार्य करने हेतु समय देने के हिसाब से मामले की अगली सुनवाई अब 7 अप्रैल 2025 को नियत की गई है।

## सार-संक्षेप

### सीएसईबी उत्पादन कंपनी के एमडी कटियार को मिला 4 माह का एक्सटेंशन

#### 30 नवम्बर को खत्म हो रहा कार्यकाल 31 मार्च 2025 तक बढ़ाया गया



**कोरबा,** 26 सितंबर (देशबन्धु)। ऊर्जा विभाग ने छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी के प्रबंध संचालक (मैनेजिंग डायरेक्टर) संजीव कुमार कटियार की सेवा अवधि में वृद्धि की है।

प्रबंध संचालक श्री कटियार के कार्यकाल में पूर्व में वृद्धि करते हुए दिनांक 30.11.2023 के पश्चात् दिनांक 01.12.2024 तक अस्थाई रूप से 01 वर्ष अथवा आगामी आदेश पर्यन्त, जो भी पहले हो, छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी लिमिटेड में संचालक एवं प्रबंध संचालक के पद पर पदस्थ किया गया था जिसकी अवधि दिनांक 30.11.2024 को समाप्त हो रही है। इससे पूर्व राज्य शासन के ऊर्जा विभाग मंत्रालय के द्वारा छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी लिमिटेड के मेमोरेण्डम आफ एसोसिएशन एण्ड आर्टिकल आफ एसोसिएशन के अंतर्नियम की कंडिका-77 सहपठित कंडिका-78 में प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए संजीव कुमार कटियार के कार्यकाल में वृद्धि करते हुए दिनांक 30.11.2024 के पश्चात् दिनांक 31.03.2025 तक अथवा आगामी आदेश पर्यन्त, जो भी पहले हो, उक्त कंपनी में संचालक एवं प्रबंध संचालक के पद पर पदस्थ किया गया है। बता दें कि श्री कटियार पूर्व में कोरबा पश्चिम में एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर पदस्थ थे जिन्हें एनके बिजौरा का कार्यकाल पूरा होने पर एमडी की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। प्रबंध निदेशक श्री कटियार ने बीई मेकेनिकल की शिक्षा शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज जबलपुर से प्राप्त की। 17 फरवरी 1983 को मध्य प्रदेश विद्युत मंडल में सहायक अभियंता प्रशिक्षु के रूप में अपनी सेवाएं आरंभ की। इसके उपरांत हसदेव ताप विद्युत गृह कोरबा पश्चिम के संचालन में अपनी सेवाएं देते हुए 210 मेगावॉट की प्रथम यूनिट के सिंक्रोनाईजेशन में आपने महती भूमिका का निवर्हन किया।

### किसानों को धान बेचने में नहीं होनी चाहिए परेशानी : कलेक्टर



**कोरबा,** 29 नवंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर अजीत वसंत ने शुक्रवार को विकासखंड पाली के आदिम जाति सहकारी मर्यादित धान खरीदी केन्द्र पोड़ी (लाफा) व निरधी का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने उर्पाजन केन्द्र में पंजीकृत किसानों की संख्या, जारी टोकन अब तक हुए धान खरीदी, राशि भुगतान एवं केंद्र में उपलब्ध बारदानों के सम्बंध में प्रबंधक से जानकारी ली।

कलेक्टर ने केंद्र में धान भंडारण, स्टैकिंग व्यवस्था का भी अवलोकन करते हुए नए-पुराने बारदाना की उपलब्धता, बारदाना की गुणवत्ता सहित नमी परीक्षण यंत्र, इलेक्ट्रानिक तौल मशीन, चौकीदार की व्यवस्था, सतत निगरानी हेतु सीसीटीवी की व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने किसानों द्वारा विक्रय हेतु लाए धान की नमी का भी अपने समक्ष जांच करवाई और बोरी में भरे धान का इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन में माप करवाकर वजन का सत्यापन कराया। कलेक्टर ने धान बेचने पहुँचे ढुकुपथरा के किसान शिवपाल सिंह व पोलमी के किसान कृष कुमार यादव से उपार्जन केंद्र की सुविधाओं की जानकारी लेते हुए उनके फसल की पैदावार, गत वर्ष विक्रय किए धान की मात्रा के सम्बंध में चर्चा की। उन्होंने किसानों से अपने वास्तविक उपज को ही समिति में विक्रय करने की बात कही। साथ ही कोचिये, बिचौलिए के अवैध धान की केंद्र में आवक को रोकने में प्रसाशन का सहयोग करने की अपील की। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दिनेश कुमार नाग, अनुविभागीय अधिकारी पाली श्रीमती सीमा पात्रे सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

### श्रम मंत्री ने 55 लाख के विकास कार्यों का किया भूमिपूजन



**कोरबा,** 29 नवंबर (देशबन्धु)। नगर विधायक और वाणिज्य उद्योग और श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन ने अधोसंरचना मद के अंतर्गत चार वार्डों के 55 लाख के पांच विकास कार्यों का भूमिपूजन किया।।

वार्ड क्रमांक 21 बुधवारी के दशहरा मैदान में आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम में विधिवत पूजन कर शिलापट्टी का अनावरण किया। मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि पांच साल तक कांग्रेस की सरकार थी, आखिर वार्डों के विकास के लिए डीएमएफ फंड से एक भी कार्य के लिए नहीं मिला था, लेकिन अब भाजपा की विष्णुदेव सरकार में शहर के सभी 67 वार्डो में एक साथ कार्य डीएमएफ शुरू हो चुकी है। उन्होंने कहा कि कोरबा को आधुनिक और सुसज्जित शहर बनाने की दिशा में यह सिर्फ एक शुरुआत है। आने वाले समय में और भी बड़े प्रोजेक्ट्स शुरू किए जाएंगे, जिससे यहां के नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी और शहर की समृद्धि में वृद्धि होगी। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रफुल्ल तिवारी, वार्ड क्रमांक 16 के पार्षद नरेंद्र देवांगन, नरेंद्र पाटनवार, कोसाबाड़ी मंडल अध्यक्ष अजय विश्वकर्मा, पूर्व पार्षद पंकज देवांगन, पार्षद अजय गौंड, सुखसागर निर्मलकर, दिनेश वैष्णव, अनीता सुकंदी यादव, जिला युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष पंकज सोनी, अतुल दास, श्याम साहू, मीरा सोनी, वैभव शर्मा, अनिल यादव समेत अन्य उपस्थित रहे।

#### इन कार्यों का हुआ भूमिपूजन

वार्ड क्रमांक 28 फेस-1 दशहरा मैदान के पास नवनिर्मित उद्यान तक नाली निर्माण कार्य लागत 20.10 लाख, वार्ड क्रमांक 22 शिवाजी नगर में नाली निर्माण कार्य लागत 10 लाख, वार्ड क्रमांक 21 में रमेश किराना स्टोर के पास सांस्कृतिक मंच का निर्माण कार्य लागत 5 लाख ,वार्ड क्रमांक 21 में सीसी रोड निर्माण कार्य, लागत- 10 लाख रुपए, वार्ड क्रमांक 17 नया मानस नगर, व पुराने मानस नगर में विकास कार्य 10 लाख कार्य की आज भूमिपूजन संपन्न हुआ।

# महिला उत्पीड़न से सबंधित प्रस्तुत 24 प्रकरणों पर जन सुनवाई

## फ्लोरा मैक्स घोटाले में कैंप लगाकर लिए जाएंगे महिलाओं से आवेदन



**कोरबा,** 29 नवंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक एवं सदस्य श्रीमती सरला कोसरिया श्रीमती लक्ष्मी वर्मा ने शुक्रवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में महिला उत्पीड़न से सबंधित प्रस्तुत 24 प्रकरणों पर जन सुनवाई की। अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक की अध्यक्षता में प्रदेशवार 291वीं एवं कोरबा जिले में 9वीं सुनवाई हुई।

कोरबा क्षेत्र की गरीब महिलाओं से ठगी करने वाले फ्लोरा मैक्स कंपनी के खिलाफ सभी महिलाओं की शिकायत आयोग के द्वारा व्यापक स्तर पर लिया जाएगा। राज्य महिला आयोग की दो सदस्य श्रीमती सरला कोसरिया व श्रीमती लक्ष्मी वर्मा द्वारा कैंप लगाकर पीड़ित महिलाओं की शिकायत आवेदन कोरबा मुख्यालय पर लिया जाएगा। जिसकी व्यवस्था कलेक्टर कोरबा के द्वारा किया जाएगा। कलेक्टर द्वारा आश्वासन दिया गया कि वह प्रशासनिक व्यवस्था के तहत शासन से अनुमति लेकर सहयोग करेंगे। सुनवाई के दौरान एक प्रकरण में आवेदिका के बेटे की मृत्यु के पश्चात अनावेदिका को उसके पति की नौकरी मिली है दोनों पक्षों के बीच लिखित इकरारनामा भी किया गया हैं कि आवेदिका अपने पोते से मिल सकेगी। उभयपक्ष को समझाईश देने पर आवेदिका ने आयोग के समक्ष अपने बेटे को उसके दादी-दादा से हप्ते में 2 दिन शनिवार व रविवार को भेजना स्वीकार किया हैं। अन्य प्रकरण में आवेदिका के पति स्व. विनोद कटियारे की मृत्यु के बाद आवेदिका के विवाह में दिया गया सारा समान अनावेदकगण के नोरा थाना सिविल लाईन रामपुर चौकी द्वारा रख लिया गया। आवेदिका की शिकायत को पंजीबद्ध भी नहीं किया जा रहा हैं। आवेदिका ने कई बार थाने व एसपी ऑफिस में शिकायत किया है इसके आधार पर आवेदिका इन सभी अनावेदकगणों की विरूद्ध धारा 498ए का अपराध पंजीबद्ध करायेंगी और अपना समस्त सामान वापस प्राप्त करेंगीं। अन्य प्रकरण में वन विभाग की जमीन विवाद को लेकर दोनों पक्ष आमने सामने है। वन विभाग की जमीन पर अनावेदक के बेजा कब्जा की शिकायत आवेदिका के उपर अपराधिक मामला दर्ज किया हैं जो कि न्यायालय में विचाराधीन हैं। अत: प्रकरण नस्तीबद्ध किया जाता हैं।

# नहीं छोड़ पा रहे सराईपाली खदान का मोह जीएम चौहान

### खदान में कोयले की अफरा-तफरी की शिकायत



**कोरबा,** 29 नवंबर (देशबन्धु)। भारत सरकार की मिनीरत्न कोल इंडिया की कंपनी एसईसीएल की मेगा इकाईयां छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में है और कोरबा एरिया की ही एक इकाई सराईपाली अपने उत्पादन से भी ज्यादा खदान में कोयले की अफरा-तफरी और ग्रेडों के नाम से मशहूर है, इसके अलावा अन्य वजहों से भी सुर्खियों में हैं यहाँ पर पदस्थ सब एरिया मैनेजर सुरेन्द्र सिंह चौहान वर्ष 2017 से पदस्थ है वो यहाँ हेड लैंड और रेवेन्यू बनकर आये थे फिर वर्ष 2019 में प्रमोट होकर मैनेजर बने फिर यही पदस्थ रहते 2020 में सब-एरिया भी बन गए लेकिन सराईपाली खदान में यह लगातार बने ही रहे। हालिया वर्ष 2024 में ई-8 ग्रेड अर्थात जीएम में प्रमोट हुए तथा डब्ल्यूसीएल स्थानन्तरित भी होने आदेश आया परंतु सराईपाली माइन्स का मोह नहीं छोड़ पा रहे हैं। या यूं कहें कि सराईपाली खदान में आये दिन होने वाली अप्रत्यक्ष कारणों ने इन्हें रोके रखा है।

जानकारी के अनुसार जिले के भाजपा नेताओं ने कोयला मंत्री सहित कोल इंडिया और एसईसीएल के अधिकारियों को शिकायत भेजकर कहा है कि कोरबा एरिया क्षेत्रांतर्गत आने वाले सराईपाली माइंस में कोल ग्रेड के हेर फेर हो रही है साथ ही स्टीम कोल की आपूर्ति के नाम पर अवैधानिक कार्यों को अंजाम दिया जा रहा है। वहीं खदान में बूम बेरियर बनने से पहले हजारों टन कोयले की चोरी हो या अच्छे कोयला को इन सीम करना हो या ग्रेड बदलकर कोल अर्थात माल देना हो ऐसे सभी अवैधानिक कार्यों को एसईसीएल प्रबंधन अनदेखी कर रहा है व अवैध कार्यों को अपनी सीधे देख रेख में बखूबी निभा रहे हैं। शिकायत में यह भी कहा गया है कि खदान के अंदर वो ये सब खुलेआम हो रहा है व खदान क्षेत्र के बाहर अपने दो पार्टनरी फर्म से लेनदेन कराते हैं। इसी तरह एक और कांट्रेक्टर को करोड़ों रुपये का लाभ क्वांटिटी एडजेस्ट के नाम पर लाभ पहुंचा चुके हैं। शिकायत में यह भी कहा गया है कि एसईसीएल की सराईपाली माइंस में आये दिन हो रहे गुंडागर्दी पर शिकायत के बाद भी प्रबंधन कोई कार्यवाही नहीं कर रहा है।

# मरीजों को अस्पताल में ही उपलब्ध हो दवा : कलेक्टर

### कलेक्टर ने किया पाली व पोड़ी में स्वास्थ्य केंद्र का अवलोकन



**कोरबा,** 29 नवंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर अजीत वसंत ने शुक्रवार को जिले के पाली ब्लॉक मुख्यालय में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और पोड़ी में उप स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और मरीजों को दी जा रही सुविधाओं का जायजा लिया। कलेक्टर ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों के रजिस्ट्रेशन और प्रतिदिन ओपीडी में हो रहे उपचार की जानकारी ली।

कलेक्टर ने अस्पताल में उपलब्ध चिकित्सा उपकरणों और दवाओं की स्थिति की समीक्षा की, साथ ही अस्पताल की स्वच्छता और मरीजों की देखभाल के मानकों पर भी ध्यान दिया। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारियों को निर्देशित किया कि वे मरीजों के उपचार में पूरी तन्मयता से काम करें और सेवा में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें।

उन्होंने इलाज के साथ मरीजों को दी जाने वाली भोजन की गुणवत्ता में भी ध्यान देने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि किसी भी मरीज को दवा के लिए बाहर नहीं जाना पड़े, उन्हें अस्पताल में अथवा जेनेरिक मेडिकल स्टोर में कम दाम पर दवा उपलब्ध हो यह सुनिश्चित की जाए। उन्होंने मरीजों के लिए संचालित सोनोग्राफी सहित अन्य यंत्रों का उचित रखरखाव सुनिश्चित करते हुए मरीजो को समय पर इन सुविधाओं का लाभ देने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने मरीजो के लिए सेपरेट बेड सिस्टम के संबंध में भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने पोड़ी के आयुष्मान आरोग्य मंदिर उप स्वास्थ्य केंद्र में स्टाफ से यहाँ की व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने पोड़ी उपस्वास्थ्य केंद्र के जर्जर भवन के संबंध में शिकायत मिलने पर कहा कि इस भवन को नया बनाया जाएगा। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ दिनेश कुमार नाग, एसडीएम पाली सुश्री सीमा पात्रे, बीएमओ सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# कलेक्टर ने विद्यार्थियों से किया संवाद, पढ़ने व आगे बढ़ने किया प्रोत्साहित

### पाली ब्लॉक में प्राइमरी, मिडिल व हायरसेकंडरी स्कूल का किया निरीक्षण



**कोरबा,** 29 नवंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर अजीत वसंत ने शुक्रवार को पाली ब्लॉक में पोड़ी और निरधि ग्राम पंचायत में प्राइमरी, मिडिल सहित हायर सेकंडरी स्कूल जाकर विद्यार्थियों से सवांद किया। उन्होंने क्लास रूम में पहुँचकर विद्यार्थियों की रुचि जानी और पढ़ाई के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी की अपनी अलग प्रतिभा और रुचि होती है। आप अपने रुचि के अनुरूप कैरियर के निर्माण कर सकते है। शासन-प्रशासन द्वारा विद्यार्थियों के कैरियर निर्माण के लिए सहयोग किया जाता है। उन्होंने विद्यार्थियों को पढ़ाई के प्रति प्रेरित करते हुए अच्छे नम्बरों से परीक्षा पास करने पर मेडिकल, इंजीनियरिंग की तैयारी के लिए प्रशिक्षण सहित सम्पूर्ण खर्च उठाने सहित राज्य से बाहर के विश्वविद्यालय में दाखिला मिलने पर जिला प्रशासन द्वारा सहयोग करने की बात कही। कलेक्टर ने कहा कि बीते सत्र में 10 वीं परीक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रशिक्षण एवं पढ़ाई हेतु जिले से बाहर भेजा गया है। इस सत्र से 12 वीं पास सौ विद्यार्थियों को भी मेडिकल, इंजीनियरिंग की परीक्षाओं की तैयारी के लिये डीएमएफ से वित्तीय मदद दी जायेगी।

ग्राम पोड़ी के स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट विद्यालय में कलेक्टर ने स्कूल के प्राचार्य विद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। ग्राम निरधि में बेलपारा के प्राथमिक शाला के विद्यार्थियों से संवाद करते हुए कलेक्टर ने विद्यार्थियों से विशिष्ट व्यक्तियों के संबंध में सवाल किए। उन्होंने विद्यालय में नाश्ते और मध्यान्ह भोजन की जानकारी ली।

#### अब धुएं से मिल गई मुक्ति

प्राथमिक शाला बेलपारा निरधि में निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने यहाँ नाश्ता और मध्यान्ह भोजन बनाने वाली जागृति स्व सहायता समूह की महिलाओं से चर्चा की। इस दौरान समूह की महिलाओं ने बताया कि उन्हें गैस चूल्हा मिल गया है। इससे जल्दी खाना बनने के साथ ही किचन में लकड़ी के धुँए से भी मुक्ति मिल गई है।

# स्कूलों में जब से मिल रहा नाश्ता, जुड़ने लगा पढ़ाई से वास्ता

### जिले के एक लाख 20 हजार से अधिक विद्यार्थी हो रहे लाभान्वित

**कोरबा,** 29 नवंबर (देशबन्धु)। कुछ दिन पहले की ही बात है, विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा वाले बसाहट में संचालित प्राथमिक शाला कदमझेरिया, कोरई में पढ़ाई करने वाले कई पहाड़ी कोरवा विद्यार्थियों का मन सुबह स्कूल आने में नहीं लगता था।

कक्षा पहली में पढ़ाई करने वाला सम्लेश्वर हो या फिर कक्षा तीसरी में पढ़ने वाला बम्लेश्वर, दोनों भाई स्कूल जाने से पहले घर में तरह-तरह के बहाने मारते थे और स्कूल जाने में भी रूचि नहीं दिखाते थे। कुछ इसी तरह की मिलती-जुलती कहानी पहाड़ी कोरवा छात्रा ज्योति, सुमित्रा की भी थी।

सुबह स्कूल जाने से पहले घर में खाना तो मिलता था, लेकिन अपनी थाली में दाल चावल मिलने और इसे खाने के बाद भी कई बार कुछ न कुछ बहाने कर स्कूल नहीं जाते थे। अब जबकि स्कूल खुलते ही विद्यार्थियों को गरम नाश्ते के रूप में उनके पसंद का स्थानीय नाश्ता, पोहा, उपमा, भजिया, पूड़ी, खीर आदि मिलने लगे हैं तो शहर के स्लम क्षेत्रों सहित दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यालयों में भी विद्यार्थियों की उपस्थिति बढ़ने लगी है। बच्चों को सुबह के गरम नाश्ते पसंद आने लगे हैं और उनका वास्ता नाश्ते के साथ पढ़ाई से भी जुड़ने लगा है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के दिशा-निर्देशन में जिला प्रशासन द्वारा डीएमएफ से जिले के कक्षा एक से लेकर कक्षा आठवीं तक के विद्यार्थियों को स्कूल खुलने के साथ ही गरम नाश्ता देने की शुरूआत की गई है। लगभग ढ़ाई माह तक नाश्ता परोसने और इससे हुए सकारात्मक प्रभाव को देखते हुए कलेक्टर अजीत वसंत ने जिले के सभी विकासखण्डों में इसे प्रारंभ करने के निर्देश दिए। आखिरकार दीपावली अवकाश के पश्चात स्कूल खुलते ही कोरबा ग्रामीण, पाली, करतला, कटघोरा के शेष स्कूलों में भी नाश्ता देना प्रारंभ कर दिया गया है।

### शिक्षा में सुधार के निर्णय पर मुख्यमंत्री का जताया आभार



**कोरबा,** 28 नवंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शिक्षक कांग्रेस की बहु प्रतीक्षित मांग छत्तीसगढ़ राज्य में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार तथा शिक्षकों एवं पालकों की जिम्मेदारी तय करने हेतु पांचवीं एवं आठवीं को पुन: बोर्ड परीक्षा पैटर्न में लागू किया जाय को 26 नवंबर को मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में लिया गया।

शिक्षाविद जेपी कोसले ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त शिक्षक संगठन छत्तीसगढ़ शिक्षक कांग्रेस एक मात्र संगठन है जो कि अपने मांग पत्र की पहली मांग विगत तीन प्रांतीय सम्मेलन क्रमश: 10 फरवरी 2013 को दुर्ग में तत्कालीन उच्च शिक्षा मंत्री स्व हेमचंद यादव के मुख्य आतिथ्य में,14 फरवरी 2016 को भिलाई में केबिनेट मंत्री प्रेम प्रकाश पांडेय के मुख्य आतिथ्य में, 17 फरवरी 2019 को कैबिनेट मंत्री टी एस सिंह देव एवं स्कूल शिक्षा मंत्री प्रेमसाय सिंह टेकाम की उपस्थिति में आयोजित सम्मेलन में प्रथम मांग के रूप में 5वीं, 8वीं को बोर्ड परीक्षा में घोषित करने की मांग की गई किंतु स्कूली शिक्षा में सुधार हेतु एक ऐतिहासिक निर्णय लेने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री, सचिव स्कूल शिक्षा एवं संचालक लोक शिक्षण के प्रति प्रदेश के 2 लाख शिक्षकों की और से छत्तीसगढ़ शिक्षक कांग्रेस के सभी सदस्यों ने आभार व्यक्त किया है।

# आयुक्त ने कोरबा व सर्वमंगला नगर जोन की जानी समस्याएं



**कोरबा,** 29 नवंबर (देशबन्धु)। आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने कोरबा एवं सर्वमंगलानगर जोन का भ्रमण कर विभिन्न वार्डो की जानकारी लेते हुए निर्माण व विकास कार्यों का वार्ड पार्षद व अधिकारियों के निरीक्षण किया। उन्होंने वहां के स्थानीय निवासियों से भेंट मुलाकात हुए वार्ड की विभिन्न समस्याओं से जुड़े कार्यो की जानकारी ली।

आयुक्त श्री पाण्डेय ने कोरबा जोन अंतर्गत वार्ड 01 मेनोनाईट चर्च के सामने सड़क किनारे स्थित नालियां की साफ-सफाई के कार्यों का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को आवश्य दिशा निर्देश दिये। उन्होंने कोरबा शहर स्थित दर्री रोड़ मुख्य मार्ग के किनारे स्थित नालियो की साफ-सफाई कार्य का कराए जाने के निर्देश भी अधिकारियों दिये तथा टूटी-फूटी नालियों के मरम्मत कार्य कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कोरबा पुराने शहर स्थित चित्रा टाकीज रोड के पास सामुदायिक भवन का निरीक्षण किया तथा वहाँ के स्थानिय लोगो के द्वारा शिकायत की गई कि सामुदायिक भवन में कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा भवन को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की जाती है, उनसे लोगों द्वारा कहा गया कि इस सामुदायिक भवन की सुरक्षा हेतु चौकीदार रखने की आवश्यकता है, जिससे यहाँ की सुरक्षा हो सके। आयुक्त ने सर्वमंगलानगर जोन अन्तर्गत आने वाले वार्ड क्र. 57 इमलीछापर में स्थित शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय का भी निरीक्षण किया। वार्ड पार्षद ने विद्यालय के चारों ओर बाउड्रीवाल की मांग की तथा भैरोताल मार्ग पर बने पुल की डिवाईडर को दुरूस्त कराने की मांग भी की। इस दौरान वार्ड पार्षद श्रुति कुलदीप, अपर आयुक्त विनय मिश्रा, जोन कमिश्नर तपन तिवारी, व विनोद शांडिल्य, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, सहायक अभियंता राहुल मिश्रा, यशवंत जोगी, प्रमोद जगत, जागेश्वर कंवर सहित अन्य उपस्थित थे।

# सार-संक्षेप

## प्राथमिक विद्यालयों में बांटे गए गर्म कपड़े



**मनेद्रगढ़,** 29 नवंबर (देशबन्धु)। ग्रामीण एवं दूरस्थ दुर्गम क्षेत्रों में पड़ रही भीषण ठंड को देखते हुए विभिन्न संस्थाओं से जुड़ी समाजसेविका अनीता फरमानिया के द्वारा प्राथमिक शाला कलमडांड़, बसोरपारा,, चिमटी मार के प्राथमिक विद्यालयों में दर्ज शत् प्रतिशत विद्यार्थियों को गर्म कपड़ों एवं कापियों का वितरण किया। लालपुर के कलमडांड़ विद्यालय परिसर में आयोजित गर्म कपड़े वितरण समारोह में अनीता फरमानिया द्वारा स्कूली बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि अभावग्रस्त हर बच्चे को यथासंभव मदद करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जाएगी। उन्होंने बच्चों को प्रतिदिन स्कूल आने एवं मन लगाकर पढ़ने की बात कही। इस अवसर पर योग परामर्श और प्रशिक्षण केंद्र के संचालक सतीश उपाध्याय, प्रधान पाठिका किरण तिर्की, तरसिला टोप्पो, खुशबू दास, अलका सिंह, कुमारी प्रिया दुबे, संकुल शैक्षिक समन्वयक चंद्रभूषण सोनी, श्रीमती अनारकली श्रीमती लिली खेस, शाला प्रबंधन समिति कलमडांड़ की अध्यक्ष, प्राथमिक शाला बसोर पारा के वरिष्ठ शिक्षक मो शमीम , मेरी प्रकाश गुप्ता ,प्रतीक्षा श्रीवास्तव, प्रज्ञा श्याम प्राथमिक शाला चिमटीमार से संतोष कुमार श्याम, श्रीमती संध्या देवी, अरुणिमा जायसवाल, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता पार्वती मरकाम आदि उपस्थित थे। संस्था संस्था की ओर से संतोष कुमार श्याम श्रीमती लिली खेस, किरण तिर्की द्वारा अनिता फरमानिया का आभार व्यक्त किया गया।

## जिले में बाल विवाह के खिलाफ कैंडल मार्च निकालकर दिलाई गई शपथ




**एमसीबी,** 29 नवंबर (देशबन्धु)। नई दिल्ली के विज्ञान भवन में बाल विवाह मुक्त भारत कार्यक्रम का उद्घाटन हुआ जिसका लाइव प्रसारण का आयोजन जिला मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर छ.ग. में महिला बाल विकास विभाग द्वारा प्रत्येक पंचायत में आम सभा बुलवाकर प्रोजेक्टर के माध्यम से संबंधित विभाग के अधिकारी की उपस्थिति में जिला महिला बाल विकास अधिकारी श्री शुभम बंसल जी के नेतृत्व में आयोजन किया गया। इस आयोजन के सह कार्यशाला में डोमेनपारा के सरपंच भवन सिंह, डिहुली के सरपंच सोनकुंवर जी, प्रधान अध्यापक नील कुसुम कुजुर जी के अतिरिक्त हार्ड संस्था ष्जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन एलायंसष् के साथ भागीदारी कर हार्ड संस्था के कार्यकर्ता राखी जी, संतोषी जी, कमलेश जी, सागर जी, नीता जी के साथ मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिला के ग्राम डोमनपारा, भालोर, डिहुली, डगौरा एवं अन्य ग्रामों में हार्ड संस्था के प्रमुख श्री सुशील शर्मा जी के मार्गदर्शन में बाल विवाह मुक्त भारत के लिए शपथ व कैंडल मार्च आदि का आयोजन किया गया।

यह कार्यक्रम देश से बाल विवाह के खात्मे के लिए भारत सरकार के बाल विवाह मुक्त भारत के आह्वान के समर्थन में किया गया जिसका उद्घाटन 27 नवंबर को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने किया। इस दौरान उन्होंने पंचायतों और स्कूलों को बाल विवाह के खिलाफ शपथ दिलाई। उम्मीद की जा रही है कि जल्द ही शपथ लेने वालों की संख्या 25 करोड़ तक पहुंच जाएगी। इस मौके पर बाल विवाहों की सूचना व शिकायत के लिए एक राष्ट्रीय पोर्टल भी शुरू किया गया है। वर्षों से बाल विवाह के खिलाफ काम करने के नाते हम भलीभांति जानते हैं कि समग्र और समन्वित प्रयासों के बिना यह लड़ाई नहीं जीती जा सकती लेकिन अब हमें यह विश्वास है कि सरकार और नागरिक समाज के साझा प्रयासों से भारत 2030 से पहले ही बाल विवाह के खात्मे के लक्ष्य को हासिल कर सकता है।

## पंडित धीरेंद्र शास्त्री के पदयात्रा के समर्थन में बजरंग सेना ने निकाली पदयात्रा




**चिरमिरी,** 29 नवंबर (देशबन्धु)। बागेश्वर धाम के पंडित धीरेंद्र शास्त्री हिंदुओं को जोड़ने और हिंदू राष्ट्र बनाने की परिकल्पना को लेकर 9 दिन की पदयात्रा कर रहे हैं इसके समर्थन में श्री बजरंग सेना अपने हजारों कार्यकर्ताओं के साथ एमसीबी जिले के चिरमिरी हल्दीबाड़ी में पदयात्रा निकाली गई

उल्लेखनीय रहे कि बाबा बागेश्वर धाम के पंडित धीरेंद्र शास्त्री खुले मंच से भारत देश को हिंदू राष्ट्र बनाने की हुंकार भर रहे हैं साथ ही पूरे देश के हिंदुओं को जोड़ने के लिए 9 दिन की पदयात्रा कर रहे हैं इसके समर्थन में श्री बजरंग सेना अपने हजारों कार्यकर्ताओं के साथ चिरमिरी के हृदय स्थल हल्दीबाड़ी में पदयात्रा निकाली और इस पदयात्रा के माध्यम से श्री बजरंग सेना अपना पूरा समर्थन हिंदू राष्ट्र और हिंदुओं को एकजुट करने के लिए दिया है

## आगामी नगरपालिका एवं पंचायत चुनाव 2024-25 के लिए अधिकारियों का हुआ कार्य विभाजन

**एमसीबी,** 29 नवंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर के आदेशानुसार आगामी नगरपालिका तथा त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन 2024-25 की तैयारी एवं निर्वाचन संबंधित कार्यों हेतु 14 नवंबर 2024 को जारी निर्देश में आंशिक संशोधन करते हुए अधिकारियों के मध्य कार्यों का विभाजन किया गया है। कानून व्यवस्था की जिम्मेदारी जिला प्रभारी अशोक वाडेगावकर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को दी गई है। जाबो कार्यक्रम, मतगणना, विकासखंड स्तर पर नाम निर्देशन प्राप्ति एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी की नियुक्ति और अन्य चुनावी व्यवस्थाओं के लिए नितेश उपाध्याय, परियोजना निदेशक डीआरडीए को जिला प्रभारी बनाया गया है।

सभी नगरीय क्षेत्र के जाबो कार्यक्रम की जिम्मेदारी राम प्रसाद आचला, नगर निगम कमिश्नर को सौंपी गई है। शिकायत सेल और नियंत्रण कक्ष के लिए शैलेश गुप्ता, सहायक अभियंता को जिम्मेदारी दी गई है।

# हत्या के मामले में आरोपी को आजीवन कारावास

## एसआई गिरधारी साव की विवेचना ने लगातार दूसरी बार दिलाई आरोपी को उम्रकैद की सजा

**रायगढ़** 29 नवंबर (देशबन्धु)। कल द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश जितेंद्र कुमार ठाकुर के न्यायालय में थाना कोतरारोड़ के अपराधिक प्रकरण क्रमांक 148ध्2023 धारा 302,120बी, 34 भादवि में अभियुक्त देवदास महंत पिता विशंभर दास महंत उम्र 42 वर्ष निवासी ग्राम बयांग थाना कोतरारोड़ को हत्या के अपराध में आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। इसी प्रकरण में सह अभियुक्त रहे कैलाश कपूर सिदार को आरोपित सभी धाराओं पर दोष मुक्त किया गया है।

अभियोजन के अनुसार मृतक कमल दास महंत पिता हृदय दास महंत उम्र 20 वर्ष निवासी बायंग थाना कोतरारोड़ एवं अभियुक्त देवदास महंत दोनों के बीच धंधा, रकम लेनदेन का विवाद था। कैलाश सिदार का भी कमल दास महंत से विवाद था, विवाद को लेकर कैलाश सिदार कई बार कमल दास को जान से मारने की धमकी दिया था। इसी बात को लेकर कैलाश सिदार और उसके साथी अभियुक्त देवदास महंत आपस में एक राय होकर कमल दास महंत की हत्या की योजना बनाए और पूर्व नियोजित तरीके से आपराधिक षडयंत्र कर 17 दिसंबर की शाम 6 बजे अभियुक्त देवदास महंत अपनी मोटरसाइकिल से ग्राम बयांग से कमल दास महंत को बिठाकर नंदेली लेकर आया।

नंदेली में अभियुक्त देवदास महंत ने कमल दास को अत्यधिक शराब पिलायी और मोटरसाइकिल में बिठाकर ग्राम जोगीतराई के लेकर आया और उसे छोड़कर अपने साथी कैलाश सिदार को लेने उसके गांव गया फिर दोनों जोगीतराई में कमल दास महंत को साथ लेकर ग्राम कोतरा एकांत जगह में मौका देखकर लोहे की रॉडध्छड़ से कमल दास महंत के सिर पर चोट पहुंचाकर हत्या कर दिए और शव को घटनास्थल पावर ग्रिड के सामने छोड़कर वापस अपने घर बयांग आ गए।

18 दिसंबर को अस्पताल तहरीर पर थाना कोतवाली में बिना नंबरी मर्ग कायम किया गया, थाना कोतरारोड को मर्ग डायरी प्राप्त होने पर मर्ग क्रमांक 76ध्23 धारा 174 सीआरपीसी कायम कर जांच में लिया गया। मर्ग जांच पर दोनों आरोपियों के विरूद्ध हत्या का अपराध कायम कर आरोपियों की गिरफ्तारी की गई तथा महत्वपूर्ण साक्ष्यों के साथ चालान न्यायालय पेश किया गया।

माननीय न्यायालय द्वारा में अभियोजन की ओर से अपर लोक अभियोजक मनमोहन सिंह ठाकुर द्वारा पैरवी की गई पुलिस द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य जिसमें तात्कालिक थाना प्रभारी कोतरारोड़ उप निरीक्षक गिरधारी साव एवं विवेचनाधिकारी द्वारा महत्वपूर्ण साक्ष्यों के साथ ही आरोपी देवदास महंत के मेमोरेंडम पर घटना में प्रयुक्त लोहे का टुकड़ा रॉड और मोटर सायकल सुपर स्पलेण्डर मय चाबी एवं की विधिवत जप्ती की गई थी जो प्रति परीक्षण में भी खण्डित नहीं हो सका। माननीय न्यायाधीश द्वारा अभियोजन एवं अभियुक्त की ओर से प्रस्तुत साक्ष्य एवं दलीलों का सूक्ष्मता से परिशीलन किया गया और अपने नतीजे पर पहुंचे, उन्हें देवदास महंत को हत्या करना (धारा 302 भादंवि) में अपराध सिद्ध पाकर आजीवन कारावास एवं 5000 के अर्थ दंड से दंडित किया गया है तथा अन्य आरोपी कैलाश कपूर सिदार को हत्या और आपराधिक षड्यंत्र के अपराध में दोस्त मुक्त किया गया है । अभियोजन पक्ष की पैरवी एवं एसआई गिरधारी साव द्वारा की गई गहन जांच और मजबूत साक्ष्य संग्रहण की वजह से यह लगातार दूसरा मामला है जिसमें अभियुक्त को सख्त सजा मिली है।

# कड़ाके की ठंड से स्कूली बच्चों की परेशानी बढ़ी

## स्कूल के समय में बदलाव की उठ रही मांग

**रायगढ़** 29 नवंबर (देशबन्धु)। प्रदेश सहित रायगढ़ जिले में भी सर्दी ने अपने तेवर दिखाना शुरू कर दिया है। तापमान में लगातार गिरावट की वजह शीतलहर की स्थिति से जनमानस प्रभावित हुए है। कड़ाके की ठंड के चलते सुबह पारा लुढककर 12 से 14 डिग्री के बीच पहुंच रहा है। जिसके चलते स्कूली बच्चों को विद्यालय पहुंचने में परेशानी के चलते स्कूल के टाईम टेबल में बदलाव की मांग उठने लगी है।

जाहिर सी बात है कि इस ठंड का प्रभाव स्कूल के बच्चों पर भी पड़ेगा. जिसके बाद सुबह पाली वाले स्कूल प्रबंधन स्कूली बच्चों के सुविधा अनुसार कक्षा लगने के टाईम-टेबल में परिवर्तन करने की मांग उठने लगी है। गौरतलब रहे कि राजधानी रायपुर सहित कई जिलों में बढ़ते ठंड के चलते स्कूल लगने के समय में बदलाव करते हुए सुबह 9 बजे से पहले पाली का स्कूल संचालित करने के निर्देश जारी किये गए हैं।

ठीक उसी तर्ज पर रायगढ़ में भी जिला प्रशासन से स्कूल के समय में बदलाव करने की मांग अभिभावकों के द्वारा उठाई जा रही है। आलम यह है कि पड़ रही कड़ाके की ठंड के चलते स्कूली बच्चों और अभिभावकों के साथ-साथ स्कूल आने वाले शिक्षक स्टाफ को भी काफी परेशानी का सामना करना पड रहा है। बताया जा रहा है कि इस मामले में कुछ छात्र संगठन भी आने वाले कुछ दिनों में जिलाधीश को ज्ञापन सौंप सकता है।

# जमीन के खरीदी-बिक्री में अनियमितता बरतने पर पटवारी निलंबित

**बलरामपुर,** 29 नवंबर (देशबन्धु)। कार्यालय कलेक्टर (भू-अर्जन शाखा) बलरामपुर ने जानकारी दी है कि पटवारी श्री विजय लकडा हल्का नंबर 28 तहसील बलरामपुर के द्वारा ग्राम सेमली के खसरा नंबर 137/5, 137/7 एवं 137/14 रकबा क्रमशः 0.020, 0.020 एवं 0.020 हेक्टेयर भूमि का विक्रय पत्र के टीप में अधिग्रहित भूमि को छोड़कर लिखा गया है व नक्शा में पटवारी के हस्ताक्षर है। उपरोक्त दोनों विक्रय पत्र भुईया आईडी में नामांतरण हेतु प्राप्त होने पर नामांतरण के पूर्व क्रेता नागेन्द्र कुमार गुप्ता द्वारा आपत्ति पेश किया गया कि क्रेता द्वारा पटवारी के प्रतिवेदन के अनुसार पंजीयक के द्वारा निर्धारित दस्तावेजों के सत्यता के अनुसार क्रय किया गया है तथा विक्रेता द्वारा बिक्री के पूर्व अधिग्रहण के संबंध में क्रेता को किसी भी प्रकार की जानकारी नहीं दी गई है। भारत के राजपत्र, अधिसूचना नई दिल्ली, 01 दिसम्बर 2022 में सरल क्रमांक 80 एवं 81 में खसरा नंबर 137/5 एवं 137/7 रगवा कमशः 0.02, 0.02 हेक्टेयर प्रकाशित है, राजपत्र में प्रकाशित होने के पश्चात् भूमि बिक्री अन्तरण प्रतिबंधित रहता है। इसके पश्चात् भी पटवारी श्री विजय लकड़ा के द्वारा विक्रय हेतु दस्तावेज स्वयं के हस्ताक्षर से जारी किया गया है। उपरोक्त शिकायत की जांच मामले में बिना अभिलेखों या जांच के विक्रय पत्र के लिये चौहद्दी जारी की है तथा पटवारी द्वारा भूमि विक्रय में चौहद्दी देने संबंधी लिखित जवाब में गलती होना स्वीकार किया गया है।

पटवारी श्री विजय लकड़ा के द्वारा किया गया उपरोक्त कृत्य छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 (एक) (दो) (तीन) के विपरीत होने पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री अमित श्रीवास्तव के द्वारा पटवारी श्री विजय लकड़ा को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण नियत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 9 (1) (क) में निहित प्रावधानों के तहत् तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।

# मुख्यमंत्री के नेतृत्व में किसानों की खुशहाली और समृद्धि का खुला द्वार

**बलरामपुर,** 29 नवंबर (देशबन्धु)। खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में 14 नवम्बर 2024 से राज्य सरकार द्वारा किसानों से धान क्रय किया जा रहा है। जिसके लिए जिले के सभी धान खरीदी केन्द्रों में किसानों के लिए समुचित व्यवस्था की गई है। खरीदी केन्द्रों में किसानों के लिए छाया, पेयजल, मेडिकल किट की व्यवस्था के साथ-साथ खरीदी करने के लिए काम आने वाले समस्त उपकरणों को दुरूस्त कर रखा गया है। इसके साथ ही समय-समय पर नोडल अधिकारियों द्वारा धान केन्द्रों का जायजा भी लिया जा रहा है। जिससे अभी तक किसानों को धान बेचने में किसी भी प्रकार की समस्या नहीं हुई है और वे आसानी से खरीदी केन्द्रों में धान बेच रहे हैं। साथ ही किसानों समय पर धान की राशी का भुगतान भी हो रहा है। जिले में अब तक 367 किसानों ने धान बेचा है साथ ही राज्य सरकार द्वारा 04 करोड़ 21 लाख 89 हजार 400 रूपये का भुगतान भी किया जा चुका है।

जिले के सहकारी समिति तातापानी के खरीदी केन्द्र तातापानी में धान बेचने आये किसान संतुष्ट होकर अपना धान बेच रहे हैं। खरीदी केन्द्र तातापानी में धान बेचने आये ग्राम नवाडीह के कृषक श्री रघुवीर प्रसाद गुप्ता ने बताया कि आज वह 120 क्विंटल धान समर्थन मूल्य पर बेचने आये हैं। वे कहते हैं कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की सरकार किसानों से 31 सौ रुपये प्रति क्विंटल की मान से धान की खरीदी कर रही है, जो किसानों के लिए मुख्यमंत्री श्री साय की ओर से बहुत बड़ी सौगात है। उन्होंने मुख्यमंत्री को समर्थन मूल्य धान खरीदी करने के लिए आभार जताया। आगे वह बताते हैं कि इस बार जिला प्रशासन ने खरीदी केन्द्र में किसानों के लिए व्यवस्थित ढ़ंग से समुचित व्यवस्था की गई है। यहां पर किसानों के लिए सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हैं। श्री रघुवीर बताते हैं कि धान बेचकर मिलने वाली राषी से वे सरसों, चना, गेहू की फसल लगाएगें और खेती-बाड़ी के साथ-



साथ परिवारिक कार्यो में उपयोग करेंगे। इसी प्रकार खरीदी केन्द्र में हमाल का काम करने वाले ग्राम धनगांव के लुइसा केरकेट्टा एवं ग्राम सारंगपुर के अशोक सिंह बताते हैं कि खरीदी केन्द्र में उन्हें किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं हो रही है। किसानों द्वारा लाये गये धान को बारदानों में डालकर इलेक्ट्रॉनिक कांटे में तौलकर उसकी सिलाई अच्छी तरह से करते हैं। समिति के ऑपरेटर श्री छोटेलाल गुप्ता ने बताया कि धान खरीदी केन्द्र में कम्प्यूटर सिस्टम, स्कैनर, प्रिंटर, इंटरनेट, विद्युत सभी व्यवस्था दुरूस्त हैं। साथ ही खरीदी केन्द्र में सीसीटीवी भी लगाया गया है। इसके साथ ही धान उपार्जन में आने वाली कठिनाइयों के टोल फ्री नंबर भी जारी किया गया है जिसमें किसान 1800-233-3663 संपर्क कर अपनी समस्या का निदान कर सकते है।

# शासन और समाज के समन्वय से होगा समग्र विकास-संभागायुक्त

**कोरिया,** 29 नवंबर (देशबन्धु)। सरगुजा संभाग के आयुक्त श्री जी.आर. चुरेन्द्र ने कहा कि सरकार, शासन और समाज के समन्वय से ही लोक कल्याणकारी राज्य की परिकल्पना साकार होगी। उन्होंने आज सोनहत विकासखंड के कटगोड़ी और बैकुंठपुर में आयोजित विकासखंड स्तरीय समन्वय एवं मार्गदर्शी बैठक में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और ग्रामीणों को संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत से लेकर जिला स्तर तक के प्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों के बीच बेहतर तालमेल आवश्यक है। ग्राम विकास की जिम्मेदारी एसडीएम, तहसीलदार और जनपद सीईओ की त्रिमूर्ति पर है। उन्होंने इन तीनों अधिकारियों से शासन की योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने की अपील की।

### सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने का आह्वान

आयुक्त ने सामाजिक कुरीतियों और बुराइयों को विकास में बाधा बताते हुए ग्रामीणों से अपील की कि शराब को समाज से पूरी तरह खत्म करने के लिए सख्त कदम उठाएं। उन्होंने कहा कि हर गांव में श्सर्व समाज सामूहिक विवाह समितिश् गठित की जाए ताकि विवाह समारोह में फिजूलखर्ची कम हो और समाज में आपसी भाईचारे को बढ़ावा मिले।

### पर्यावरण संरक्षण और जलवायु पर जोर

श्री चुरेन्द्र ने जल, जंगल और जमीन के संरक्षण की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि किसानों को धान के साथ दलहन, तिलहन और बागवानी की फसलें भी लगानी चाहिए। इससे जल का संरक्षण होगा और किसानों की आमदनी भी बढ़ेगी।



उन्होंने पौधारोपण और जल संरक्षण को प्राथमिकता देते हुए साफ पर्यावरण के लिए सामूहिक प्रयास की बात कही।

### स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति जागरूकता

आयुक्त ने स्वच्छ भारत अभियान का उल्लेख करते हुए ग्रामीणों से हर घर में शौचालय निर्माण और नियमित उपयोग सुनिश्चित करने की अपील की। उन्होंने कहा कि स्वच्छता ही बीमारियों से बचाव का सबसे प्रभावी तरीका है।

### ग्राम सभा की भूमिका महत्वपूर्ण

उन्होंने ग्राम सभा की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हर परिवार का एक सदस्य ग्राम सभा में भाग ले ताकि गांव के विकास की रणनीति बनाई जा सके। आत्मनिर्भर पंचायत के लिए श्रमदान और पंचायत भवन की साफ-सफाई पर भी उन्होंने विशेष जोर दिया।

# मनरेगा में संविदा पदों पर भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित

**एमसीबी,** 29 नवंबर (देशबन्धु)। आयुक्त महात्मा गांधी नरेगा व्दारा 08 अक्टूबर 2024 के तहत प्राप्त स्वीकृति एवं निर्देशानुसार, जिला स्तरीय चयन समिति के अनुमोदन उपरांत अनुशंसा के आधार पर महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के अंतर्गत जिला स्तर पर समन्वयक (तकनीकी), कम्प्यूटर प्रोग्रामर एवं लेखापाल के संविदा 01-01 रिक्त पदों पर भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

इच्छुक एवं वांछित अर्हताधारी अभ्यर्थी अपना आवेदन 16 दिसम्बर 2024 को अपराह्न 5ः30 बजे तक कार्यालय परियोजना निदेशक, ग्रामीण विकास प्रशासन योजना, जिला पंचायत (डीआरडीए), द्वितीय तल, कार्यालय सहायक आयुक्त राज्य कर, कोरिया वृत्त, मनेन्द्रगढ़, जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर (छ.ग.) के नाम से पंजीकृत डाक / स्पीड पोस्ट के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। चयन प्रक्रिया, पदों की संख्या, निर्धारित शैक्षणिक योग्यता, आवेदन पत्र प्रारूप एवं अन्य विवरण संबंधित विस्तृत जानकारी के लिए जिला कार्यालय परियोजना निदेशक ग्रामीण विकास प्रशासन योजना, जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर पर देखा जा सकता है। इच्छुक अभ्यर्थी समय सीमा का पालन करते हुए अपना आवेदन प्रस्तुत कर सकते है ।

# संविधान निर्माता भारत रत्न डा. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा का किया अनावरण

## संविधान निर्माता भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने कानून में सबको समानता का अधिकार दिया-कमल

**डभरा,** 29 नवंबर (देशबन्धु)। डॉ भीमराव अंबेडकर ने समाज के लोगों को वोट देने का अधिकार जीने का अधिकार दिया आज संविधान के निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने बहुत ही कठिन परिश्रम कर पढ़ाई की कई समस्याएं सामने आई फिर भी उन्होंने हार नहीं मानी । स्कूल में छुआछूत के कारण उनको कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ा । स्कूल में पानी पीने को नहीं देते थे अलग से दूर में बैठाया जाता था। इसके बाद भी शिक्षा ग्रहण की हार नहीं मानी और भारत की संविधान को लिखा ।

संविधान में उन्होंने सभी को जीने का अधिकार सभी वर्गों के लिए हक दिलाया। डॉ आंबेडकर दलितों के मसीहा के रूप में जाने जाते हैं, आज अमीर हो या गरीब हो सबको वोट देने का अधिकार एवं महिलाओं पुरुषों सबको कानून बना कर समानता का अधिकार डॉक्टर अंबेडकर ने संविधान में दिया है । नगर पंचायत डभरा थाना के पास आयोजित सभा में संविधान दिवस के अवसर पर डॉक्टर भीमराव अंबेडकर प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम में अधिवक्ता एवं समाजसेवी



कमल किशोर पटेल ने उक्त बातें कही।

नगर पंचायत डभरा के हृदय स्थल थाना चौक में 26 नवंबर को संविधान दिवस के अवसर पर संविधान निर्माता भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का प्रतिमा का अतिथियों द्वारा अनावरण किया।

हम आपको बता दें कि नगर पंचायत डभरा के थाना के पास भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा का अनावरण किया गया।

इस प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक रामकुमार यादव उपस्थित रहे साथ में अन्य अतिथि शामिल हुए। इस अवसर पर जनपद पंचायत डभरा के अध्यक्ष श्रीमती पत्रिका दयाल सोनी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में दीपक बाजपेयी अध्यक्ष के ब्राह्मण समाज एवं संतोष मानिकपुरी अध्यक्ष मानिकपुरी पनिका समाज डभरा अशोक अग्रवाल, दीपक साहू लोकनाथ श्रीवास सहित अन्य समाज के अध्यक्ष कार्यक्रम में मौजूद रहे ।

इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय विधायक रामकुमार यादव ने कहा कि बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर संविधान में समानता का अधिकार दिया है आज वंचितों को भी उनका अधिकार मिला है संविधान में सभी वर्गों के लिए ख्याल रखा गया है और विशेष रूप से दलित शोषितों के उत्थान के लिए भी कानून बनाया गया है डॉक्टर अंबेडकर के जीवनी के बारे में विस्तार से लोगों को जानकारी दी ।

कई वक्ताओं ने अपने अपने विचार रखे। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राइस किंग खूंटे दयाल सोनी रेशमलाल कुर्रे कीर्तन टंडन भागीरथी महेश्वरी ताराचंद खूंटे विमल खूंटे विजय कुर्रे सहित सतनामी समाज के प्रमुखजन डभरा क्षेत्र के समस्त बुद्धिजीवी बहुजन चिंतक एवं महिलाएं एवं पुरुष हजारों की संख्या में उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप

### सक्ती जिले में अब तक 32349 क्विंटल धान की हुई खरीदी

#### 2 दिसंबर के लिए 1032 टोकन हुए जारी



**सक्ती,** 29 नवंबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देशन में प्रदेश सहित सक्ती जिले में 14 नवंबर से धान की खरीदी का सिलसिला अनवरत रूप से जारी है द्य जिले में 14 नवम्बर से अब तक 32349.20 क्विंटल धान की खरीदी हो चुकी है द्य जिला विपणन अधिकारी से प्राप्त जानकारी अनुसार 29 नवंबर 2024 को शाम 5 बजे तक की स्थिति में जिले के धान खरीदी केंद्रों में मोटा धान 5372.40 क्विंटल और सरना धान 6462.80 क्विंटल, इस प्रकार 29 नवंबर को कुल 11835.20 क्विंटल धान की खरीदी की गई। इसी क्रम में 02 दिसंबर को धान खरीदी कार्य के लिए जिले में 1032 टोकन जारी हुवे है, जिसके तहत सोमवार को 43291.60 क्विंटल धान खरीदी कार्य किया जाएगा।

### उपार्जन केंद्र सक्ती में धान खरीदी

**सक्ती,** 29 नवंबर (देशबन्धु)। उपार्जन केंद्र सक्ती मे जिला कोषाध्यक्ष रामनरेश यादव एव मंडल अध्यक्ष अनूप अग्रवाल के आतिथ्य मे धान खरीदी के पहले छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा अर्चना कर शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अनूप अग्रवाल ने कहा कि राज्य मे भारतीय जनता पार्टी की सरकार अपने वादा को पूरा करते हुए 3100 रुपए प्रति क्विंटल में धान खरीदी की जा रही है। खरीदी केंद्र में किसानों को कोई परेशानी न हो एवं किसानों को धान बिक्री के बाद समय पर भुगतान हो इसकी व्यवस्था बनाई गई हैं। किसान अपने ऑनलाइन टोकन मोबाइल से प्राप्त कर सकते हैं। सरपंच कृष्ण कुमार पटेल ने कहा कि खरीदी केंद्र में किसानों के लिए ,छाया एव पानी की एव धान की सुरक्षा व्यवस्था बनाई गई है। किसानों को किसी भी प्रकार कि समस्या न हो इसके लिए पूरा प्रयास किया जा रहा है। प्रबंधक धनीराम साहू, कंप्यूटर ऑपरेटर मीनाक्षी यादव,चारो गाम पंचायत सरपंच, एवं सोसायटी के कर्मचारी किसान सभी सदस्य उपस्थित रहे।

### आरएसएम हास्पिटल व मरीज के परिजनों ने एक दुसरे पर लगाए गंभीर आरोप

**सारंगढ,** 29 नवंबर (देशबन्धु)। सारंगढ़ जिले के सारंगढ तहसील के सोनाडूला के ग्रामीण मिनकेतन पटेल ने बताया कि उनकी माताजी गंगावज पटेल (गंगाबाई) को 27 अक्टूबर को इलाज हेतु आरएसएम हास्पीटल बांधापानी में लीवर समस्या के ईलाज हेतु भर्ती डो सुनील पटेल से बात किया की मेरा आर्थिक स्थिति खराब है आयुष्मान से ईलाज निशुल्क कराना चाहता हूँ डा द्वारा हो जायेगा बोला गया और मेरी माता जी को हास्पीटल के दूसरे वार्ड पर सिपट कर दिया गया तथा 28 अक्टूबर को 80003 रू जमा करने को बोला गमा और मरीज का हालत ज्यादा ही खराब है बोलकर जमा करना जरूरी है बोले तो में जमा कर दिया। 23 नवंबर को खून चढाने के लिए बोला गया और बताया कि आपकी माता में लीवर में गंदगी बहुत भर गया और इंफेक्सन हो गया है बताया गया और लिए और बोला गया की आपका आयुन्मान कार्ड नहीं चल रहा है।

पूरा पेयमेंट करना पड़े?गा और मरीज की हालत खराब है दूसरे हास्पीटल ले जाइये बोला गया तथा हम लोगो को आयुन्मान कार्ड का 80700 3 पास. करने का एसएमएस आमा है उस को बताया गया तो हमे बोला गया कि आपके आधुम्मान से कुछ नहीं कटा है पुरा शशि जमा करो तभी मरीज की ले जा सकते हो तब मैंने आयुस्मान हैल्प नाईन 104 में शिकायत किया तो आज छुट्टी है सोमवार को देखेगे बोला गया तथा हम लोगों ने अपने से जुगाड़ कर कुल राशि एक लाख बीस हजार. जमा किये जबकि हमें हास्पिटल से 85000 का ही रसीद दिया गया है और बताया गया कि ब्लड और प्लाज्मा बाहर से लाया गया है। तब मरीज को हास्पीटल से डिस्चार्ज किया गया वर्तमान मेकाहारा रामपुर में इलाज चला जहां उनकी मौत हो गयी।वहीं मामले के सम्बंध में जब आरएसएम हास्पिटल के संचालक डा सुनील पटेल से चर्चा किया गया तो उन्होंने बताया कि उक्त मरीज का ईलाज आयुष्मान से करने एफ्रूवल परिजन मिनकेतन व उसके सहयोगियों द्वारा बिल बढाकर आयुष्मान कार्ड से राशि निकालकर नकद देने दबाव बनाया जा रहा था तो हमने आयुष्मान के लिए भेजे गए एफ्रूवल को निरस्त करने का लेटर ऊपर भेज दिया जिससे आयुष्मान से राशि नहीं कटा है। वहीं मामले में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा एफ आर निराला ने बताया कि मामले की शिकायत को जांच के लिए रायपुर भेजा गया है जहां से जांच कर आवश्यक कार्यवाही किया जाएगा।

### पति-पत्नी सहित चार को तीन साल की जेल

#### गृह शांति के नाम पर 5 लाख की चोरी



**जांजगीर,** 29 नवंबर (देशबन्धु)। दीप्ति विहार कालोनी जांजगीर में गृह शांति पूजा के बहाने 5 लाख रुपए की चोरी करने वाले आरोपी मंगलू पटेल, पत्नी जानकी बाई और उनके दो साथी सुनील पटेल, दिलेश्वर गोस्वामी को दोषी करार देते हुए 3-3 वर्ष की सश्रम कारावास की सजा सुनाई है।

जिला लोक अभियोजक एस.अग्रवाल ने बताया कि सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के दीप्ति विहार कालोनी में 15 फरवरी 2019 को धनीराम बंजारे ने अपने घर में शांति पूजा कराने को लेकर मंगलू पटेल को बुलाया था। वह अपनी पत्नी जानकी बाई और दो साथी सुनील पटेल, दिलेश्वर गोस्वामी के साथ आया हुआ था। घर में केवल धनीराम बंजारे अपनी पत्नी के साथ था। इस दौरान आरोपियों ने धनीराम के घर पर रखे हुए 5 लाख रुपए नगद रकम चोरी कर ली थी। सिटी कोतवाली थाने में चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई मामले में पुलिस ने आरोपी मंगलू पटेल पत्नी जानकी बाई और दो साथी सुनील पटेल दिलेश्वर गोस्वामी के पास से चोरी के रकम को बरामद कर गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया। दोषी पाए जाने पर सजा सुनाई गई।

# फ्लोरा मैक्स कंपनी के 3 आरोपी गिरफ्तार

## लुभावने बिजनेस स्कीम का झांसा देकर आठ करोड़ रुपया की धोखाधड़ी का है आरोप

**जांजगीर**, 29 नवंबर (देशबन्धु)। फ्लोरा मैक्स कंपनी के 03 आरोपियों को पकड़ने में पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों द्वारा 2700 लोगों से 30-30 हजार रुपए को झांसा देकर कुल लगभग 08 करोड़ रुपया की धोखाधड़ी किया गया है। लुभावने बिजनेस स्कीम कंपनी के झांसा में आकर आम नागरिकों एवं महिला समूहों के सदस्य ठगी का शिकार हुए है,इस मामले में कंपनी के डायरेक्टर एवं अन्य सहयोगी को पूर्व में कोरबा पुलिस द्वारा गिरफ्तार की गई है, चाम्पा पुलिस द्वारा भी वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। आरोपियों के विरुद्ध धारा 318(2), 318(4), 111(1) (3), 3(5) बीएनएस एवं 6,10 छत्तीसगढ़ निवेशकों का संरक्षण अधिनियम, 2005 के तहत कार्यवाही कर 03 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

मामले का विवरण प्रार्थिया श्रीमती निरा साहू निवासी दारंग द्वारा चाम्पा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि 25 अप्रैल 23 से लगातार आरोपी कंपनी का डारेक्टर अखिलेश सिंह एवं उनके अन्य साथियों द्वारा संगठित होकर फ्लोरा मैक्स सर्विस प्राइवेट लिमिटेड नाम से कंपनी संचालित कर रहे थे, जिसका मुख्य ब्रांच कोरबा था एवं चाम्पा में शाखा खोलकर एक व्यवसायिक स्कीम के तहत आम नागरिकों एवं सदस्यों से 30-30 हजार रुपये जमा कराते थे तथा हर महिना प्रत्येक सदस्य को 2.700 रूपया देने का वादा करते थे तथा सदस्यों 35,000 रूपया का समान जैसे साड़ी, बर्तन, जूते, आभूषण बेनटेक्स) आदि सामान बेचने के लिए देते थे और उक्त समान को बेचकर पून: 35000 हजार रूपये कंपनी में जमा करते थे। जिसमें से सदस्यों को 3500 रूपयें कमीशन मिलता था, यदि कोई सदस्य समान नही देता था उसे सिर्फ हर महिने 2700 रूपये 24 माह तक देने का झांसा दिते थे, इसके अतिरिक्त



सदस्यों द्वारा अपने अंदर में जितना सदस्य जोड़े उन सदस्यों के हिसाब से प्रति महिना 300 रूपया कमिशन के रूप में देते थे जिसकी लालच में आकर लोगो द्वारा विभिन्न बैंको से लोन लेकर 30-30 हजार रूपया जमा किया गया है। कंपनी द्वारा सदस्यों को पिछले 04 माह से वादा की गई 2700 रूपयें देना बंद कर फरार हो गये। रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध 25 नवंबर को चाम्पा थाना में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। टीम के द्वारा आरोपियों का लगातार पतासाजी की जा रही थी इसी क्रम में चाम्पा यदुमणि सिदार के कुशल मार्ग दर्शन में मुखबीर सूचना पर अलग-अलग जगहों से आरोपी ईश्वर दास महंत निवासी लीमगांव थाना उरगा जिला कोरबा संतोष दास मानिकपुरी निवासी रोगदा थाना नवागढ़ जिला जांजगीर-चाम्पा गोपी किशन सुखसारथी निवासी लहंगा थाना बाराद्वार जिला सक्ती को पकड़ा जिसको घटना के संबंध में पूछताछ करने लगभग 10-10 लाख रूपये लेना स्वीकार कियें आरोपियों से एवं कार्यालय से उपयोग कियें कम्प्यूटर सेट, प्रिंटर, लेपटाप, नोट गिनने का मशीन, रजिस्टर एवं प्रचार प्रसार की समाग्री को बरामद किया गया जाकर आरोपियों को गिरफ्तार कर आज न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। उपरोक्त आरोपियों की गिरफ्तारी कार्यवाही में अति पुलिस अधीक्षक उमेश कश्यप के नेतृत्व में एसडीओपी चाम्पा यदुमणि सिदार, निरी. नरेश पटेल थाना प्रभारी चाम्पा, उपनिरी दिलीप सिंह, उपनिरी. पारस पटेल सायबर सेल प्रभारी एवं सायबर सेल टीम से सउनि विवेक सिंह, प्रआर मनोज तिग्गा तथा सउनि मुकेश पाण्डेय थाना चाम्पा का योगदान रहा।

### 2700 लोगो के साथ हुई धोखाधड़ी

विवेचना के दौरान यह जानकारी आयी है कि गिरफ्तार तीनो आरोपी कंपनी के डारेक्टर अखिलेश सिंह, राजू सिंह निवासी कोरबा एवं उनके सक्रिय सहयोगी साथियों के साथ मिलकर पिछले लगभग 19-20 माह से लुभावना स्कीम को चला रहे थे।

कंपनी के डारेक्टर अखिलेश सिंह, राजू सिंह कोरबा कोतवाली के इसी तरह के अन्य मामले में कोरबा पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। इसके अतिरिक्त चाम्पा थाना के मामलें में वांछित अन्य आरोपी गण को भी कोरबा पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है, जल्द ही चाम्पा पुलिस द्वारा साक्ष्य संकलन कर गिरफ्तारी की जावेगी इस तरह अभी तक जांच में पाया गया है कि जांजगीर चाम्पा जिले से 2700 लोगो के साथ धोखाधड़ी हुई है। प्रकरण की विवेचना जारी है।

# जिला पंचायत के सीईओ ने किया पीएम आवास के कार्यों का निरीक्षण

**जांजगीर,** 29 नवंबर (देशबन्धु)। जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे ने गुरुवार को जनपद पंचायत बम्हनीडीह अंतर्गत ग्राम पंचायत सरहर, लछनपुर, झर्रा, खमिहा में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत चल निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान, सीईओ ने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, समयसीमा और लाभार्थियों तक पहुंच सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उन्होंने लाभार्थियों से भी बातचीत की और योजना के तहत मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। जिला पंचायत सीईओ ने अधिकारियों को निर्माण कार्यों में तेजी लाने और किसी भी प्रकार की शिकायतों का जल्द निवारण करने के निर्देश दिए।



जिला पंचायत सीईओ ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना शासन की महत्वाकांक्षी योजना है। पीएम आवास योजना का उद्देश्य हर जरूरतमंद को छत उपलब्ध कराना है। हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि काम गुणवत्तापूर्ण हो और योजना का लाभ सही लोगों तक पहुंचे।

उन्होने सभी निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूर्ण करने के कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पूर्ण एवं निर्माणाधीन आवासों की प्रगति लाने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने आवास हितग्राहियों से कहा कि जिन हितग्राहियों ने किश्त मिलने के बाद भी आवास निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किया वे आवास निर्माण का कार्य अविलंब शुरू करने कहा। इस दौरान जनपद पंचायत सीईओ कुबेर उरेति सहित जनपद पंचायत अधिकारी उपस्थित थे।

# बजाज एलियांस इंश्योरेंस कंपनी को उपभोक्ता के इलाज में हुए खर्चें देना होगा

### जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग जांजगीर का आदेश

जांजगीर, 29 नवंबर (देशबन्धु)। बजाज एलियांस इंश्योरेंस कंपनी से सीएससी हेल्थ इंडिविजुअल पॉलिसी लेकर तीन लाख रुपए का स्वास्थ्य बीमा कराया था। बीमा अवधि के दौरान ही शिकायतकर्ता का स्वास्थ्य अत्यधिक खराब हो गया, शिकायतकर्ता नीजि में इलाज कराया । उपभोक्ता/शिकायतकर्ता ने अपने ईलाज में लगी राशि की मांग बजाज एलियांस इंश्योरेंस कंपनी से की परंतु कंपनी ने इलाज में लगे खर्च इस आधार पर देने से इंकार कर दिया कि 24 घंटे तक अस्पताल में भर्ती रह कर इलाज नहीं कराया गया है । तब उपभोक्ता/शिकायतकर्ता ने जिला उपभोक्ता आयोग जांजगीर के समक्ष परिवाद पेश कर अपने ईलाज में लगी




अस्पताल में इलाज कराया तथा ईलाज में लगी राशि की मांग बजाज एलियांस इंश्योरेंस कंपनी से की परंतु कंपनी ने इलाज में लगे खर्च इस आधार पर देने से इंकार कर दिया कि वह 24 घंटे तक अस्पताल में भर्ती रह कर इलाज नहीं कराया है। शिकायतकर्ता ने जिला उपभोक्ता आयोग जांजगीर के समक्ष परिवाद पेश कर अपने ईलाज में लगी राशि इंश्योरेंस कंपनी से दिलाए जाने मांग किया। इस पर जिला उपभोक्ता आयोग ने फैसला देते हुए इलाज में आए खर्च की राशि 40 हजार 6 सौ 40 रुपये तथा मानसिक संताप का 5 हजार व वाद का खर्च 3 हजार आदेश दिनांक से 45 दिनों के भीतर देने का आदेश दिया है।

शिकायतकर्ता शुभम राठौर निवासी शंकर नगर चांपा जिला जांजगीर चांपा ने बजाज एलियांज इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड से दिनांक 20 अगस्त 2022 से 19 अगस्त 2023 के लिए सीएससी हेल्थ इंडिविजुअल पॉलिसी लेकर तीन लाख रुपए का स्वास्थ्य बीमा कराया था। बीमा अवधि के दौरान ही उपभोक्ता/ शिकायतकर्ता का स्वास्थ्य अत्यधिक खराब हो गया जिसके कारण वह चांपा के ही गीतांजलि डे केयर क्लीनिक व उसके बाद बचपन चिल्ड्रन अस्पताल राशि इंश्योरेंस कंपनी से दिलाए जाने मांग किया । जिला उपभोक्ता आयोग जांजगीर के अध्यक्ष प्रशांत कुंडू , सदस्य विशाल तिवारी ने पेश दस्तावेजों, किए गए तर्कों का सूक्ष्मता से अध्ययन कर यह पाया कि बीमा पॉलिसी की शर्तों के अनुसार बजाज बजाज एलियांस इंश्योरेंस कंपनी ने उपभोक्ता/शिकायतकर्ता के बचपन चिल्ड्रन अस्पताल के इलाज में आए खर्च न देकर सेवा में कमी की है । उपभोक्ता 17 से 23 मई 23 तक बचपन चिल्ड्रन अस्पताल में भर्ती रहकर अपना इलाज कराया था । जिला आयोग ने बजाज एलियांस इंश्योरेंस कंपनी को उपभोक्ता/शिकायतकर्ता के बचपन चिल्ड्रन हॉस्पिटल के इलाज में आए खर्च की राशि 40 हजार 6 सौ 40 रुपये तथा मानसिक संताप का 5 हजार व वाद का खर्च 3 हजार आदेश दिनांक से 45 दिनों के भीतर देने का आदेश दिया, नियत अवधि में आदेशित राशि नहीं देने पर आदेश दिनांक से भुगतान दिनांक तक 6 प्रतिशत वार्षिक ब्याज देने का आदेश दिया । जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग जांजगीर ने उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 की धारा 35 के अंतर्गत पेश परिवाद को स्वीकार कर उक्त आदेश पारित किया गया।

# बालक देखरेख संस्था में निवासरत बालकों को मिला परिवार

**जांजगीर**, 29 नवंबर (देशबन्धु)। बाल कल्याण समिति के आदेश से जिले में संचालित बाल देखरेख संस्था में निवासरत दो बालक में से एक बालक को पालन-पोषण देखेरख परिवार जिला दुर्ग, एवं दूसरे बालक को पालन-पोषण देखेरख परिवार जिला रायपुर तथा बालिका गृह कोरबा में निवासरत एक बालिका को पालन-पोषण देखेरख परिवार जिला कांकेर को नियमानुसार अस्थायी आदेश पर सपुर्द किया गया। जिसमे परिवार का आवेदन, आवश्यक दस्तावेज पुलिस सत्यापन रिपोर्ट, चिकित्सा रिपोर्ट, आय प्रमाण पत्र एवं गृह अध्ययन रिपोर्ट आदि का अवलोकन किया गया। बच्चों के उनके पालन-पोषण परिवार के साथ समन्वय हेतु मैचिंग प्रक्रिया करायी गयी। जिसमें बालक एवं पालक को एक दूसरे को समझने का अवसर प्राप्त हुआ एवं बच्चों द्वारा भावी पालन-पोषण देखेरख परिवार के साथ उनके घर जाने की इच्छा जाहिर की गयी और परिवार द्वारा भी बच्चों को अपने गृह जिला निवास ले जाने हेतु सहमति पर बाल कल्याण समिति द्वारा अस्थायी आदेश जारी किया गया।



उक्त कार्यवाही में श्रीमती अनिता अग्रवाल जिला कार्यक्रम अधिकारी जिला जांजगीर-चांपा, यूनसेफ रायपुर से श्रीमती चेतना देसाई चाईल्ड प्रोटेक्शन स्पेशिलस्ट, सुश्री स्नेहिल कंसल्टेन्ट यूनीसेफ, श्री अभिषेक त्रिपाठी सोशियल बिहेवियर चेन्ज यूनीसेफ, सोना बर्मन राज्य कार्यक्रम अधिकारी रायपुर, सुश्री सविता साव जिला कार्यक्रम अधिकारी रायगढ़, देवेन्द्र कुमार कर्ष जिला कार्यक्रम अधिकारी रायपुर, गजेन्द्र सिंह जायसवाल जिला बाल संरक्षण अधिकारी, श्रीमती पूजा तिवारी संरक्षण अधिकारी गैर संस्थागत देखरेख, प्रजेश कुमार शर्मा परामर्शदाता, धीरज राठौर डाटा एनालिस्ट, अमित भोई आउटरिच वर्कर, निर्भय सिंह समन्वयक चाईल्ड लाईन, शिवनंदन सिंह मरकाम आउटरिच वर्कर, मनीष कुमार लाल संस्था अधीक्षक, नरेन्द्र कुमार चंद्रा संस्था परामर्शदाता का विशेष सहयोग रहा।

### वनरक्षक भर्ती में छूटे अभ्यर्थियों का फिजिकल टेस्ट 1 दिसंबर को रायगढ़ में होगा

**सारंगढ़ बिलाईगढ़,** 29 नवंबर (देशबन्धु)। रायगढ़, धरमजयढ़ एवं जांजगीर चांपा वनमण्डल के वनरक्षक भर्ती के नोडल रायगढ़ वनमण्डल अंतर्गत वनरक्षक के कुल 103 रिक्त पदों पर 34231 अभ्यर्थियों का शारीरिक मापजोख एवं दक्षता परीक्षण की प्रक्रिया 16 नवंबर से प्रारंभ किया गया था। 16 नवंबर को मेसर्स टाईमिंग एण्ड टेक्नोलॉजीस इण्डिया प्राईवेट लिमिटेड हैदराबाद द्वारा रायगढ़ स्टेडियम में स्थापित उपकरणों में आयी तकनीकी समस्या के कारण प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय बैच के जिन अभ्यर्थियों का दक्षता परीक्षा की कार्यवाही पूर्ण नहीं हो पाया है, तथा चौथे एवं पांचवें बैच के अभ्यर्थी इस समस्या के कारण परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो सके, उन्हें आगामी 1 दिसंबर को प्रात: 6 बजे शारीरिक मापजोख एवं दक्षता परीक्षण के लिए रिजर्व तिथि 01 दिसंबर को उपस्थित होने के लिए जानकारी दी गई है। इसी प्रकार पात्र अभ्यर्थी जिनका प्रवेश पत्र जारी हुआ है तथा एक ही तिथि को पुलिस बल एवं वनरक्षक का परीक्षा होने के कारण निर्धारित तिथि व समय में उपस्थित नहीं हो सके, या जिनके प्रवेश पत्र में फोटो, जेन्डर, आदि में त्रुटि है उन्हें भी 01 दिसंबर को उपस्थित होने के लिए जानकारी दी गई है।

# धान के अवैध परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध छापामार कार्रवाई



**जांजगीर**, 29 नवंबर (देशबन्धु)। अवैध धान के परिवहन एवं भंडारण करने वाले के विरुद्ध छापामार कार्यवाही की गई। जिसमें ग्राम पंचायत केरा के व्यापारी के गोदाम से 76 बोरी धान वजन 30.40 क्विंटल जब्ती की कार्यवाही मंडी अधिनियम के तहत की गई।

कलेक्टर के निर्देशन में सहायक कलेक्टर दुर्गा प्रसाद अधिकारी, एसडीएम जांजगीर श्रीमती ममता यादव सहित खाद्य,राजस्व एवं मंडी विभाग के संयुक्त दल द्वारा अवैध धान के परिवहन एवं भंडारण करने वाले के विरुद्ध छापामार कार्यवाही की गई। फूड ऑफिसर कौशल साहू ने बताया कि उक्त तारतम्य में वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने के कारण ग्राम पंचायत केरा के व्यापारी मनीष ट्रेडर्स के संचालक मनीष केशरवानी के गोदाम से 76 बोरी धान वजन 30.40 क्विंटल जब्ती की कार्यवाही मंडी अधिनियम के तहत की गई।

### मारूति किराना स्टोर केरा रोड जांजगीर में छापामार कार्रवाई

फूड ऑफिसर कौशल साहू ने बताया मारूति किराना स्टोर केरा रोड जांजगीर में छापामार कार्यवाही की गई। खाद्य विभाग के जांच दल द्वारा 24 बोरी में कुल 9.51 क्वि चांवल किराना स्टोर से जप्त किया गया है । उक्त किराना दुकान के संचालक दीपक अग्रवाल पिता रमेश अग्रवाल एवं रवि अग्रवाल पिता रमेश अग्रवाल हैं। छत्तीसगढ़ पीडीएस कंट्रोल ऑर्डर 2016 का उल्लंघन करने के कारण संबंधित आरोपियों के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के अंतर्गत कड़ी कार्यवाही की जा रही है।



# देश विदेश

## पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में चार आतंकवादी ढेर

**इस्लामाबाद,** 29 नवम्बर (एजेंसियां)। पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी प्रांत खैबर पख्तूनख्वा में सुरक्षा बलों ने खुफिया जानकारी पर आधारित अभियान के दौरान चार आतंकवादियों को मार गिराया। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने गुरुवार को एक बयान में कहा है कि सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने पर प्रांत के खैबर जिले में अभियान चलाया। आईएसपीआर ने कहा कि अभियान के दौरान, सैनिकों ने आतंकवादियों के ठिकाने को चारो ओर से घेर लिया। उन्होंने कहा कि अभियान के दौरान चार आतंकवादी मारे गए और तीन अन्य घायल हो गए।

### फिलिस्तीन दिवस पर पीएम मोदी ने फिलिस्तीनियों के नाम लिखा पत्र, कहा

# फिलिस्तीन के विकास में हमेशा भागीदार रहा भारत

**नई दिल्ली,** 29 नवम्बर (एजेंसियां)। हर साल 29 नवंबर को मनाए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय फिलिस्तीनी एकजुटता दिवस के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फिलिस्तीन के लोगों के नाम पत्र लिखकर वहां के विकास के लिए भारत के निरंतर समर्थन का वादा किया है।

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने पत्र के माध्यम से कहा कि हम फिलिस्तीनी लोगों के साथ एकजुटता के लिए अंतरराष्ट्रीय दिवस का जश्न मना रहे हैं। मैं फिलिस्तीन के लोगों के विकास के लिए भारत के निरंतर समर्थन को दोहराता हूं। फिलिस्तीनी लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने में भारत दृढ़ता के साथ खड़ा है। भारत हमेशा फिलिस्तीनी लोगों के विकास में भागीदार रहा है। भारत इस यात्रा में उनके साथ खड़ा रहेगा, जिसमें फिलिस्तीनी लोगों की जरूरतों और प्राथमिकताओं के आधार पर अन्य क्षेत्रों में फिलिस्तीनी लोगों पर केंद्रित परियोजनाओं का क्रियान्वयन करना भी शामिल है।

पीएम मोदी ने आगे कहा कि क्षेत्र में अपनी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए संयुक्त राष्ट्र को हमारा निरंतर समर्थन



**भारत का दृढ़ विश्वास है कि संवाद व कूटनीति स्थायी और शांतिपूर्ण समाधान की कुंजी है : नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

फिलिस्तीनी लोगों के दैनिक जीवन में सार्थक बदलाव लाने की हमारी इच्छा को प्रमाणित करता है। इलाके में चल रहे संघर्ष के परिणामस्वरूप दुखद जीवन की हानि हुई है और फिलिस्तीन और पश्चिम एशिया क्षेत्र के लोगों के लिए भारी पीड़ा हुई है। भारत वर्तमान सुरक्षा और मानवीय स्थिति को लेकर बहुत चिंतित है। भारत तत्काल युद्ध विराम, आतंकवाद के सभी कारकों को समाप्त करने, बंधकों की रिहाई और फिलिस्तीन के लोगों को मानवीय सहायता की निरंतर आपूर्ति की अपील करता है।

पीएम मोदी ने आगे भारत की टू स्टेट पॉलिसी की बात दोहराते हुए कहा कि भारत का दृढ़ विश्वास है कि संवाद और कूटनीति स्थायी और शांतिपूर्ण समाधान की कुंजी है। भारत ने हमेशा बातचीत के माध्यम से टू स्टेट पॉलिसी के बीच चल रहे विवाद के समाधान का समर्थन किया है, जिससे एक संप्रभु, स्वतंत्र और व्यवहार्य फिलिस्तीन राज्य की स्थापना हो सके, जो इजरायल के साथ शांति से रह सके। मैं भारत के लोगों के साथ मिलकर फिलिस्तीनी लोगों के शांतिपूर्ण और समृद्ध भविष्य की कामना करता हूं।

बता दें कि अंतरराष्ट्रीय फिलिस्तीनी एकजुटता दिवस हर साल 29 नवम्बर को मनाया जाता है। यह तिथि 1947 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा प्रस्ताव 181 के पारित होने की याद में चुनी गई थी, जिसमें फिलिस्तीन को यहूदी और अरब राज्यों में विभाजित करने का प्रस्ताव रखा गया था। यह दिवस 1978 से मनाया जा रहा है और इसका उद्देश्य फिलिस्तीनी लोगों के आत्मनिर्णय और अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत उनके अधिकारों के लिए चल रहे संघर्षों को उजागर करना है।

## ईरान व लेबनान ने की इजरायल से युद्धविराम समझौते को लेकर चर्चा



**तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्री सईद अब्बास अराघची और उनके लेबनानी समकक्ष अब्दुल्ला बौ हबीब ने इजरायल और हिजबुल्लाह के बीच संघर्ष विराम के बाद लेबनान की नवीनतम स्थिति पर चर्चा की। सिन्हुआ समाचार एजेंसी ने बताया कि ईरानी विदेश मंत्रालय द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, गुरुवार को फोन पर बातचीत में अराघची ने युद्ध विराम के फैसले का स्वागत किया, जिसके बारे में उन्होंने कहा कि यह लेबनानी लोगों के प्रतिरोध, युद्ध के मैदान पर प्रतिरोध सेनानियों के संघर्ष और लेबनानी सरकार द्वारा किए गए प्रयासों के माध्यम से हासिल किया गया है।

## इजरायल ने लोगों के एकत्र होने संबंधी पाबंदी हटाई



**यरूशलम।** इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने तेल अवीव और उसके उपनगरों सहित मध्य इजरायल में लोगों के इकट्ठा होने संबंधी प्रतिबंधों को तत्काल हटाने की घोषणा की। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) के होम फ्रंट कमांड द्वारा यह निर्णय लेबनान में इजरायल और हिजबुल्लाह के बीच संघर्ष विराम के बाद लिया गया, जो बुधवार सुबह से प्रभावी हो गया। इससे पहले, लेबनान से हिजबुल्लाह द्वारा प्रक्षेपास्त्र दागे जाने के बाद कमांड ने तेल अवीव महानगरीय क्षेत्र के साथ-साथ मध्य इजरायल के अन्य क्षेत्रों में 2 हजार लोगों तक के जमावड़े को सीमित कर दिया था।

## सुडोकू 6750


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 1 | | 2 | 9 | 5 |
| 7 | | | | 6 | | 4 | | |
| | | | | | 8 | | 6 | |
| | | | | | | 5 | 2 | |
| 1 | | 5 | | | | 6 | | 9 |
| | 4 | 7 | | | | | | |
| | 6 | | 9 | | | | | |
| | | 2 | | 5 | | | | 1 |
| 3 | 9 | 1 | | 8 | | | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6750



**बायें से दाये:-**

१. किसी काम या सेवा के स्वेच्छापूर्वक दिया जाने वाला पारिश्रमिक
३. बहुत ही मशहूर
५. पागल
६. अमृत जैसे मीठे बोल
७. लोगों की राय
९. स्वाद लेना
१०. जांचने वाला, परीक्षण करने
१२. निर्ऊयता, धृष्टता (उर्दू)
१३. बहू, वधू
१४. अधीरता, उतावली, शीघ्रता
१६. निमंत्रण (उर्दू)
१८. योग्यता
२०. खिसकाना, सरकाना, किसी वस्तु या व्यइक्ति आदि को एक स्थान से दूसरे स्थान पर करना
२१. विवाह, शादी
२३. पीड़ा से भरा

**ऊपर से नीचे:-**

१. इंसानियत
२. एक लिपि जिससे हिंदी, संस्कृत, मराठी भाषायें लिखी जाती हैं
३. सोया हुआ आदमी, आधी रात
४. अत्याचार (उर्दू)
५. बांटने वाला
८. जांच-पड़ताल (उर्दू)
१०. लेकिन
११. शक्ति, सामर्थ्य
१२. असंगत, बेतुका, भद्दा, अशिष्ट (उर्दू)
१३. शुद्ध, पाक
१४. खुद्कुशी
१५. युद्धभूमि में होने वाली बाहरी आवाज
१७. जल देवता, समुद्र
१८. पोषण करना, परवरिश करना
१९. उष्णता, गर्मी
२२. अगर

### वर्ग पहेली-6749



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

### दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : शनिवार 30 नवम्बर, 2024 अघ्घन कृष्ण पक्ष 15

### राशिफल

मेष - आज के दिन का आरंभ बहुत अच्छा होगा। शारीरिक और मानसिक आरोग्य अच्छा बना रहेगा। दोपहर के बाद नए काम करने की सलाह आपको नहीं दी जाती है। वाणी और व्यवहार पर संयम बरतें।

वृषभ - व्यापार में यश और सफलता मिलेगी। साथी कर्मचारियों का पूरा सहयोग आपको मिलेगा। आर्थिक लाभ होगा। विरोधियों को पीछे छोड़ पाएंगे। दोपहर बाद मनोरंजन में आपका ध्यान रहेगा।

मिथुन - आज का आप का दिन किसी खास चर्चा में गुजर सकता है। आप अपनी कल्पनाशक्ति से कुछ नया कर पाने में समर्थ रहेंगे। शारीरिक और मानसिक रूप से खुश रह सकते हैं।

कर्क - हताशा से आप थोड़े चिंतित रहेंगे। इस कारण शारीरिक रूप से आप अस्वस्थता का अनुभव करेंगे। प्रवास के लिए आज का दिन अनुकूल नहीं है। जमीन और वाहनों से जुड़ी समस्या आपको हो सकती है।

सिंह - आज व्यापार या नौकरी के लिए कोई छोटी यात्रा हो सकती है। विदेश से कोई अच्छे समाचार मिलेंगे। धन लाभ होगा। नए काम के लिए अच्छा समय है। किसी लाभदायक निवेश में आप रुचि ले सकते हैं।

कन्या - आज आपके मन में किसी बात को लेकर दुविधा बनी रहेगी। कोई नया काम शुरू ना करें। ज्यादातर समय मौन बने रहें, इससे विवाद होने से बच जाएगा। परिजनों के साथ बातचीत में संयम बरतें।

तुला - आज आपकी रचनात्मकता से कोई कठिन काम आसान बना पाएंगे। शारीरिक और मानसिक रूप से आप स्वस्थ रहेंगे। विचारों में दृढ़ता बनी रहेगी। नए वस्त्र, आभूषण या मनोरंजन के पीछे धन खर्च होगा।

वृश्चिक - आपका उग्र और असंयमित व्यवहार आपको समस्या में डाल सकता है। दोस्तों और रिश्तेदारों के साथ कोई अनहोनी हो सकती है, उनका ध्यान रखें। दोपहर के बाद शारीरिक, मानसिक स्वास्थ्य में दिक्कत रहेगी।

धनु - व्यावसायिक क्षेत्र में आज आपके लिए लाभकारी दिन है। जीवन में आनंद का वातावरण रहेगा। काम में पदोन्नति होगी। मित्रों के साथ बाहर जाने का कार्यक्रम होगा। व्यापारीवर्ग को भी लाभ होगा।

मकर - आज का दिन मैरीड कपल के लिए आनंदमयी रहेगा। परिजनों के साथ खुशी का वातावरण बना रहेगा। व्यवसाय में पदोन्नति के योग हैं। व्यवसाय में अनुकूल समय है। नौकरी में साथी कर्मचारियों का साथ मिलेगा।

कुंभ - आज के दिन बौद्धिक काम, नए सृजन और साहित्यिक गतिविधि में आप उलझे रहेंगे। नए काम की शुरुआत आज कर सकते हैं। किसी धार्मिक यात्रा का आयोजन हो सकता है। व्यापार में लाभ का अवसर मिलेगा।

मीन - आज आपको वाणी में संयम रखने की सलाह दी जाती है। गुप्त शत्रुओं से सावधान रहना होगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आध्यात्मिक उन्नति के लिए दिन अच्छा है।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## उत्तर कोरिया ने कूड़े से भरे 40 गुब्बारे दक्षिण कोरिया की ओर भेजे : जेसीएस



**सियोल,** 29 नवम्बर (एजेंसियां)। दक्षिण कोरिया की सेना ने शुक्रवार को कहा कि उत्तर कोरिया ने पिछली रात से सीमा पार दक्षिण कोरिया में कचरे से भरे लगभग 40 गुब्बारे भेजे हैं, जिनमें से अधिकांश राजधानी के बड़े क्षेत्र में गिरे हैं।

योनहाप समाचार एजेंसी के अनुसार, संयुक्त चीफ ऑफ स्टाफ ने कहा कि उन्होंने गुरुवार रात से शुक्रवार सुबह तक राजधानी क्षेत्र में उत्तर कोरिया द्वारा छोड़े गए लगभग 30 गुब्बारे देखे, जिनमें सियोल के आसपास का ग्योंगगी प्रांत भी शामिल है। सेना ने कहा कि (गुब्बारों से) जो सामग्री मिली, उसमें दक्षिण कोरिया के खिलाफ दुष्प्रचार संबंधी पर्चे थे। उसमें ऐसा कुछ भी नहीं था, जिससे सुरक्षा को खतरा हो। मई के अंत से अब तक उत्तर कोरिया ने दक्षिण कोरिया में 32 बार ऐसे गुब्बारे भेजे हैं, जिनमें यह ताजा घटना भी शामिल है, जो दक्षिण कोरिया के द्वारा सीमा पार भेजे गए प्योंगयांग विरोधी प्रचार पत्रकों के जवाब में की गई है।

## अमेरिका ने परमाणु हथियार वितरण प्रणाली को किया उन्नत

### वायु सेना की ओर से परीक्षणों के लिए 259 मिसाइलों का किया जाएगा उपयोग

**वाशिंगटन,** 29 नवम्बर (एजेंसियां)। अमेरिका अपने परमाणु त्रिकोण परमाणु हथियार, मिसाइल और रणनीतिक बमवर्षक ले जाने वाली पनडुब्बियां को उन्नत कर रहा है।



आरआईए नोवोस्ती की ओर से प्राप्त रोसकांग्रेस फाउंडेशन की एक रिपोर्ट में कहा गया कि नए एलजीएम-35 सेंटिनल अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल (आईसीबीएम) का विकास जारी है, जिसे पहले ग्राउंड-बेस्ड स्ट्रैटेजिक डिटरेंट (जीबीएसडी) के नाम से जाना जाता था। यह मौजूदा मिनटमैन तृतीय आईसीबीएम की पूरी तरह से जगह ले लेगा। तैनाती के लिए उनकी कुल संख्या 400 पर अपरिवर्तित रहेगी, साथ ही वायु सेना की ओर से निरंतर परीक्षणों के लिए 259 मिसाइलों का उपयोग किया जाएगा। वित्तीय वर्ष 2025 के लिए, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के प्रशासन ने सेंटिनल, अनुसंधान और विकास के लिए 3.7 अरब डॉलर का अनुरोध किया है।

रिपोर्ट के मुताबिक, सेंटिनल को 2030 के दशक में सेवा में आने की उम्मीद है और 2070 के दशक तक तैनात किया जाएगा।

फाउंडेशन के अनुसार, आईसीबीएम के विकास की कुल लागत पहले अनुमान से 81 प्रतिशत अधिक हो चुकी है और इसकी राशि 140 अरब डॉलर से अधिक होने की उम्मीद है। रोसकॉन्ग्रेस ने कहा कि 2030 के दशक से शुरू होकर, बैलिस्टिक मिसाइलों से लैस ओहियो पनडुब्बियों को कोलंबिया परमाणु मिसाइल वाहकों से बदल दिया जाएगा। 2025 के लिए अपने बजट अनुरोध में, अमेरिकी नौसेना ने कोलंबिया श्रेणी की पनडुब्बी के लिए 9.9 अरब डॉलर शामिल किए।

## बांग्लादेश में चिन्मय कृष्ण दास समेत इस्कॉन से जुड़े 17 लोगों के बैंक खाते फ्रीज




**ढाका,** 29 नवम्बर (एजेंसियां)। बांग्लादेश को चिन्मय कृष्ण दास ब्रह्मचारी की गिरफ्तारी और जेल में डाले जाने पर दुनिया भर के हिंदुओं से कड़ी प्रतिक्रिया का सामना करना पड़ रहा है। इसके बावजूद, मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली बांग्लादेश सरकार ने कथित तौर पर देश के बैंकों को बांग्लादेश में अंतरराष्ट्रीय कृष्णभावनामृत संघ (इस्कॉन) से जुड़े 17 लोगों के खातों को फ्रीज करने का आदेश दिया है।

ढाका में स्थानीय मीडिया ने शुक्रवार को बताया कि बांग्लादेश वित्तीय खुफिया इकाई (बीएफआईयू) ने इस्कॉन बांग्लादेश से जुड़े 17 व्यक्तियों के बैंक खातों को 30 दिनों के लिए फ्रीज करने का आदेश दिया है। इसमें जेल में बंद इसके नेता चिन्मय कृष्ण दास ब्रह्मचारी भी शामिल हैं।

रिपोर्टों से पता चला है कि देश के कई बैंकों और वित्तीय संस्थानों को खातों से एक महीने के लिए सभी लेन-देन को निलंबित करने का सरकारी निर्देश भेजा गया है।

दास को सोमवार को ढाका मेट्रोपोलिटन पुलिस की डिटेक्टिव ब्रांच (डीबी) ने हजरत शाहजलाल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर हिरासत में लिया था और एक दिन बाद जेल भेज दिया गया था। दास के अलावा बांग्लादेश सरकार द्वारा निशाना बनाए गए अन्य 16 हिंदुओं में कार्तिक चंद्र डे, अनिक पाल, सरोज रॉय, सुशांत दास, विश्व कुमार सिंघा, चंदिदास बाला, जयदेव करमाकर, लिपि रानी करमाकर, सुधामा गौर दास, लक्ष्मण कांति दास, प्रियतोष दास, रूपन दास, रूपन कुमार धर, आशीष पुरोहित, जगदीश चंद्र अधिकारी और साजल दास शामिल हैं।

बांग्लादेश के एक प्रमुख बंगाली अखबार प्रोथोम अलो की रिपोर्ट के अनुसार, बीएफआईयू के पत्र में कहा गया है कि धन शोधन निवारण अधिनियम-2012 की धारा 23(1)(सी) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के तहत इस्कॉन और उसके संबंधित पक्षों तथा उनके स्वामित्व वाली संस्थाओं के नाम पर रखे गए खातों (आयात और निर्यात कंपनियों के खातों को छोड़कर) के लेनदेन को 30 दिनों के लिए निलंबित करने का आदेश दिया गया है।

## जॉर्जिया में नई सरकार ने विश्वास मत किया प्राप्त



**त्बिलिसी,** 29 नवम्बर (एजेंसियां)। जॉर्जिया के प्रधानमंत्री इराकली कोबाखिद्ज़े के नेतृत्व वाली नवनियुक्त सरकार ने गुरुवार को संसद में विश्वास मत प्राप्त किया।

फेरबदल किए गए मंत्रिमंडल में तीन नए मंत्री होंगे, माका बोचोरिश्विली विदेश मंत्री, अनरी ओखानशविली न्याय मंत्री और डेविट सोंगुशविली पर्यावरण और कृषि मंत्री होंगे।

संसद ने सरकार के कार्यक्रम को भी मंजूरी प्रदान की जिसमें कहा गया है कि जॉर्जिया के दो मुख्य लक्ष्य हैं शांतिपूर्ण तरीके से क्षेत्रीय अखंडता की बहाली और गरीबी का पूर्ण उन्मूलन। कार्यक्रम राज्य नीति के प्रमुख पहलुओं पर जोर देता है जिसमें लोकतांत्रिक विकास, आर्थिक विकास, सामाजिक नीति, मानव पूंजी विकास, विदेश नीति और रक्षा शामिल हैं। जॉर्जिया के संविधान के अनुसार, नई सरकार संसद में विश्वास मत जीतने के बाद कार्यभार संभालेगी।

## आज का इतिहास

1700 – किंग चार्ल्स ङ्गढ्ढ के नेतृत्व में महान उत्तरी युद्ध-स्वीडिश बलों ने नारवा की लड़ाई में जार पीटर की रूसी सेना को हराया।
1731 – बीजिंग में भूकंप से लगभग एक लाख लोग मरे।
1759 – दिल्ली के सम्राट आलमगिर द्वितीय की उनके मंत्री ने हत्या की।
1782 – अमेरिकी क्रांति – पेरिस में, संयुक्त राज्य अमेरिका और ग्रेट ब्रिटेन के प्रतिनिधि प्रारंभिक अवसर की संधि पर सहमत हुए। इस समझौते को 1783 में पेरिस की संधि के रूप में सील कर दिया गया।
1803 – न्यू ऑरलियन्स में स्पेनिश प्रतिनिधि लुइसियाना प्रांत को फ्रांसीसी प्रतिनिधि को स्थानांतरित करता है। 20 दिन बाद, लुइसियाना खरीद के एक हिस्से के लिए फ्रांस ने अमेरिका को क्षेत्र बेच दिया।
1853 – क्रीमियन युद्ध – रूसी नौसेना ने सिनोप की लड़ाई में तुर्क जहाजों के एक बेड़े को डूबो दिया।
1872 – पहला आधिकारिक अंतरराष्ट्रीय फुटबाल मैच खेला गया। इंग्लैंड और स्कॉट लैंड के बीच होने वाला यह मैच वेस्ट ऑफ स्कॉटलैंड क्रिकेट में हुआ।
1872 – स्कॉटलैंड और इंग्लैंड के बीच ग्लासगो के हैमिल्टन क्रिसेंट में पहला अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल मैच हुआ।
1886 – पहली व्यावसायिक रूप से सफल एसी विद्युत बिजली संयंत्र खोला गया।
1939 – तत्कालीन सोवियत रूस ने सीमा विवाद को लेकर फिनलैंड पर आक्रमण किया।
1943 – द्वितीय विश्व युद्ध- अमेरिकी राष्टपति फ्रैंकलिन डी. रूजवेल्ट रूजवेल्ट, ब्रिटिश प्रधान मंत्री विंस्टन चर्चिल और सोवियत राष्टपति जोसेफ स्टालिन ने ऑपरेशन ओवरलॉर्ड पर सहमति व्यक्त की। ऑपरेशन ओवरलॉर्ड जून 1944 में यूरोप पर आक्रमण करने के लिए मित्र राष्टों की साजिश को दिया गया गुप्त नाम था।
1961 – तत्कालीन सोवियत संघ ने संयुक्त राष्ट की सदस्यता के लिये कुवैत के आवेदन का विरोध किया।

### सराहनीय — ऑस्ट्रेलिया ने बच्चों को प्रतिबंधित करने वाला कानून किया पारित, कहा

# सोशल मीडिया कंपनियों पर बच्चों की सुरक्षा की जिम्मेदारी

**कैनबरा, 29 नवम्बर (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज ने शुक्रवार को घोषणा की कि सोशल मीडिया कंपनियों की बच्चों की सुरक्षा करने की सामाजिक जिम्मेदारी है, क्योंकि संसद ने 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को उनके प्लेटफॉर्म का उपयोग करने से प्रतिबंधित करने वाला कानून पारित किया है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, अल्बानीज ने कैनबरा में संवाददाताओं से बात करते हुए कहा कि 16 साल से कम उम्र के किसी भी बच्चे को सोशल मीडिया तक पहुंचने से प्रतिबंधित करने वाला दुनिया का पहला कानून युवा ऑस्ट्रेलियाई बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करेगा।**

उन्होंने कहा कि हमारे बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करना प्लेटफॉर्म की सामाजिक जिम्मेदारी होगी यही उनकी प्राथमिकता में शामिल होगा।

गुरुवार देर रात सीनेट ने सरकार के कानून के पक्ष में मतदान किया। यह कानून संसद के निचले सदन, प्रतिनिधि सभा में शुक्रवार सुबह प्रक्रियात्मक सत्र में दूसरी बार पारित हुआ, जिससे 12 महीनों में कानून लागू होने का मार्ग प्रशस्त हुआ।

सरकार ने यह निर्दिष्ट नहीं किया है कि नए कानून कैसे लागू किए जाएंगे। कानून के तहत, सोशल मीडिया कंपनियां जो 16 वर्ष से कम आयु के बच्चों को अपने प्लेटफॉर्म का उपयोग करने से रोकने के लिए उचित कदम उठाने में विफल रहती हैं, उन्हें 50 मिलियन



**बच्चे को सोशल मीडिया तक पहुंचने से प्रतिबंधित करने वाला दुनिया का पहला कानून युवा ऑस्ट्रेलियाई बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करेगा : एंथनी अल्बानीज**

ऑस्ट्रेलियाई डॉलर (32.5 मिलियन) तक का जुर्माना भरना पड़ेगा। अल्बानीज ने शुक्रवार को कहा कि हम यह तर्क नहीं देते कि इसका कार्यान्वयन एकदम सही होगा, ठीक वैसे ही जैसे 18 साल से कम आयु के लोगों के लिए शराब पर प्रतिबंध का मतलब यह नहीं है कि 18 साल से कम आयु के लोगों को कभी भी शराब नहीं मिलेगी, लेकिन हम जानते हैं कि ऐसा करना सही है। प्रतिबंध के पारित होने पर प्रतिक्रिया देते हुए, मेटा फेसबुक और इंस्टाग्राम की मूल कंपनी ने कहा कि वह संसद के माध्यम से जिस गति से आगे बढ़ी, उससे चिंतित है।

कंपनी के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा कि हम उस प्रक्रिया से चिंतित हैं, जिसमें साक्ष्यों पर उचित रूप से विचार किए बिना, आयु-उपयुक्त अनुभव सुनिश्चित करने के लिए उद्योग पहले से क्या कर रहा है और युवा लोगों की आवाजों पर विचार किए बिना कानून को जल्दबाजी में पारित कर दिया गया।

### सुडोकू 6750 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 8 | 6 | 7 | 1 | 3 | 2 | 9 | 5 |
| 7 | 5 | 3 | 2 | 6 | 9 | 4 | 1 | 8 |
| 2 | 1 | 9 | 5 | 4 | 8 | 3 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 8 | 1 | 9 | 7 | 5 | 2 | 4 |
| 1 | 2 | 5 | 8 | 3 | 4 | 6 | 7 | 9 |
| 9 | 4 | 7 | 6 | 2 | 5 | 1 | 8 | 3 |
| 5 | 6 | 4 | 9 | 7 | 1 | 8 | 3 | 2 |
| 8 | 7 | 2 | 3 | 5 | 6 | 9 | 4 | 1 |
| 3 | 9 | 1 | 4 | 8 | 2 | 7 | 5 | 6 |

## दुनिया को जानें

### 2035 तक अगली पीढ़ी की पेइतो प्रणाली निर्माण की योजना बना रहा चीन

**बीजिंग,** 29 नवम्बर (एजेंसियां)। हाल ही में पेइतो उपग्रह नेविगेशन प्रणाली परियोजना की 30वीं वर्षगांठ मनाने के लिए एक संगोष्ठी आयोजित की गई। इस कार्यक्रम के दौरान घोषणा की गई कि चीन अधिक उन्नत तकनीक, उन्नत क्षमताओं और बेहतर सेवाओं की विशेषता वाली अगली पीढ़ी की पेइतो प्रणाली विकसित करने का इरादा रखता है। 2035 तक प्रणाली को पूरा करने के लिए 2029 के आसपास नेटवर्किंग उपग्रहों को लॉन्च करने की योजना है।

संगोष्ठी ने 2035 तक पेइतो उपग्रह नेविगेशन प्रणाली विकास योजना जारी की, जिसने मौजूदा पेइतो-3 प्रणाली के स्थिर संचालन को सुनिश्चित करते हुए अगली पीढ़ी की पेइतो प्रणाली के निर्माण के लिए चीन की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। पेइतो प्रणाली एक वैश्विक उपग्रह नेविगेशन प्रणाली है, जिसे चीन द्वारा स्वतंत्र रूप से निर्मित और संचालित किया जाता है। इसने अंतर्राष्ट्रीय सार्वजनिक सेवा बुनियादी ढांचे के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। पेइतो-3 वैश्विक उपग्रह नेविगेशन प्रणाली निर्माण के लिए एक नया मानक स्थापित करता है।

# खेल जगत

## मैकस्वीनी अच्छा प्रदर्शन करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं : रेयान



**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज रेयान हैरिस ने भारत के खिलाफ 6 दिसंबर से एडिलेड ओवल में होने वाले दूसरे टेस्ट में अच्छी तरह से तैयार नाथन मैकस्वीनी का समर्थन किया है। हालांकि, पर्थ टेस्ट में यह बल्लेबाज डेब्यू के दौरान संघर्ष करते नजर आया। अपने डेब्यू टेस्ट में मैकस्वीनी को जसप्रीत बुमराह ने दो बार एलबीडब्ल्यू आउट किया, जबकि ऑस्ट्रेलिया को पर्थ स्टेडियम में भारत के हाथों 295 रनों से हार का सामना करना पड़ा और अब वह पांच मैचों की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज में 1-0 से पीछे है। हैरिस ने एसईएन रेडियो से कहा कि फिलहाल, मुझे लगता है कि वह इसके लिए सबसे अच्छा व्यक्ति है, लेकिन सभी की तरह उसे भी रन बनाने की जरूरत है। नंबर-3 पर बल्लेबाजी करना और ओपनिंग करना थोड़ा अलग है, लेकिन ऐसा नहीं है। नाथन ऐसा करने के लिए पूरी तरह से तैयार है।

# शमशेर व व्हीटन एचआईएल में होंगे एसजी पाइपर्स पुरुष हॉकी टीम के सह कप्तान

**नई दिल्ली,** 29 नवम्बर (देशबन्धु)। पिछले लगातार दो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता भारतीय टीम के सदस्य शमशेर सिंह और ऑस्ट्रेलिया के तीन बार के ओलंपियन जैकब व्हीटन को दिल्ली एसजी पाइपर्स ने सात बरस बाद फिर से शुरू हो रही हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) 2024-25 में अपनी पुरुष टीम के दो सह कप्तान नियुक्त किए हैं। वहीं भारत की उपकप्तान नवनीत कौर को पहली बार हो रही चार टीमों महिला हॉकी इंडिया लीग के लिए नवनीत कौर को दिल्ली एस जी पाइपर्स ने अपनी महिला हॉकी टीम की कप्तान नियुक्त किया है जा बकि बेल्जियम की डिफेंडर एमा पुवरेज उप कप्तान होंगी।

### ■ शमशेर के दो गोल से सीआरपीएफ ने नामधारी को हराया

**शमशेर के साथ सह कप्तान बन गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं : व्हीटन**

दिल्ली एस जी पाइपर्स का सह कप्तान नियुक्त किए जाने पर 2020 के टोक्यो ओलंपिक की रजत पदक 2014 की विश्व कप विजेता, तथा दो बार बार चैंपियंस ट्रॉफी और दो बाद बार एफआईएच प्रो लीग खिताब जीतने वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम के सदस्य रहे जैकब व्हीटन ने कहा, 'मैं शमशेर सिंह के साथ आगामी एचआईएल के लिए दिल्ली एस जी पाइपर्स की पुरुष टीम का सह कप्तान नियुक्त किया बेहद गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं।एचआईएल दुनिया के सर्वश्रेष्ठ हॉकी खिलाड़ियों के खिलाफ प्रतिस्पर्धात्मक माहौल में खेलने का शानदार मौका है। मैं अपनी इस नई फ्रेंचाइजी के साथियों और सह कप्तान के साथ मिलकर खेलने का बेताबी से इंतजार कर रहा हूं।'







### व्हीटन और शमशेर हमारी टीम की कप्तानी के लिए सही खिलाड़ी : श्रीजेश

दिल्ली एसजी पाइपर्स के हॉकी निदेशक भारत के पूर्व गोलरक्षक पीआर श्रीजेश ने एचआईएल में अपनी टीम के सह कप्तानों की नियुक्ति की बाबत कहा, 'टीम में दोहरी कप्तानी का कारण घरेलू और विदेशी खिलाड़ियों को एक सी तवज्जो देना है और इस तरह की बराबरी टीम को एक मजबूत कड़ी के रूप में पिरोती है। व्हीटन ऑस्ट्रेलिया के वरिष्ठतम हॉकी खिलाड़ियों में से एक हैं और पर्याप्त अनुभवी और अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों में कप्तान के रूप में वह हमारी सही पसंद है। शमशेर भारत के दो ओलंपिक पदक जीतने वाले गिने चुने खिलाड़ियों में एक हैं। मुझे पूरा विश्वास है कि शमशेर ऑस्ट्रेलिया के व्हीटन के साथ कप्तानी की जिम्मेदारी बांट कर नेतृत्व क्षमता बेहतर करेंगे। व्हीटन और शमशेर दोनों हमारी टीम की कप्तानी के लिए सही खिलाड़ी हैं।

### नवनीत कौर पूरी शिद्दत से बेहतरीन प्रदर्शन करती हैं : डेव

'दिल्ली एसजी पाइपर्स की महिला हॉकी टीम के हेड कोच डेव समोलनर्ज ने कहा, 'नवनीत कौर भारतीय महिला हॉकी टीम की एक अहम खिलाड़ी हैं। मैंने बीते कई महीने में यह अनुभव किया है कि वह अपनी साथी खिलाड़ियों से अपनी बात पहुंचाने में सफल रही हैं। साथ ही वह साथी खिलाड़ियों के साथ बहुत सहज हैं और विजेता हैं और मैदान हमेशा पूरी शिद्दत से अपना बेहतरीन प्रदर्शन करती हैं। भारतीय हॉकी को विकसित करने के लिए आपको भारतीय कप्तान चाहिए।

### शमशेर गजब के हॉकी कौशल और अनुभव के कारण सह कप्तान की नैसर्गिक पसंद : रीड

दिल्ली एस जी पाइपर्स पुरुष हॉकी टीम के चीफ कोच ग्राहम रीड ने कहा, ' शमशेर अपने गजब के हॉकी कौशल और विश्व हॉकी के लंबे अनुभव के कारण पुरुष टीम के सह कप्तान की नैसर्गिक पसंद थे। मैं खुशकिस्मत था कि जब मैं भारतीय पुरुष हॉकी टीम का चीफ कोच था तो तब 2019 में शमशेर को भारतीय राष्ट्रीय शिविर के लिए शामिल किया था और अपने धैर्य और आत्मविश्वास के कारण हमारी टीम के सह कप्तान की नैसर्गिक पसंद थे। शमशेर अपनी नेतृत्व क्षमता उन्हें असाधारण खिलाड़ी बनाती है। दो ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता शमशेर का अनुभवी उन्हें टीम के साथियों से जोड़ने के साथ उनके प्रदर्शन को बेहतर करेगा। बेशक शमशेर का उत्साह और संकल्प इस एचआईएल में हमारी टीम को बेहतरीन प्रदर्शन को प्रेरित करेगा। मुझे व्हीटन में एक आदर्श कप्तान के सभी गुण दिखाई देते हैं। व्हीटन काओलंपिक रजत पदक विजेता ऑस्ट्रेलियाई टीम का सदस्य होने का उनका अनुभव उन्हें खुद बेहतरीन प्रदर्शन करनेके साथ अपने साथियों को बेहतर प्रदर्शन को प्रेरित करेगा। व्हीटन का टीम में सकारात्मक माहौल बनाए रखना हमें बेशक चुनौतियों से उबार कर आगे ले जाने में सहायक बनेगा।

# भारतीय जू.टीम ने जापान जू. टीम को 3-2 से हराया

**नई दिल्ली,** 29 नवम्बर (देशबन्धु)। सीनियर टीम के खेल चुके ऑलराउंडर अरिजित सिंह हुंडल द्वारा दागे निर्णायक और मैच के आखिरी गोल की बदौलत भारत ने जापान को मस्कट (ओमान) में जूनियर पुरुष हॉकी एशिया कप पूल ए में कड़े संघर्ष के बाद 3-2 से हरा कर बृहस्पतिवार रात 3-2 से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। भारत ने अपने अभियान का आगाज थाईलैंड पर 11 -0 बड़ी जीत के साथ किया किया। भारत ने थोकचम किंगसन सिंह (12) और रोहित (36) के गोल से दो बार बढ़त ली लेकिन नियो सातो द्वारा दो गोल कर जापान को दो बार बराबरी दिला दी।

### ■ भारत ने अपने अभियान का आगाज थाईलैंड पर 11-0 बड़ी जीत के साथ किया

अरिजित हुंडल ने तीसरे क्वॉर्टर के नौवें मिनट में बढ़िया मैदानी गोल कार भारत को 3-2 से आगे कर दिया और उनका यह गोल निर्णायक और विजयदाई साबित हुआ। भारत और जापान की जूनियर टीमों के बीच शुरू से जोरदार संघर्ष देखने को मिला। जापान की जूनियर टीम ने तीसरे ही मिनट में पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया लेकिन गोलरक्षक बिक्रमजीत सिंह ने मुस्तैदी दिखा रोक भारतीय जूनियर टीम पर खतरा टाल दिया। जापान की जूनियर टीम ने दोनो से छोर से हमले बोलने की कोशिश की लेकिन भारत की जूनियर टीम ने हॉकी की कलाकारी के साथ लंबे एरियल बॉल से उसके ही गोल के सामने गेंद ले उसकी गोल करने की रणनीति विफल कर दी । दोनों टीमों का गेंद पर कब्जा लगभग बराबर रहा। दिलराज सिंह ने पहला क्वॉर्टर खत्म होने से तीन पहले पेनल्टी कॉर्नर दिलाया और



इस पर जापानी गोलरक्षक के पैड को लग कर झिटकी गेंद को किंगसन सिंह ने संभाल गोल कर भारत की जूनियर टीम का खाता खोला। नियो सातो ने पहला क्वॉर्टर खत्म से ठीक पहले पेनल्टी कॉर्नर पर बढ़िया ड्रैग फ्लिक कर जापान की जूनियर टीम को एक एक की बराबरी दिलादी। दूसरे क्वॉर्टर के शुरुआती मिनट में भारत की जूनियर टीम केमनमीत सिंह ने दो बार जापान के गोल के तेज हमले बोले लेकिन जापानकी जूनियर टीम के गाशलरक्षक किशु ने अच्छा पूर्वानुमान लगाकर उनके ये हमले नाकाम कर दिया। जापान की जूनियर टीम को दो पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन भारत के गोलरक्षक बिक्रमजीत ने अच्छे बचाव किए,।

# सिद्धार्थ कौल ने भारतीय क्रिकेट से लिया संन्यास

**नई दिल्ली,** 29 नवम्बर (एजेंसियां)। भारत के लिए वर्ष 2018-19 में खेलने वाले तेज गेंदबाज सिद्धार्थ कौल ने भारतीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। कौल विदेश में खेलने का खुलासा करते हुए से कहा कि मुझे लगता है कि मेरे अंदर अभी भी 3-4 साल का क्रिकेट बचा है। मैं अपने करियर की ऊंचाई पर छोड़ना चाहता था, जब मेरी फिटनेस और प्रदर्शन शीर्ष पर थे, ऐसे नहीं कि जब फिटनेस के कारण या प्रदर्शन नहीं करने की वजह से मुझे जाना पड़े। उन्होंने कहा कि अगर आप मेरा 9-10 सालों का ग्राफ देखेंगे तो, मैंने सभी प्रारूपों में अच्छा किया है। तो मुझे लगता था कि यह छोड़ने का सही समय था। उम्मीद है मैं आगे बढूंगा जो भी मौक़ा मिले चाहे काउंटी क्रिकेट (इन गर्मियों में वह नॉर्थैम्प्टनशायर के लिए तीन डिवीजन 2 चैंपियनशिप मैच खेले, जहां उन्होंने 29.84 की औसत से 13 विकेट लिए), हो या लीजेंड लीग हो, एमएलसी हो या और कुछ भी। अगर मुझे अवसर मिलता है तो मैं यहां खेलना चाहता हूं। कौल ने भारत के लिए जून 2018 से फरवरी 2019 के बीच तीन टी-20 और तीन एकदिवसीय मैच खेले। उन्होंने वर्ष 2023-24 सत्र में पंजाब को पहली सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी जिताने में मदद की थी।

# भारतीय हॉकी का ओलंपिक में स्वर्ण जीतने का दौर फिर लौटे : अभिषेक

**सत्येन्द्र पाल सिंह**

**नई दिल्ली,** 29 नवम्बर (देशबन्धु)। 25 बरस के अभिषेक नैन का दिल्ली से एकदम सटे सोनीपत जैसे छोटे शहर से आकर अपनी रफ्तार और खासतौर पर डी के भीतर अचूक निशानेबाजी से भारतीय हॉकी टीम के स्टार स्ट्राइकर के रूप में पहचान बनाने का सफर खासा रोचक और उतार-चढ़ाव वाला रहा है। उनकी गिनती अब भारत ही नहीं दुनिया के ऐसे चतुर व कुशल हॉकी स्ट्राइकर के रूप में होती है जो खुद गोल के मौके बनाने के साथ नए जमाने जरूरी प्रमुख पेनल्टी कॉर्नर बनाना भी खूब जानते हैं। देश की आजादी के दिन यानी 15 अगस्त को 1999 में जन्मे नैन ने खुद को करीब एक दशक से भी ज्यादा भारत के प्रमुख स्ट्राइकर रहे आकाशदीप सिंह का सही विकल्प साबित कर अपने साथी सुखजीत सिंह के साथ पहले ग्राहम रीड और अब क्रेग फुल्टन सरीखे देश के चीफ हॉकी कोच का विश्वास जीता है। विशेष पुलिस फोर्स में रहे सत्यनारायण नैन और सूरत देवी के बेटे और हिंदी अध्यायक और जुनूनी हॉकी कोच शमशेर सिंह दहिया के शार्गिद अभिषेक बतौर स्ट्राइकर भारत को 2022 के एशियाई खेलों और 2024 की एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में स्वर्ण और 2024 में पेरिस ओलंपिक में कांसा जिता कर देश और दुनिया के हॉकी प्रेमियों का दिल चुके हैं। सात बरस बाद फिर से शुरू हो रही हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) 2024-25 की नीलामी में सूरमा हॉकी क्लब पंजाब के भारत के कप्तान ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह (78 लाख रुपए) के बाद अभिषेक नैन (72 लाख रुपए) श्राची बंगाल टाइगर्स द्वारा खरीदे दूसरे सबसे महंगे खिलाड़ी रहे। प्रस्तुत है अभिषेक के साथ अब तक हॉकी सफर और भारत के लिए भविष्य के उनके लक्ष्यों पर उनसे की खास बात। अभिषेक नैन अपने शुरुआती दिनों से भारतीय हॉकी टीम के स्टार स्ट्राइकर तक के सफर की चर्चा करते हुए अतीत में खो जाते हैं। वह बताते हैं, 'अपने स्कूल छोटू राम जमींदार (सीआरजेड), सोनीपत में अपने साथी 'लकी' को हॉकी खेलता देख हॉकी खेलना शुरू किया और वह अपने नाम के मुताबिक मेरे लिए बहुत 'लकी' साबित हुए।

### ■ मेरी ताकत रफ्तार व डी के भीतर सही फैसला ले निशाने लगा गोल करना
### ■ मैं ऑस्ट्रेलिया के टॉम क्रेग की तरह बनना चाहता हूं, मनदीप का मुरीद हूं



## हॉकी इंडिया ने किया आधिकारिक मोबाइल ऐप लॉन्च

**नई दिल्ली,** 29 नवम्बर (एजेंसियां)। खेल की अधिक लोगों तक पहुंच और प्रशंसकों के अनुभव को समृद्ध करने की दिशा में एक सार्थक कदम उठाते हुए हॉकी इंडिया ने हॉकी इंडिया लीग से पहले आधिकारिक रूप से मोबाइल ऐप लॉन्च किया है। करीब सात वर्ष के अंतराल के बाद हो रही हॉकी इंडिया लीग की वापसी को लेकर खिलाड़ी और प्रशंसक उत्साहित है। इस ऐप के लिए अब दुनिया भर के हॉकी खिलाड़ी और प्रशंसक जुड़े रह सकते है। यह ऐप नवीनतम फोटो और प्रेस रिलीज से लेकर आँकड़ों की विस्तृत जानकारी का अनुभव प्रदान करता है हॉकी इंडिया लीग गवर्निंग कमेटी के अध्यक्ष डॉ दिलीप तिर्की ने ऐप को लेकर कहा कि आधिकारिक हॉकी इंडिया और हॉकी इंडिया लीग ऐप खेल को अपने प्रशंसकों के करीब लाने की दिशा में एक कदम है।

# हालैंड, एमबाप्पे, बेलिंगहैम फीफा पुरुष पुरस्कार के लिए नामांकितों में शामिल

**ज्यूरिख,** 29 नवम्बर (एजेंसियां)। मैनचेस्टर सिटी के एर्लिंग हालैंड, रियल मैड्रिड के किलियन एमबाप्पे और जूड बेलिंगहैम सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी श्रेणी में नामांकितों में शामिल हैं, क्योंकि फीफा ने सर्वश्रेष्ठ फीफा फुटबॉल पुरस्कार 2024 के लिए नामांकितों की शॉर्टलिस्ट की घोषणा की है, जो क्लब और राष्ट्रीय-टीम दोनों स्तरों पर महिला और पुरुष फुटबॉल के एक और रोमांचक वर्ष में अग्रणी खिलाड़ियों को पहचान देगा। हालैंड, एमबाप्पे और बेलिंगहैम के अलावा, अन्य नामांकित व्यक्ति हैं: दानी कार्वाजल, रियल मैड्रिड, फेडेरिको वाल्वरडे, रियल मैड्रिड, फ्लोरियन विर्ट्ज़, बेयर लीवरकुसेन, पेरिस सेंट-जर्मेन/रियल मैड्रिड, लैमिन यामल (स्पेन), बार्सिलोना, लियोनेल मेसी (अर्जेंटीना), इंटर मियामी, रोड्री (स्पेन), मैनचेस्टर सिटी, टोनी क्रूस (जर्मनी), रियल मैड्रिड और विनीसियस जूनियर (ब्राजील), रियल मैड्रिड पुरस्कार की कई श्रेणियां हैं-सर्वश्रेष्ठ फीफा पुरुष खिलाड़ी, सर्वश्रेष्ठ फीफा महिला खिलाड़ी, सर्वश्रेष्ठ फीफा पुरुष कोच, सर्वश्रेष्ठ फीफा महिला कोच, सर्वश्रेष्ठ फीफा पुरुष गोलकीपर और सर्वश्रेष्ठ फीफा महिला गोलकीपर। विजेता का फैसला प्रशंसकों, सभी महिला/पुरुष राष्ट्रीय टीमों के मौजूदा कप्तानों और कोचों और मीडिया प्रतिनिधियों के बीच समान रूप से पारित होकर किया जाएगा।





# फाइटनाइट के लिए लखनऊ पहुंचे फाइटर्स

**लखनऊ।** नवाबों के शहर में होने वाले मिक्स्ड मार्शल आर्ट (एमएमए) के रोमांचक मुकाबले 'केसीसी फाइटनाइट' की तैयारियां पूरी हो चुकी है। इस फाइट में अपनी चुनौती पेश करने को तैयार देश के शीर्ष एमएमए फाइटर में शुमार राना रूद्र प्रताप सिंह सहित अन्य विश्व स्तरीय फाइटर लखनऊ पहुंच गए जो एक दिसंबर को चौक स्टेडियम के बहुउद्देश्यीय हाल में होने वाले मुकाबले में जोर आजमाइश करेंगे। कॉम्बैट क्रीड चैंपियनशिप (केसीसी) के तत्वावधान में होने वाली चैंपियनशिप में शनिवार शाम सभी 16 फाइटर्स का वजन किया जाएगा और फाइटर एक-दूसरे से रूबरू होंगे।इस फाइट में अंकों के अलावा नाकआउट और सबमिशन के आधार पर विजेता का फैसला हो सकता है। केसीसी फाइटनाइट में मार्शल आर्ट की विभिन्न शैलियों जैसे कराटे, किकबॉक्सिंग, जि-जित्सु, ताइक्वांडो आदि के फाइटर्स के रोमांचक फाइटिंग स्टाइल और तकनीक से फाइट से दर्शक रुबरु होंगे।

# फेलिक्स, पाओलिनी, नवारो एडिलेड में खचाखच भरे मैदान में उतरेंगे

**एडिलेड,** 29 नवम्बर (एजेंसियां)। फेलिक्स ऑगर-अलियासिमे, जैस्मीन पाओलिनी उन सितारों में शामिल हैं जो एटीपी 250 इवेंट एडिलेड इंटरनेशनल में हिस्सा लेने के लिए तैयार हैं, क्योंकि टूर्नामेंट निदेशक एलिसिया मोलिक 6 से 11 जनवरी 2025 तक द ड्राइव में प्रतिस्पर्धा करने के लिए पुष्टि किए गए खिलाड़ियों की क्षमता को लेकर उत्साहित हैं। फेलिक्स (पूर्व विश्व नंबर 6) और डब्ल्यूटीए की शीर्ष 10 रैंकिंग वाली दो खिलाड़ी जैस्मीन पाओलिनी, एम्मा नवारो, साथ ही विश्व नंबर 13 डायना श्नाइडर अगले साल की शुरुआत में एडिलेड में प्रतिस्पर्धा करेंगी। ये खिलाड़ी अपने गृहनगर के पसंदीदा और 2022 के चैंपियन थानासी कोकिनाकिस, दुनिया के 12वें नंबर के टॉमी पॉल, दुनिया के 22वें नंबर के सेबेस्टियन कोर्डा और शीर्ष-10 सितारों जेसिका पेगुला और बारबोरा क्रेजिकोवा के साथ शामिल होंगे -क्रेजिकोवा मौजूदा विंबलडन चैंपियन हैं। मोलिक ने कहा कि अब तक हमने जिन प्रतिभाओं की पुष्टि की है, वे असाधारण हैं और हमें विश्वास है कि प्रशंसकों को कुछ शानदार मैच देखने को मिलेंगे। इनमें से प्रत्येक खिलाड़ी कोर्ट में कुछ अनूठा लेकर आता है, और हम उन्हें द ड्राइव में प्रतिस्पर्धा करते देखने के लिए इंतजार नहीं कर सकते।




# शुभमन गिल बल्लेबाजी करते हुए काफी सहज दिखे : अभिषेक नायर

**कैनबरा,** 29 नवम्बर (एजेंसियां)। बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के आगाज से पहले शुभमन गिल का चोटिल होना भारतीय टीम के लिए बड़ा झटका था। लेकिन सीरीज के दूसरे टेस्ट से पहले इस युवा बल्लेबाजी की वापसी के संकेत से भारतीय खेमे में खुशी का माहौल है। टीम के सहायक कोच अभिषेक नायर ने कहा कि शुभमन गिल शनिवार से मनुका ओवल में प्राइममिनिस्टर्स इलेवन के खिलाफ शुरू हो रहे दो दिवसीय अभ्यास मैच से पहले बल्लेबाजी करते हुए काफी सहज दिखे। यह मैच गुलाबी गेंद से खेला जाएगा। गिल वाका ग्राउंड पर मैच से पहले अभ्यास सत्र में बाएं अंगूठे में लगी चोट के कारण पर्थ में खेले गए पहले मैच से बाहर हो गए थे। भारत ने यह मैच 295 रन से जीता था। नायर ने भारत के अभ्यास सत्र के दौरान संवाददाताओं से कहा कि वह अभी बल्लेबाजी कर रहे हैं और काफी सहज नजर आ रहे हैं। हमारे फिजियो उनकी चोट का पूरी तरह से मूल्यांकन करेंगे और उसके बाद मुझे उनकी स्थिति का पता चलेगा। लेकिन मैंने जो देखा है, उससे लगता है कि वह बल्लेबाजी करते हुए सहज हैं। ऐसा लग रहा है कि वह मैच में बल्लेबाजी कर सकते हैं। गिल और रोहित शर्मा की वापसी से चयन के लिए भारत को किन परेशानियों का सामना करना पड़ेगा, इस सवाल पर नायर ने कहा कि यह थोड़ी परेशानी का सबब जरूर है लेकिन यह हमारी परेशानी नहीं है क्योंकि मुख्य खिलाड़ियों की वापसी से टीम और अधिक मजबूत होगी। ऐसी स्थिति में होना हमेशा अच्छा होता है, जहां आपके दो शीर्ष खिलाड़ी वापस आएं। इससे बहुत आत्मविश्वास बढ़ता है। उनका (रोहित और गिल का) वापस आना अच्छा है। टीम जोश से भरी हुई है। उन्होंने यह भी कहा कि रविचंद्रन अश्विन और रवींद्र जडेजा यह समझते हैं कि पर्थ में उन्हें प्लेइंग-11 में क्यों नहीं चुना गया। सहायक कोच ने कहा कि जब आपके पास जडेजा और अश्विन जैसे सीनियर होते हैं, जो समझते हैं कि टीम क्या करने की कोशिश कर रही है, तो टीम-फर्स्ट की नीति के कारण यह बहुत आसान हो जाता है। इस टीम की संस्कृति यह है कि हर कोई चाहता है कि 'टीम इंडिया' जीते। गुलाबी गेंद से टेस्ट क्रिकेट खेलने के बारे में नायर ने बताया कि भारतीय टीम इसके लिए कैसे तैयारी कर रही है। भारत ने आखिरी बार मार्च 2022 में गुलाबी गेंद से खेला था। उन्होंने कहा कि बारिश हो रही थी, लेकिन अच्छी बात यह है कि हर कोई खेलने के लिए उत्सुक था। बारिश में भी सभी ने बल्लेबाजी की। चाहे वह गुलाबी गेंद हो या लाल गेंद, सारा अंतर वास्तव में दिमाग में होता है क्योंकि हमें हर हाल में अपना सिर्फ बेस्ट देना होगा।



# दक्षिण अफ्रीका ने श्रीलंका को 42 रन पर समेटा

**डरबन,** 29 नवम्बर (देशबन्धु)। श्रीलंका ने गुरुवार को किंग्समीड में चल रहे सीरीज के पहले मैच में दक्षिण अफ्रीका के हाथों मात्र 42 रन पर आउट होने के बाद टेस्ट क्रिकेट में अपना सबसे कम स्कोर दर्ज किया है। श्रीलंका की टीम 42 रन पर ऑल आउट हो गई, जो कि मात्र 13.5 ओवर में हुआ और इस तरह से वह आसानी से अपने पिछले सबसे कम टेस्ट स्कोर 71 से पिछड़ गई, जो कि 1994 में कैंडी में पाकिस्तान के खिलाफ आया था। यह कुल मिलाकर नौवां सबसे कम टेस्ट स्कोर भी है। तेज गेंदबाज ऑलराउंडर मार्को जेनसन ने 6.5 ओवर में 7-13 का करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए सबसे ज्यादा विकेट झटके। साथी तेज गेंदबाज गेराल्ड कोएट्जी (2-18) और कैगिसो रबाडा (1-10) ने उनका अच्छा साथ दिया। श्रीलंका के केवल दो खिलाड़ी दोहरे अंक तक पहुंच पाए, जिसमें कामिंडू मेंडिस का 13 रन का सर्वश्रेष्ठ स्कोर रहा और चार खिलाड़ी शून्य पर आउट हो गए। श्रीलंका द्वारा 42 रन पर ऑल आउट होना दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ किसी भी टीम द्वारा बनाया गया सबसे कम स्कोर भी है, इससे पहले 2013 में केपटाउन में न्यूजीलैंड को प्रोटियाज ने 45 रन पर आउट कर दिया था।



## सार संक्षेप

### टिम डेविड आरसीबी में वापसी को लेकर उत्साहित

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर टिम डेविड ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) में फिर से शामिल होने को लेकर अपना उत्साह साझा किया और टीम के साथ रोमांचक यादें बनाने की उम्मीद जताई। सिंगापुर में जन्मे और ऑस्ट्रेलिया में पले-बढ़े डेविड को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने जेद्दा में आईपीएल 225 की नीलामी में 3 करोड़ रुपये में साइन किया। दिलचस्प बात यह है कि उन्होंने अपने आईपीएल करियर की शुरुआत 221 में आरसीबी के साथ की थी, उसके अगले साल मुंबई इंडियंस में शामिल हुए। डेविड ने आईएएनएस से कहा कि मैं इस साल आरसीबी के लिए खेलने को लेकर वाकई उत्साहित हूं। मैंने कुछ दोस्तों से संपर्क किया है, कुछ कोचिंग स्टाफ के साथ पहले काम किया है और जाहिर तौर पर यह वहां का शानदार मैदान है, खासकर पावर हिटर्स के लिए, इसलिए मुझे उम्मीद है कि वहां भी कुछ रोमांचक यादें बनेंगी। 28 वर्षीय इस बड़े हिटर ने अपना करियर 2 ओवर के प्रारूप को समर्पित कर दिया है।

### इगा ने एक महीने का निलंबन किया स्वीकार

**नई दिल्ली।** पांच बार की ग्रैंडस्लैम चैंपियन पोलैंड की स्टार टेनिस खिलाड़ी इगा स्वियातेक ने प्रतिबंधित दवा ट्राइमेटाजिडीन (टीएमजेड) के लिए पॉजिटिव पाये जाने के बाद एक महीने का निलंबन स्वीकार कर लिया है। अंतरराष्ट्रीय टेनिस इंटिग्रिटी एजेंसी (आईटीआईए) ने गुरुवार को महिला टेनिस रैंकिंग में दूसरे नंबर की खिलाड़ी इगा स्वियातेक के निलंबन की घोषणा की। इगा स्वियातेक को डोपिंग जांच में प्रतिबंधित दवा ट्राइमेटाजिडीन (टीएमजेड) के सेवन का दोषी पाया गया। इगा स्वियातेक ने औपचारिक रूप से एंटी-डोपिंग नियम के उल्लंघन को स्वीकार कर लिया है। अगस्त में हुई जांच में स्वियातेक का नमूना पॉजिटिव पाया गया और इगा ने आईटीआईए को दिये स्पष्टीकरण में बताया कि यह अनजाने में हुआ। वह यह बिना पर्चे वाली दवा 'मेलाटोनिन' जेट लैग और नींद की समस्याओं के लिए ले रही थी।

### पाकिस्तान ने जिम्बाब्वे को 99 रनों हराया और सीरीज भी जीती

**बुलावायो।** कामरान गुलाम (13) की शतकीय और अब्दुल्लाह शफीक (5) की अर्धशतकीय पारियों के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत पाकिस्तान ने गुरुवार को तीसरे एकदिवसीय मुकाबले में जिम्बाब्वे को 99 रनों से शिकस्त दी। इसी के साथ पाकिस्तान ने तीन मैचों की सीरीज 2-1 से जीत ली है। 34 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी जिम्बाब्वे की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 1 के स्कोर पर अपने दो विकेट गवां दिये। जॉयलॉर्ड गंबी (पांच) और डिओन मेयर्स (चार) रन बनाकर आउट हुए।

# [ अर्थ जगत ]

**पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित**

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| भारती एयरटेल | 4.30 प्रतिशत |
| सन फार्मा | 2.68 प्रतिशत |
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 2.38 प्रतिशत |
| अडानी पोर्ट्स | 1.94 प्रतिशत |
| रिलायंस | 1.66 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| पावर ग्रिड | 1.23 प्रतिशत |
| अडानी पावर | 1.01 प्रतिशत |
| अपोलो हॉस्पीटल | 0.12 प्रतिशत |
| नेस्ले इंडिया | 0.07 प्रतिशत |
| एसबीआई | 0.05 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 75,916 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 87,197 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 84.49 | 84.51 |
| पौंड स्टर्लिंग | 106.21 | 106.45 |
| यूरो | 88.45 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2600-2700 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3740-3840 |
| चीनी एम | 4000-4100 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 7400-7500 |
| दाल चना | 8250-8350 |
| मसूर काली | 7350-7450 |
| उड़द दाल | 10400-10500 |
| मूंग दाल | 9400-9500 |
| अरहर दाल | 10400-10500 |

## विकसित भारत के लिए खनन क्षेत्र तैयार : रेड्डी

■ अपतटीय क्षेत्रों में 13 खनिज ब्लॉकों की नीलामी का पहला चरण शुरू



यह नीलामी और एक्सप्लोरेशन भारत की ब्लू इकॉनमी को अनलॉक करेगा : जी. किशन रेड्डी, केंद्रीय मंत्री

**नई दिल्ली,** 29 नवम्बर (एजेंसियां)। केंद्रीय खान मंत्रालय ने देश के अपतटीय क्षेत्रों में 13 खनिज ब्लॉकों की नीलामी का पहला चरण शुरू कर दिया है। सरकार का यह कदम समुद्र के नीचे खनिज संसाधनों की खोज और विकास में भारत के प्रवेश की एक ऐतिहासिक पहल के रूप में खास है। इस नीलामी का शुभारंभ खान मंत्री जी. किशन रेड्डी और मंत्रालय के अधिकारियों ने किया।

भारत के अपतटीय क्षेत्र में टेरिटोरियल वॉटर, कॉन्टिनेंटल शेल्फ, एक्सक्लूसिव इकोनॉमिक जोन और दूसरे समुद्री क्षेत्र शामिल हैं। पहले चरण के तहत कुल 13 ब्लॉकों की नीलामी की जाएगी, जिसमें रेत के निर्माण और चूना मिट्टी के लिए तीन-तीन ब्लॉक शामिल हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, 13 में से सात ब्लॉक पॉलिमेटेलिक नोड्यूल होंगे।

केंद्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी ने नीलामी की शुरुआत की सराहना करते हुए इस कदम को अपतटीय एक्सप्लोरेशन में एक नए युग की शुरुआत बताया। उन्होंने कहा कि यह भारत के एक्सक्लूसिव इकोनॉमिक जोन इंफ्रास्ट्रक्चर, इलेक्ट्रिक व्हीकल, रिन्यूएबल एनर्जी जैसे सेक्टर के लिए संसाधनों को जुटाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा, जो भारत के आत्मनिर्भर बनने की राह में एक अहम कदम होगा। उन्होंने पर्यावरण पर नकारात्मक प्रभाव को कम करते हुए सरकार के सस्टेनेबल खनन से जुड़े उद्देश्यों पर जोर दिया। केंद्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी ने अपतटीय खनिजों के शुभारंभ के बाद अपने संबोधन में कहा कि यह नीलामी और एक्सप्लोरेशन भारत की ब्लू इकॉनमी को अनलॉक करेगा और खनन क्षेत्र को विकसित भारत की यात्रा का हिस्सा बनने में मदद करेगा। कई देश अपतटीय खनन कर रहे हैं और अब भारत भी इसका हिस्सा होगा। व्यापार को आसान बनाने के लिए, खान मंत्रालय कई उपाय और संशोधन शुरू कर रहा है। इससे पहले खान मंत्रालय के सचिव वीएल. कांथा राव ने अपने संबोधन में आयात पर निर्भरता कम करने के महत्व को उजागर किया। उन्होंने बताया कि अपतटीय नीलामी भारत के खनिज स्रोतों में विविधता लाने का काम करेगी।

### देश के वर्कफोर्स में तेजी से बढ़ रही महिलाओं की भागीदारी : करंदलाजे



**नई दिल्ली।** बीते कुछ वर्षों में भारत में वर्कफोर्स को लेकर महिलाओं की भागीदारी तेजी से बढ़ी है। यह जानकारी केंद्रीय श्रम एवं रोजगार राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे ने हाल ही में दी। उन्होंने बताया कि देश के वर्कफोर्स में महिलाओं की भागीदारी में पिछले छह वर्षों में तेजी आई है। महिला रोजगार पर राज्यसभा सांसद सागरिका घोष के एक प्रश्न का उत्तर देते हुए, करंदलाजे ने उच्च सदन को बताया कि 15 वर्ष और उससे अधिक आयु की महिलाओं के लिए श्रमिक जनसंख्या अनुपात (डब्ल्यूपीआर) और श्रम शक्ति भागीदारी दर (एलएफपीआर) में लगातार वृद्धि देखी गई है।

2017-18 में श्रमिक जनसंख्या अनुपात 22 प्रतिशत और श्रम शक्ति भागीदारी दर 23.3 प्रतिशत थी, जो कि 2023-24 में बढ़कर क्रमशः 40.3 प्रतिशत और 41.7 प्रतिशत तक पहुंच गई है। केंद्रीय मंत्री ने अपने लिखित जवाब में कहा कि रोजगार के अवसरों को बढ़ाने के साथ रोजगार की क्षमता में सुधार करना सरकार की प्राथमिकता है। सरकार ने देश के कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने को लेकर कई पहल शुरू की हैं। उन्होंने आगे कहा कि सरकार ने महिला श्रमिकों के लिए समान अवसर और अनुकूल कार्य वातावरण के लिए श्रम कानूनों में अनेक प्रावधान शामिल किए हैं। इनमें मातृत्व अवकाश, लचीले कार्य घंटे, समान वेतन आदि को शामिल किया गया है।

## 21 नवम्बर तक देश में 136 वंदे भारत ट्रेन का रहा परिचालन : वैष्णव



■ महाराष्ट्र में कुल 22 वंदे भारत सेवाएं मौजूद

**नई दिल्ली,** 29 नवम्बर (एजेंसियां)। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने लोकसभा में बताया कि 21 नवम्बर तक देश में 136 वंदे भारत ट्रेन बेहतर सुरक्षा सुविधाओं के साथ परिचालन में थीं। एक लिखित जवाब में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सभी वंदे भारत ट्रेन ऑटोमैटिक ट्रेन प्रोटेक्शन सिस्टम कवच, तेज गति, पूरी तरह से सील गैंगवे, ऑटोमैटिक प्लग दरवाजे, मिनी पैंट्री, बोटल कूलर, डीप फ्रिजर और गर्म पानी बॉयलर जैसी सुविधाओं के साथ यात्रियों के लिए मौजूद थी।

केंद्रीय मंत्री वंदे भारत एक्सप्रेस शुरू करने के पीछे के औचित्य, सेवाओं-सुविधाएं और यात्री प्रतिक्रिया को लेकर विभिन्न राजनीतिक दलों के नौ सांसदों के सवालों के जवाब में जानकारी दे रहे थे। दिल्ली-काठगोदाम सेक्टर को लेकर केंद्रीय मंत्री ने बताया कि दिल्ली-काठगोदाम सेक्टर में तीन जोड़ी मेल/एक्सप्रेस सेवाएं मौजूद हैं। इनमें 2039/40 काठगोदाम-नई दिल्ली शताब्दी एक्सप्रेस भी शामिल है। इसके अलावा, नई रेल सेवाओं, जिसमें वंदे भारत सर्विस भी शामिल है, की शुरुआत भारतीय रेलवे की निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है।

केंद्रीय मंत्री ने आगे जानकारी दी कि वर्तमान में प्रारंभ और समाप्ति आधार पर महाराष्ट्र में कुल 22 वंदे भारत सेवाएं मौजूद हैं।

रेल मंत्री ने कहा कि भारतीय रेलवे में, आरक्षित सीटों की मांग का पैटर्न पूरे साल एक जैसा नहीं रहता है। यह पैटर्न कम भीड़ और व्यस्त दिनों के दौरान बदलता है। इसके अलावा, कम रुकने वाली और कम समय के साथ सुविधाजनक समय पर चलने वाली ट्रेनों को अच्छी प्रतिक्रिया मिलती है।

रेल मंत्री ने आगे कहा कि चालू वित्त वर्ष के दौरान वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों की कुल क्षमता 100 प्रतिशत से अधिक है। उन्होंने बताया कि रेल मदद पोर्टल के जरिए यात्री ट्रेन सर्विस को लेकर अपनी प्रतिक्रिया साझा करते हैं।

## एनसीबी ने जीसीसीए की भारतीय शाखा से किए दो करार

**नई दिल्ली,** 29 नवम्बर (एजेंसियां)। भवन निर्माण सामग्री बनाने वाली इकाइयों के फोरम नेशनल काउंसिल फार सीमेंट एंड बिल्डिंग मैटीरियल्स (एनसीबी) ने सीमेंट उद्योग में कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन घटाने के नए तरीकों की खोज करने के लिए ग्लोबल सीमेंट एंड कंक्रीट एसोसिएशन (जीसीसीए), की भारतीय शाखा के साथ दो करार किए हैं।

एनसीबी वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के प्रशासनिक नियंत्रण के अधीन एक संस्था है।

वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय की एक विज्ञापन के अनुसार इन समझौतों पर राजधानी में यशोभूमि में आयोजित 18वें एनसीबी अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन और सीमेंट एवं कंक्रीट प्रदर्शनी के दौरान हस्ताक्षर किए गए। यह आयोजन आज संपन्न हो रहा है जिसमें भाग लेने वाले सर्वश्रेष्ठ सीमेंट संयंत्रों को राष्ट्रीय सीमेंट उद्योग पुरस्कार और सम्मेलन के दौरान प्रस्तुत विशेष योग्यता वाले शोधपत्रों में सर्वश्रेष्ठ शोध-पत्रों को पुरस्कार प्रदान किया जाएंगे।

## स्टार्टअप ने जनवरी-अक्टूबर के दौरान 9.2 बिलियन डॉलर की वीसी फंडिंग जुटाई




■ वैश्विक स्तर पर घोषित कुल वीसी सौदों में भारत की हिस्सेदारी 7.1 प्रतिशत रही

**नई दिल्ली,** 29 नवम्बर (एजेंसियां)। भारत में इस साल जनवरी-अक्टूबर तक की अवधि में लगभग 984 वेंचर कैपिटल (वीसी) फंडिंग सौदों की घोषणा की गई। शुक्रवार को आई रिपोर्ट के अनुसार, इस अवधि के दौरान इन सौदों का कुल घोषित फंडिंग मूल्य सालाना आधार पर 44.4 प्रतिशत बढ़कर 9.2 बिलियन डॉलर हो गया। डेटा और एनालिटिक्स कंपनी ग्लोबलडेटा की रिपोर्ट में डील वॉल्यूम में सालाना आधार पर 5.8 प्रतिशत का सुधार दिखाया गया है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि 2023 में इसी अवधि के दौरान भारत में कुल 930 वीसी सौदों की घोषणा की गई और इन सौदों का कुल घोषित फंडिंग मूल्य 6.4 बिलियन डॉलर आंका गया था।

ग्लोबलडाटा के प्रमुख विश्लेषक ऑरोज्योति बोस ने कहा कि निवेशकों का विश्वास फिर से बढ़ रहा है क्योंकि भारत ने इस वर्ष के दौरान दूसरे देशों की तुलना में वीसी फंडिंग एक्टिविटी में महत्वपूर्ण सुधार प्रदर्शित किया है। वास्तव में, यह उन कुछ प्रमुख बाजारों में से एक था, जिन्होंने जनवरी-अक्टूबर 2024 के दौरान सौदे की मात्रा और मूल्य दोनों में सुधार देखा। बोस ने कहा कि इसके अलावा, डील वॉल्यूम (किसी निश्चित समय में खरीदे और बेचे गए शेयर) और मूल्य के मामले में भारत वीसी फंडिंग एक्टिविटी मामले में वैश्विक स्तर पर शीर्ष पांच बाजारों में बना हुआ है।

रिपोर्ट से पता चला है कि इस अवधि के दौरान वैश्विक स्तर पर घोषित कुल वीसी सौदों में भारत की हिस्सेदारी 7.1 प्रतिशत थी। दूसरी ओर, कुल घोषित फंडिंग मूल्य के मामले में देश की हिस्सेदारी 4.2 प्रतिशत रही।

### सार संक्षेप

#### कारदेखो ग्रुप को हुआ 34 करोड़ रुपए का नुकसान

**नई दिल्ली।** ऑटो-टेक और फिनटेक सॉल्यूशन उपलब्ध कराने वाले कारदेखो ग्रुप को कंसोलिडेटेड आधार पर वित्त वर्ष 24 में 34 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। वित्त वर्ष 23 में यह आंकड़ा 562 करोड़ रुपए था। वहीं, स्टैंडअलोन आधार पर कंपनी को वित्त वर्ष 23 में 143 करोड़ रुपए नुकसान के मुकाबले वित्त वर्ष 24 में 37 करोड़ रुपए का मुनाफा हुआ है। वित्त वर्ष 24 में कंपनी की आय सालाना आधार पर 54 प्रतिशत बढ़कर 2,74 करोड़ रुपए रही है। वित्त वर्ष 23 में कंपनी की आय 1,347 करोड़ रुपए थी। कंपनी के मुताबिक, आय में बढ़त की वजह इंश्योरेंस इकाई इंश्योरेंसदेखो और फिनटेक प्लेटफॉर्म रुपी का शानदार प्रदर्शन है। इंश्योरेंसदेखो ने वित्त वर्ष 24 में 3,3 करोड़ रुपये का प्रीमियम हासिल किया है।

#### जेप्टो ने पार्क के साथ की साझेदारी

**नई दिल्ली।** देश के सबसे तेजी से बढ़ रहे कंज्यूमर इंटरनेट ब्रांड जेप्टो ने पार्क+ के साथ साझेदारी की है। कंपनी ने शुक्रवार को बयान जारी कर बताया कि पार्क+ के पास कार केयर के सभी उत्पाद उपलब्ध हैं। इस भागीदारी के तहत भारत में आठ से ज्यादा जगहों पर पार्क+ के 15 कार केयर प्रोडक्ट्स की पेशकश की जाएगी। यह पहल उन कार मालिकों को शानदार अनुभव देने के लिए तैयार है, जिन्हें क्लीनिंग किट्स, कम्फर्ट एसेसरीज और मेंटेनेन्स टूल्स जैसे उच्च-गुणवत्ता के उत्पाद चाहिए। भारत की सड़कों पर पांच करोड़ से ज्यादा निजी कारें दौड़ रही हैं और कार केयर के प्रीमियम प्रोडक्ट्स की मांग बहुत बढ़ गई है। क्विक ई-कॉम के आने से भारतीय कार मालिक ऐसे उत्पादों की अधिक सुलभता एवं आपूर्ति की उम्मीद भी कर सकते हैं। ज़ेप्टो और पार्क+ ऐसे कार केयर प्रोडक्ट्स की पेशकश के लिए मिलकर काम कर रहे हैं, जो सुलभ तथा किफायती हों।


#### नैसकॉम ने भारत में लांच की प्लेबुक

**नई दिल्ली।** नैसकॉम ने शुक्रवार को भारत में एक जिम्मेदार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के लिए डेवलपर्स प्लेबुक को पेश किया। यह प्लेबुक डेवलपर्स को देश में एआई डेवलपमेंट, स्थापना और इस्तेमाल को लेकर जोखिमों की पहचान कर उन्हें कम करने में मददगार होगी। नई दिल्ली में कॉन्फ्लुएंस फॉर रिस्पॉन्सिबल इंटेलिजेंस के उद्घाटन संस्करण में लॉन्च की गई यह प्लेबुक तेजी से विकसित हो रहे एआई रिस्क मैनेजमेंट लैंडस्कैप को नेविगेट करने में डेवलपर्स के सामने आने वाली चुनौतियों के बीच आई है। प्लेबुक भारत सरकार और नैसकॉम के एक साथ सहयोग से एआई से जुड़े जोखिमों की पहचान करने और उन्हें कम करने को लेकर एक इंडस्ट्री फ्रेमवर्क की स्थापना को लेकर अहम है। आईटी इंडस्ट्री बॉडी ने कहा कि उद्योग, सरकार, शिक्षा और नागरिक समाज के भारतीय और अंतरराष्ट्रीय विषय विशेषज्ञों और हितधारकों के एक समूह ने प्लेबुक की कठोर समीक्षा और सत्यापन किया है।

## लिवाली की बदौलत बाजार ने लगाई छलांग

■ सेंसेक्स 759.05 अंक उछलकर 79,802.79 पर रहा

■ निफ्टी 216.95 अंक के तेजी के साथ 24,131.10 पर रहा




**मुंबई,** 29 नवम्बर (एजेंसियां)। विश्व बाजार के मिलजुल रुख के बीच स्थानीय स्तर पर नीचे भाव पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत आज शेयर बाजार ने करीब एक प्रतिशत की छलांग लगाई।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 759.05 अंक उछलकर 79,802.79 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 216.95 अंक के तेजी के साथ 24,131.10 अंक हो गया। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.31 प्रतिशत मजबूत होकर 46,070.85 अंक और स्मॉलकैप 0.76 चढ़कर 55,199.86 अंक पर बंद हुआ।

इस दौरान बीएसई में कुल 4050 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2347 में लिवाली जबकि 1606 में बिकवाली हुई वहीं 97 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 43 कंपनियों में तेजी जबकि अन्य सात में गिरावट रही।

बीएसई के सभी 21 समूहों का रुझान सकारात्मक रहा। इससे कमोडिटीज 1.04, ऊर्जा 1.09, हेल्थकेयर 2.05, दूरसंचार 1.53, यूटिलिटीज 1.46, तेल एवं गैस 1.01 और टेक समूह के शेयर 1.02 प्रतिशत चढ़ गए।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मिलजुला रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.07 और जापान का निक्केई 0.37 प्रतिशत गिर गया जबकि जर्मनी का डेक्स 0.03, हांगकांग का हैंगसैंग 0.29 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.93 प्रतिशत चढ़ गया।

शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 11 अंक फिसलकर 79,032.99 अंक पर खुला और बिकवाली के दबाव में थोड़ी देर बाद ही 79,026.18 अंक के निचले स्तर तक फिसल गया। वहीं, इसके बाद शुरू हुई लिवाली के बल पर कारोबार के अंतिम चरण में यह 79,923.90 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 79,043.74 अंक के मुकाबले 0.96 प्रतिशत की तेजी के साथ 79,802.79 अंक हो गया।

वहीं, निफ्टी 13 अंक बढ़कर 23,927.15 अंक पर खुला और यही इसका दिवस का निचला स्तर भी रहा। वहीं, सत्र के दौरान यह 24,188.45 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंचा। अंत में पिछले सत्र के 23,914.15 अंक की तुलना में 0.91 प्रतिशत की मजबूती के साथ 24,131.10 अंक पर बंद हुआ। इस दौरान सेंसेक्स की मुनाफा कमाने वाली प्रमुख कंपनियों में भारती एयरटेल 4.30, सन फार्मा 2.68, महिंद्रा एंड महिंद्रा 2.38, अडानी पोर्ट्स 1.94, रिलायंस 1.66, एलटी 1.59, टाइटन 1.15, आईसीआईसीआई बैंक 1.10, मारुति 0.97, एशियन पेंट 0.90, टीसीएस 0.60, एक्सिस बैंक 0.37 और इंफोसिस 0.05 प्रतिशत शामिल रही।

## क्रिसिल ने अडानी ग्रुप की कंपनियों की मजबूत क्रेडिट रेटिंग्स रखी बरकरार



**नई दिल्ली,** 29 नवम्बर (एजेंसियां)। क्रिसिल रेटिंग्स की ओर से अडानी ग्रुप की कंपनियों की मजबूत रेटिंग्स को बरकरार रखा गया है। यह जानकारी शुक्रवार को जारी हुई एक रिपोर्ट में दी गई।

क्रिसिल की रिपोर्ट में कहा गया अडानी ग्रुप के पास मध्यम अवधि में अपने कर्ज को चुकाने और पूंजीगत व्यय की योजना को पूरा करने के लिए पर्याप्त लिक्वीडिटी है। अमेरिका में अडानी ग्रुप के अधिकारियों के खिलाफ आरोप पत्र और उसकी गलत कवरेज के बाद भी एजेंसी द्वारा ग्रुप की सभी कंपनियों को लेकर सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाया हुआ है। क्रिसिल की रिपोर्ट में कहा गया कि यह रेटिंग्स कारोबार की मजबूती और वित्तीय जोखिम प्रोफाइल पर आधारित हैं। क्रिसिल ने कहा कि उसने अडानी ग्रुप की 28 कंपनियों को रेटिंग दी हुई है।

वित्त वर्ष 2024 में अडानी ग्रुप का एबिटा 82,917 करोड़ रुपए रहा था। ग्रुप का नेट डेट-टू-एबिटा रेश्यो 2.19 है। सितम्बर 2024 तक आठ सूचीबद्ध परिचालन संस्थाओं में समूह का नकद शेष 53,000 करोड़ रुपए से अधिक था। एनर्जी से लेकर पोर्ट तक फैले ग्रुप के इन्फ्रास्ट्रक्चर पोर्टफोलियो पर जोर देते हुए रिपोर्ट में कहा गया कि ग्रुप की मजबूत बाजार स्थिति और पूंजीगत व्यय समायोजित करने की क्षमता उसकी वित्तीय स्थिति को मजबूत बनाती है।

अमेरिकी में चल रही कानूनी कार्यवाही पर रिपोर्ट में कहा गया कि एजेंसी इस स्थिति पर नजदीक से निगाहें रखे हुए है। नियामक, न्यायिक और सरकार की ओर से आने वाला कोई भी एक्शन ग्रुप की वित्तीय स्थिति और संचालन को प्रभावित कर सकता है।

## खाद्य तेल सहित अन्य जिंसों में टिकाव, चावल महंगा



**नई दिल्ली,** 29 नवम्बर (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत अन्य जिंसों के टिकाव रहा जबकि आवक कमजोर पड़ने से चावल 200 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हो गया।

**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में दिसंबर का पाम ऑयल वायदा 210 रिंगिट उबलकर 5270 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। वहीं, दिसंबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 40.90 सेंट प्रति पौंड पर स्थिर रहा। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस औरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। **अनाज :** अनाज मंडी में मिलजुला रुख रहा। इस दौरान चावल 200 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हो गया जबकि गेहूं के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे।

सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे : **दाल-दलहन :** चना 7250-7350, दाल चना 8250-8350, मसूर काली 7350-7450, मूंग दाल 9400-9500, उड़द दाल 10400-10500, अरहर दाल 10300-10400 रुपए प्रति क्विंटल रहे।

**अनाज :** (रुपए प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2700-2800 रुपए और चावल : 3150-3250 रुपए प्रति क्विंटल रहा।

## डेयरी से हो रहा आत्मनिर्भर ग्रामीण अर्थव्यवस्था का निर्माण



■ 180 गांवों के 30 हजार से ज्यादा किसान परिवार हो रहे लाभान्वित

**नई दिल्ली,** 29 नवम्बर (एजेंसियां)। जस्ता, सीसा, चांदी और कैडमियम का एकीकृत खनन और संसाधन उत्पादक कंपनी हिंदुस्तान जिंक की समाधान पहल के तहत घाटावाला माताजी किसान उत्पादक कंपनी राजस्थान में ग्रामीण डेयरी क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव ला रही है।

कंपनी ने शुक्रवार को बयान जारी कर बताया कि उदयपुर के बिछड़ी गांव में वर्ष 2022 में स्थापित, महिलाओं के नेतृत्व वाला यह उद्यम बाजार तक पहुंच, उचित मूल्य और स्थायी आय सुनिश्चित कर डेयरी किसानों के लिए जीवन रेखा बना है। गौयम ब्रांड के तहत, जीएमएफपीओ उच्च गुणवत्ता का ताजा दूध और प्रीमियम डेयरी उत्पाद उपलब्ध करा रहा है, जो ग्रामीण समुदायों के जीवन में सफलता और सकारात्मक बदलाव का उदाहरण है। देबारी क्षेत्र के आस पास के गांवों के लगभग एक हजार शेयरधारकों द्वारा संचालित, जीएमएफपीओ सामूहिक उद्यम की शक्ति इसका सशक्त प्रमाण है। यह पहल हिंदुस्तान जिंक के समाधान कार्यक्रम के तहत संचालित हो रही है। घाटावाला माताजी एफपीओ से जुडी नारायणी डांगी और प्रेम व्यास जैसी सफलता की कहानियां इसके वास्तविक जीवन पर पड़ने वाले प्रभाव को दर्शाती हैं।

बिछड़ी की रहने वाली नारायणी ने जीएमएफपीओ को 40 रुपए प्रति लीटर दूध बेचकर आर्थिक परेशानियों को दूर किया, जो पहले उनके द्वारा अर्जित किए जाने वाले 25-30 रुपए प्रति लीटर से काफी अधिक है। प्रेम व्यास और उनके पति देवेंद्र ने अपने डेयरी उत्पादन को 10 लीटर प्रतिदिन से बढ़ाकर 85 लीटर कर दिया, जिससे उन्हें 40 हजार से लेकर 45 हजार रुपए की मासिक शुद्ध आय प्राप्त हुई।

ये उदाहरण बताते है कि किस प्रकार जीएमएफपीओ ने ग्रामीण परिवारों के लिए विपरीत परिस्थितियों को अवसर में बदल दिया है। अपनी स्थापना के बाद से घाटावाला माताजी किसान उत्पादक कंपनी ने महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल कर अब तक 4.17 लाख लीटर से अधिक दूध का प्रसंस्करण किया है, जिससे 2.5 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ है। इस कार्यक्रम से 180 गांवों के 30,000 से ज्यादा किसान परिवार लाभान्वित हो रहे है। शिक्षा, खेल, कौशल विकास, और ग्रामीण बुनियादी सुविधाओं के निर्माण से कंपनी ने राजस्थान और उत्तराखंड के 3,700 गांवों में 20 लाख से अधिक लोगों के जीवन को सकारात्मक रूप से प्रभावित किया है। भारत में सीएसआर के तहत सर्वाधिक खर्च करने वाली 10 शीर्ष कंपनियों में से एक हिंदुस्तान जिंक आत्मनिर्भर पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के लिए प्रतिबद्ध है जो समग्र ग्रामीण विकास को आगे बढ़ा रहा है। वार्षिक राजस्व में वित्त वर्ष 2022-23 में 56.43 लाख रुपए, वित्त वर्ष 2023-24 में एक करोड़ रुपए और वित्त वर्ष 2024-25 की पहली छमाही में 87.65 लाख रुपए शामिल हैं।

# अब घर बैंठे जमा करें नगर निगम के टैक्स निगम ने शुरू की ऑनलाइन सर्विस

### स्मार्ट सिटी की मदद से निगम ने तैयार किया खुद का पोर्टल

### भुगतान प्रक्रिया पूरी तरह से है सुरक्षित,नागरिकों के लिए बड़ी सुविधा

### आनलाइन सर्विस से पारदर्शिता आएगी

### अभी जोन क्षेत्र क्रं. 1 और 2 इसमें शामिल नहीं,जल्द ही दोनों जोन होंगे शामिल

**बिलासपुर**,29 नवंबर (देशबन्धु)। नगर निगम के सभी प्रकार के टैक्स चाहें प्रापर्टी टैक्स हों या पानी का,कमर्शियल टैक्स सभी प्रकार के टैक्स शहर के नागरिक अब घर बैंठे आनलाइन जमा कर सकेंगे। निगम कमिश्नर अमित कुमार के निर्देश पर नगर निगम ने शहरवासियों को एक बड़ी सुविधा प्रदान करते हुए ऑनलाइन सर्विस की शुरूआत की है। इससे नागरिक अब किसी भी स्थान से निकाय के अपने सभी प्रकार के टैक्स ऑनलाइन जमा कर सकेंगे। इससे पहले निगम ने करदाताओं की वास्तविक संख्या और अन्य जानकारी के लिए सत्यापन का कार्य किया है। नगर निगम के सभी प्रकार के टैक्स चाहें प्रापर्टी टैक्स हों या पानी का,कमर्शियल किसी भी प्रकार के टैक्स शहर के नागरिक अब घर बैंठे आनलाइन जमा कर सकते हैं । निगम कमिश्नर अमित कुमार के निर्देश पर नगर निगम ने अपनी आनलाइन सर्विस शुरू किया है। नगर निगम ने स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत कमांड एंड कंट्रोल सेंटर की मदद से खुद का टैक्स पेमेंट पोर्टल तैयार किया है। जिसके जरिए अब शहर के नागरिक अपने टैक्स का भुगतान कर सकते हैं। अभी तक नगर निगम से संबंधित टैक्स के भुगतान के लिए नगर निगम कार्यालय आना पड़ता था या आरआई से संपर्क करना पड़ता था । आनलाइन सर्विस शुरू होने से कार्यालय के चक्कर लगाने और आरआई से संपर्क करने की बाध्यता नहीं रहेगी। इस व्यवस्था के शुरू होने से पारदर्शिता भी आएगी किसी भी प्रकार की कोई गड़बड़ी की आशंका नहीं रहेगी,नागरिको को सुविधा मिलेगी।




### निगमबिलासपुर.कॉम/पीटीएस पोर्टल पर क्लिक करें

नगर निगम के टैक्स के आनलाइन भुगतान के लिए नागरिक निगम द्वारा तैयार किए गए पोर्टल निगमबिलासपुर.कॉम/पीटीएस पर क्लिक करके अपने बकाया टैक्स का भुगतान कर सकते हैं। इसके लिए करदाता को पोर्टल में अपनी प्रापर्टी आईडी या नाम अथवा वार्ड नंबर की एंट्री करना होगा,जिसके बाद उसकी प्रापर्टी और टैक्स की पूरी डिटेल आ जाएगी,जिसे आनलाइन जमा करने के बाद उन्हें पावती मिलेगी,जिसे वें प्रिंट करा सकेंगे या डाउनलोड करके अपने पास सुरक्षित रख सकेंगे। पोर्टल के ज़रिए पेमेंट प्रक्रिया पूरी तरह से सुरक्षित है।

### जोन 1,2 समेत अन्य वार्ड जल्द होंगे शामिल

निगम सीमा में जुड़े नए वार्ड भी जल्द ही ऑनलाइन सर्विस में शामिल होंगे। नए वार्डों के करदाता समेत अन्य सभी जानकारी की एंट्री पोर्टल में की जा रही है जिसके बाद जल्द ही इन वार्ड के नागरिकों को भी ऑनलाइन सर्विस की सुविधा मिलेगी। अभी जोन क्रमांक 1 और 2 के सभी वार्ड तथा जोन क्रमांक 8 के वार्ड 64,67,68, जोन क्रमांक 7 के वार्ड 47,48,49,50,51,52 और 58। जोन क्रमांक 6 के वार्ड 41,42 के नागरिकों को आफलाइन ही भुगतान करना होगा। डिटेल फीडिंग का काम चल रहा है,पूर्ण होते ही इन सभी वार्डों के नागरिक समेत पूरे शहर के रहवासी ऑनलाइन टैक्स जमा कर सकेंगे।

### नए प्रापर्टी का भी आवेदन कर सकेंगे

आनलाइन सर्विस में नए निर्माण या नई प्रापर्टी के लिए भी आवेदन दिया जा सकेगा,जिससे अलग से करने की आवश्यकता नहीं होगी।

### आफलाइन भी कर सकते है जमा

शहर के नागरिक अपने टैक्स का भुगतान आफलाइन मोड पर भी पूर्व की भांति कर सकेंगे। आनलाइन सर्विस नागरिकों की सुविधा के लिए एक विकल्प के तौर पर शुरू किया गया है। नागरिक अपने क्षेत्र के जोन कार्यालय या निगम मुख्यालय विकास भवन जाकर अपने टैक्स का भुगतान कर सकते हैं या फिर आरआई से संपर्क करके भी टैक्स का भुगतान किया जा सकता है।

# ई–रिक्शा चालकों के लिए निगम ने विशेष शिविर का किया आयोजन

### ड्राइविंग लाइसेंस,आयुष्मान,श्रमिक कार्ड,पीएम स्वनिधि का दिलाया गया लाभ

### निगम कमिश्नर की पहल पर आयोजित किया गया था शिविर

### अन्य विभागों का भी मिला साथ

**बिलासपुर**,29 नवंबर (देशबन्धु)। शहर के ई रिक्शा चालकों ने निगम कमिश्नर से मिलकर लाइसेंस समेत अपनी अन्य समस्याओं के लिए गुहार लगाया था। अलग से ई रिक्शा का लाइसेंस, रिक्शा लेने के लिए लोन समेत विभिन्न समस्याएं थी। ई रिक्शा चालकों की समस्या को देखते हुए निगम कमिश्नर अमित कुमार ने विशेष पहल करते हुए इन चालकों के लिए एक विशेष शिविर का आयोजन कराया ताकि सभी चालकों की मांग और समस्या का एक साथ निराकरण किया जा सके साथ ही इन चालकों को शासन की अन्य योजना का भी लाभ दिलाया जा सके। इसके लिए मुंगेली नाका मैदान में आज विशेष शिविर का आयोजन किया गया।मुंगेली नाका मैदान में आयोजित शिविर में लगभग 150 से अधिक ई रिक्शा चालक सम्मिलित हुए,जहां चालकों के लिए ई रिक्शा का लर्निंग लाइसेंस बनाया गया,इसके अलावा मौके पर ही आयुष्मान कार्ड बनाया गया साथ ही स्वरोजगार के लिए पीएम स्वनिधि और व्यक्तिगत लोन के भी फार्म भरवाए गए ताकि जरूरतमंद लोग स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ सकें। इसके अलावा उपस्थित लोगों के स्वास्थ्य की भी जांच की गई। निगम कमिश्नर अमित कुमार शिविर पहुंचकर व्यवस्था का जायजा भी लिया और हितग्राहियों से चर्चा भी किए। आज के शिविर में नगर निगम के अलावा परिवहन विभाग,समाज कल्याण विभाग, स्वास्थ्य विभाग समेत अन्य विभागों का विशेष सहयोग रहा।



## सार-संक्षेप

### कोनी में प्लेसमेंट कैंप 4 को, 179 पदों पर होगी भर्ती

**बिलासपुर**, 29 नवम्बर (देशबन्धु)। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र कोनी में सवेरे 11 बजे से 3 बजे तक प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जा रहा है। प्लेसमेंट कैंप में 4 कंपनियों द्वारा 179 पदों पर भरती की जाएगी, जिसमें ऑफिस असिस्टेंट, रिशेप्सनिष्ट, मैनेजर, मार्केटिंग असिस्टेंट, सेल्स असिस्टेंट, जनरल असिस्टेंट, फिल्ड ऑफिसर, रिलेशनशीप ऑफिसर एवं मशीन ऑपरेटर के पदों पर आवेदन किया जा सकता है। इच्छुक एवं योग्यताधारी आवेदक अपना 10वी, 12वी एवं स्नातक के अंकसूची, दो पासपोर्ट साईज फोटो, आधार कार्ड एवं सभी शैक्षणिक योग्ता से संबंधी अंकसूची, प्रमाण पत्र की मूलप्रति एवं छायाप्रति के साथ उपस्थित होवे। अधिक जानकारी के लिए छत्तीगढ़रोजगार एप्प के माध्यम से जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संविदा पदों पर दावा-आपत्ति 6 दिसंबर तक

**बिलासपुर**, 29 नवम्बर (देशबन्धु)। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत वर्ष 2023–24 में जारी विज्ञापन के अनुसार विभिन्न रिक्त संविदा पदों की पात्र–अपात्र सूची जिले की वेबसाईट पर अपलोड कर दी गई है। सूची अनुसार दावा–आपत्ति निर्धारित प्रपत्र में आवेदन पत्र मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय बिलासपुर (छ.ग.) के नाम कर सकते हैं। दावा आपत्ति 6 दिसंबर शाम 5 बजे तक आवक जावक शाखा में जमा कर सकते हैं।

### गुरुघासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय और ब्रह्माकुमारीज़ के बीच हुआ एमओयू



**बिलासपुर**, 29 नवम्बर (देशबन्धु)। गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय एवं प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय राजयोग भवन बिलासपुर के द्वारा एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया। इस समझौते का उद्देश्य नैतिक शिक्षा, व्यसन मुक्ति, पर्यावरण संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों को बढ़ावा देना है। यह समझौता दोनों संस्थाओं के बीच शिक्षा और अनुसंधान के क्षेत्र में सकारात्मक कार्यक्रमों को नई दिशा देगा।

गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार चक्रवाल के मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. अभय एस. रणदिवे जी और ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय राजयोग भवन बिलासपुर की मुख्य प्रभारी बीके स्वाति दीदी द्वारा हस्ताक्षर किया गया। इस एमओयू का मुख्य उद्देश्य मूल्यनिष्ठ और नैतिक शिक्षा को बढ़ावा देना है। सामाजिक जागरूकता के कार्यक्रम आयोजित करना और व्यसन मुक्ति व पर्यावरण संरक्षण पर जागरूकता फैलाना है। कुलसचिव प्रो. अभय एस. रणदिवे ने कहा कि युवा अपनी चेतना को समुचित रूप से जागृत कर ले तो राष्ट्र उत्थान में कोई देरी नहीं लगेगी। चरित्र रूपी संपत्ति से धनवान युवा ही देश को नई राह पर ले जाने में सक्षम है। भारत देश देव व महापुरुषों की भूमि रहा है। जिसने विश्व के आगे त्याग, चरित्र, अनुशासन की मिसाल कायम की है। ऐसे युवाओं को जागरुक होकर समाज उत्थान के लिए आगे आने की आवश्यकता है। ब्रह्माकुमारीज द्वारा की जा रही सेवाओं की सराहना करते हुए आशा व्यक्त की, कि ब्रह्माकुमारीज के पाठ्यक्रम और शिक्षण से विद्यार्थियों को भारत के महान दर्शन और मूल्य प्रणाली को समझने में मदद मिलेगी। सेवाकेंद्र संचालिका बीके स्वाति दीदी ने कहा कि युवाओं में असीम संभावनाएं होती है। आवश्यकता है उनके मन की शक्ति को सही दिशा देने की। जब हम अपने लक्ष्य की ओर पहला कदम बढ़ाते हैं तो हमारा मन पूरी क्षमता के साथ उसे पूरा करने में लग जाता है। वर्तमान समय युवा का मन अनेक बाहरी बातों में भटक कर अपनी शक्ति को कम कर रहा है। हमारा मुख्य उद्देश्य है युवा पीढ़ी जो देश का भविष्य है उनको सही दिशा देकर सशक्त बनाया जाए।

# विरोध प्रदर्शन के पहले एनएसयूआई नेता गिरफ्तार

## एनएसयूआई छात्रों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



### सचिव उच्च शिक्षा विभाग से मिलने वाले थे छात्र नेता, एयू में भ्रष्टाचार का है मामला

**बिलासपुर**, 29 नवंबर (देशबन्धु)। आज, सचिव उच्च शिक्षा विभाग, प्रसन्ना आर के अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय बिलासपुर में कार्यक्रम में शामिल होने की सूचना मिलते ही एनएसयूआई प्रदेश सचिव रंजेश सिंह ने विश्वविद्यालय में हो रहे भ्रष्टाचार और स्थाई कुलसचिव की नियुक्ति को लेकर विरोध प्रदर्शन करने का निर्णय लिया था।

उन्होंने कहा कि अगर सचिव से मुलाकात नहीं होती तो वे काले झंडे दिखाकर शांतिपूर्वक विरोध करते रंजेश सिंह को कार्यक्रम स्थल पर जाने से पहले ही पुलिस द्वारा उनके घर से उठाकर मोपका चौकी ले जाया गया। जहां लगभग 6 घंटे हिरासत में रखा गया।

इसके बाद, रंजेश सिंह के साथियों ने एसडीएम कार्यालय में ज्ञापन सौंपते हुए छात्र हित के मुद्दों पर चर्चा की। रंजेश सिंह ने एसडीएम बिलासपुर, पीयूष तिवारी से मुलाकात के दौरान अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय में हो रहे भ्रष्टाचार और स्थाई कुलसचिव की नियुक्ति न होने पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि राज्यपाल के निर्देश के बावजूद विश्वविद्यालय में कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है, जबकि बस्तर विश्वविद्यालय में कुलसचिव की नियुक्ति मात्र दो दिनों में कर दी गई थी।

रंजेश सिंह ने बताया कि शैलेंद्र दुबे, जो वर्तमान में कुलसचिव के प्रभारी हैं, उनकी नियुक्ति उच्च शिक्षा विभाग द्वारा नहीं की गई है, फिर भी वे वर्षों से कार्य कर रहे हैं, जो नियमों के खिलाफ है। एसडीएम पीयूष तिवारी ने ज्ञापन स्वीकार करते हुए आश्वासन दिया कि रंजेश सिंह को सचिव से मुलाकात का अवसर दिया जाएगा और मामले में उचित कार्रवाई की जाएगी। ज्ञापन सौंपने के दौरान एनएसयूआई के कई प्रमुख छात्र नेता उपस्थित थे, जिनमें पुष्पराज साहू, प्रदीप सिंह, करन यादव, विन्नी विश्वकर्मा, यशोदा वारे, गौरव ठाकुर, गोल्डन गुप्ता, मिट सोनवानी, सौरव मिश्रा, वेद सिंह, सागर, अमित कुमार, अंशु, प्रकाश, राहुल, शुभम सहित अन्य छात्र नेता शामिल थे।

# कमिश्नर ने किया निरीक्षण, तौल में पायी गड़बड़ी धान खरीदी प्रभारी को निलंबित करने दिए निर्देश

## आंगनबाड़ी में नहीं मिले एक भी बच्चे, सुपरवाईजर निलंबित

### निवार्चक नामावली पुनरीक्षण का भी किया अवलोकन

**बिलासपुर**, 29 अक्टूबर (देशबन्धु)। संभागायुक्त महादेव कावरे ने बिलासपुर सहित मुंगेली एवं जांजगीर चाम्पा जिले के ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा किया। उन्होंने मुंगेली जिले के चंदखुरी धान खरीदी केन्द्र में तौल में गड़बड़ी पाये जाने पर खरीदी प्रभारी भुवनेश्वर साहू को तत्काल हटाने के निर्देश दिए। श्री कावरे ने सहायक पंजीयक सहकारिता को पत्र प्रेषित कर गड़बड़ी के लिए जिम्मेदारं केन्द्र प्रभारी को निलंबित करने को कहा है। कमिश्नर ने निरीक्षण के दौरान अपने समक्ष में धान का तौल करवाया। तौल में 40 किलोग्राम के बोरा में वजन 41.33 किलोग्राम वजन पाया गया। वहीं जांजगीर चाम्पा जिले के ग्राम अमरताल तहसील अकलतरा की महिला एवं बाल विकास विभाग की सुपरवाईजर श्रीमती अनिता साहू को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। कमिश्नर के निरीक्षण के दौरान आंगनबाड़ी केन्द्र 2 में एक भी बच्चे केन्द्र में उपस्थित नहीं पाये गये।

संभागायुक्त कावरे ने शासकीय योजनाओं का फील्ड स्तर पर क्रियान्वयन का जायजा लेने के क्रम में जाजगीर–चाम्पा, मुंगेली एवं बिलासपुर का दौरा किया। उन्होंने इस दौरान निर्वाचक नामावलियों के संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य का जायजा भी लिया। उन्होंने जांजगीर जिले के अमरताल में आंगनबाड़ी एवं स्कूल का निरीक्षण किया। इसके बाद तिलई धान खरीदी केन्द्र पहुंचे। वहां मौजूद किसानों और कर्मचारियों से चर्चा कर धान खरीदी की प्रगति की जानकारी ली। इसके बाद मुंगेली जिले के सरगांव में शासकीय कन्या उमावि एवं आत्मानंद बालक उमावि का निरीक्षण किया। चन्दखुरी धान खरीदी केन्द्र का भी अवलोकन किया। धान खरीदी के अंतर्गत तौल में गड़बड़ी पायी गई। निर्धारित मात्रा से ज्यादा मात्रा में किसानों से तौल में लिया जा रहा था। सहायक पंजीयक सहकारिता को केन्द्र प्रभारी को हटाकर निलंबित करने के निर्देश दिए। बिलासपुर जिले के रहंगी में निर्वाचक नामावली के संक्षिप्त पुनरीक्षण की प्रगति की जानकारी ली और मध्यान्ह भोजन का निरीक्षण किया। धान खरीदी केन्द्र हिर्री भी पहुंचे। अभी तक वहां सीसीटीव्ही केमरा स्थापित नहीं हुआ है। कमिश्नर ने खरीदी केन्द्र में कैमरा लगाने, निर्धारित मात्रा में ही धान की तौल करने एवं केन्द्र में किसानों की सुविधाओं का ख्याल रखने के निर्देश दिए।



# सीयू में दो दिवसीय स्टार्टअप संगम कॉनक्लेव 2024 आयोजित

**बिलासपुर**,29 नवंबर (देशबन्धु)। गुरु घासीदास विश्वविद्यालय (केंद्रीय विश्वविद्यालय) नैक से ए++ ग्रेड प्राप्त विश्वविद्यालय में जीजीवी स्टार्ट फाउंडेशन के अंतर्गत भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग से प्राप्त आईटीबीआई परियोजना द्वारा दिनांक 28–29 नवंबर, 2024 को दो दिवसीय स्टार्ट अप संगम कॉनक्लेव 2024 का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय अकादमिक पटल पर उभारने, नवाचार और उद्यमशीलता को बढ़ावा देने का नेतृत्व करने का काम विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार चक्रवाल ने किया है। उनके कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में इस दो दिवसीय समागम का आयोजन विश्वविद्यालय में हुआ। इस कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. सूरज शर्मा और डॉ. अमित कुमार खासकलम रहे। कार्यक्रम के संयोजन प्रो. आलोक कुमार सिंह कुशवाहा थे।दो दिवसीय संगम का समापन समारोह 29 नवंबर, 2024 को सायं 4 बजे आयोजित किया गया। समापन समारोह के विशिष्ट अतिथि तन्मय खन्ना (आईएएस) सहायक कलेक्टर बिलासपुर ने कहा कि यह युवाओँ के लिए सुअवसर है। युवा स्वयं की शक्तियों को पहचाने और समाज और मानवता के कल्याण के लिए नवाचार करें। इस तरह के आयोजनों से युवाओं को अपनी विचारशक्ति को प्रस्तुत करने का अवसर प्राप्त होता।




इससे पूर्व दिनांक 28 नवंबर, 2024 को कार्यक्रम के उद्घाटन अवसर पर मंचस्थ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जल्लित कर मां सरस्वती एवं गुरु घासीदास बाबा की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किये। स्वागत उद्बोधन अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी विद्यापीठ के अधिष्ठाता प्रो. एस.सी. श्रीवास्तव ने दिया। कार्यक्रम का विषय प्रवर्तन समन्वयक डॉ. सूरज शर्मा ने किया। जीजीवी स्टार्टअप फाउंडेशन के अध्यक्ष और निदेशक प्रो. मनीष श्रीवास्तव ने अपने विचार साझा किये।उद्घाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एनटीपीसी सीपत के महाप्रबंधक और प्रमुख ए.के. त्रिपाठी ने स्टार्ट अप संगम कॉनक्लेव 2024 हेतु शुभकामनाएं प्रदान करते हुए कहा कि वर्तमान समय में स्टार्ट अप एवं उद्यमिता के विकास से ही राष्ट्र का विकास संभव है। उन्होंने छात्रों को नवाचार के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी कुलपति प्रो. अमित कुमार सक्सेना ने की। गणमान्य व्यक्तियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। धन्यवाद ज्ञापन विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. ए.एस. रणदिवे ने तथा संचालन डॉ. प्रिंसी मतलानी ने किया। दो दिवसीय संगम में 250 से ज्यादा उद्यमियों, स्टार्टअप, शिक्षाविद, शोधकर्ताओं और छात्र–छात्रों भाग लिया।

### संगम में इनकी रही उपस्थिति

आशीष खरे, सह–संस्थापक और सीएफओ, इन्फ़ानो केयर, नवदीप अरोड़ा , निवेशक और व्यवसायी, मुखर्जी एबी, पूर्व निदेशक/आरपीसी, बीएआरसी मुंबई, अग्रांशु द्विवेदी , सीईओ, निधि– आईटीबीआई, सीएसवीटीयू, राजदीप देवांगन, निदेशक, डीएफएमए टेक्नोसोल, रवि कुमार तिवारी, सीईओ, सीवीआरयू आईटीबीआई।

### विजेताओं को 50 हजार का प्रथम पुरस्कार

स्टार्ट अप संगम कॉनक्लेव 2024 में 140 टीमों ने भाग लिया। तीन राउंड की कठिन बाधाओं को पार करने के बाद विनीता पटेल (आरग) को प्रथम पुरस्कार के रूप रुपये 50 हजार, द्वितीय पुरस्कार प्राप्त करने वाली टीम प्रिंसी अमन (सेफ गार्ड रीयल टाइम प्राइवेसी पॉलिसी, एनालाइजर एंड रिस्क डिटेक्टर) को 30 हजार रुपये वहीं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीम जी दामोदर राव (काऊ आर्ची) को 20 हजार रुपये प्रदान किये गये।

### परसदा में लोक सुनवाई 7 जनवरी को

**बिलासपुर**, 29 नवंबर (देशबन्धु)। मस्तूरी ब्लॉक के ग्राम भिलाई एवं रैला में स्थापित मेसर्स अरपा कोल बेनिफिशिएशन एण्ड एनर्जी एलएलपी द्वारा प्रस्तावित ग्रीनफील्ड वेट टाइप कोल वॉशरी प्रोजेक्ट बेस्ड ऑन हैवी मीडिया साईक्लोन टैक्नोलॉजीन 2.6 एमटीपीए के पर्यावरणीय स्वीकृति के लिए 7 जनवरी 2025 को लोक सुनवाई का आयोजन किया गया है। ये लोक सुनवाई उक्त तिथि को ग्राम परसदा के क्रिकेट मैदान में सवेरे 11 बजे से शुरू होगी।

**NECC**

| 30.11.2024 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
| --- | --- | --- | --- |
| फार्म | 605 | 100 | 165 |
| चिल्हर | 7.50 | 125 | 190 |
| डिलीवरी | 620 सैकड़ा | | |

दर्जन अंडा 85 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रू.
CSPFA

प्रकाशक मुद्रक एवं सम्पादक– राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन, प्रा.लि. के लिए पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. प्रेस में मुद्रित एवं गर्ल्स कॉलेज के पास, जरहाभाटा, बिलासपुर से प्रकाशित। प्रेस पंजीयन– 52158/91 डाक पंजीयन 112–002/2002 सी जी फोन– 07752 422771, 428159 फैक्स नं. 415188